सुप्रभात

रांची, बुधवार

09.11.2022

* नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक

# खबर मन्त्र

सबकी बात सबके साथ

SURJABASHA

www.dailykhabarmantra.com मार्गशीर्ष , कृष्ण पक्ष, प्रतिपदा, संवत 2079 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 116


12 टी-20 वर्ल्डकप: पहले सेफा में आज पाक- न्यूजीलैंड की भिड़ंत






## न्यूज डायरी

### चतरा में ग्रामीणों ने जमादार को पीटा, वर्दी फाड़ी, तोड़फोड़

**चतरा।** सदर थाना के सहायक अवर निरीक्षक (जमादार) शशिकांत ठाकुर को ग्रामीणों ने मारा-पीटा और वर्दी फाड़ दी। उन्हें अर्द्धनग्न कर दिया। पुलिसकर्मियों पर भी हमला बोला। मंगलवार को सदर थाना क्षेत्र का सिंहपुर गांव रण क्षेत्र बना रहा। सड़क हादसे में तीन युवक की मौत से वे उत्तेजित थे। पुलिस मामले की जांच करने पहुंची थी। ग्रामीणों का आरोप है कि जमादार पिकअप वैन के मालिक के साथ मिलकर उन्हें भगाने की कोशिश कर रहे थे। इससे ग्रामीण उत्तेजित हो गये। जमादार को मुक्त कराने के क्रम में पुलिस ने लाठी चलायी, तो ग्रामीण और उग्र हो गये तथा पथराव प्रारंभ कर दिया। ग्रामीणों के हमले में पांच जवान जख्मी हो गये। उत्तेजित ग्रामीणों ने पुलिस के तीन वाहनों को क्षतिग्रस्त कर दिया। एसडीपीओ अविनाश कुमार ने किसी प्रकार ग्रामीणों को शांत कराया और जमादार को मुक्त।

### हर की पौड़ी पर 15 लाख से अधिक ने लगायी पवित्र डुबकी

**हरिद्वार।** कार्तिक पूर्णिमा स्नान पर्व पर श्रद्धालुओं की हरिद्वार में अत्यधिक भीड़ उमड़ी। प्रशासन के अनुसार शाम 6 बजे तक 15 लाख से ज्यादा श्रद्धालुओ ने गंगा में पवित्र स्नान किया। चंद्र ग्रहण समाप्त होने के बाद गंगा स्नान जारी है। श्रद्धालुओं की यह संख्या गत वर्ष की तुलना में ज्यादा है।

### बिजली संयत्रों में कोयले का भंडार 2.56 करोड़ टन

**नयी दिल्ली।** कोयले की कमी से बिजली संकट का सामना दोबारा न हो, इसके लिए इसकी आपूर्ति बढ़ा दी गयी है। देश में ताप बिजली संयंत्रों के पास कोयले का भंडार 31 अक्टूबर तक बढ़कर 2.56 करोड़ टन हो गया है।

### तीन नक्सलियों पर इनाम की घोषणा

**रांची।** पुलिस मुख्यालय ने तीन बड़े नक्सलियों पर इनाम की घोषणा की है। नक्सली अभिजीत यादव और गोदराय यादव पर दस-दस लाख और रविंद्र मेहता पर 5 लाख का इनाम घोषित किया गया है। अब पुलिस ने इन वांटेड नक्सलियों की तालाश तेज कर दी है।

### गहना आभूषण


| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 48,800 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 64,500 रु./प्रति किलो |

## गुरुग्रंथ साहिब के सामने मत्था टेकने का सौभाग्य मिला : सीएम

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन मंगलवार को गुरुनानक देव जी महाराज के जयंती अवसर पर आयोजित 553वें प्रकाश उत्सव में शामिल हुए। सीएम ने गुरुग्रंथ साहिब के स्थापना स्थल में मत्था टेका और राज्यवासियों की सुख, समृद्धि और खुशहाली की कामना की। सीएम ने कहा कि आज का दिन ऐतिहासिक है। इस पवित्र दिन को गुरु पूर्णिमा के रूप में भी मनाया जाता है। आज गुरुग्रंथ साहिब के सामने मत्था टेकने का सौभाग्य मिला। सीएम ने कहा संकट की हर घटी में सिख समुदाय गरीब, जरूरतमंद लोगों के बीच मजबूती के साथ खड़ा रहता है। राज्य और देश के विकास में इनका अहम योगदान है। राज्य सरकार भी सिख समुदाय के साथ सदैव खड़ी है। मैं गुरुनानक देव जयंती पर उन्हें नमन करता हूं। सीएम ने गुरुनानक स्कूल से कडरू रोड को जोड़ने वाली पीसीसी पथ का उद्घाटन भी किया।



## रांची समेत देश के कई हिस्सों में दिखा चंद्रग्रहण का अद्भुत नजारा



इस साल का अंतिम चंद्रग्रहण शाम 6 बजकर 19 मिनट पर समाप्त हो गया है। इस दौरान रांची, पटना, गुवाहाटी, और वाराणसी समेत देश के कई हिस्सों से ग्रहण की अद्भुत तस्वीरें सामने आयीं। सबसे पहले अरुणाचल प्रदेश के ईटानगर में ग्रहण लगा। भारत के कुछ जगहों में पूर्ण चंद्रग्रहण दिखा जबकि अधिकांश शहरों में आंशिक ।

## कार्तिक पूर्णिमा, चंद्रग्रहण पर पवित्र स्नान करने उमड़े लोग



रांची। मंगलवार को कार्तिक पूर्णिमा पर झारखंड की राजधानी रांची समेत सभी जिलों में नदियों, तालाबों पर पवित्र स्नान करने लोग उमड़ पड़े। साहिबगंज में गंगा स्नान करने सबसे अधिक श्रद्धालु पहुंचे। झारखंड में गंगा मात्र साहिबगंज से ही गुजरती है। कार्तिक माह हिंदू धर्मावलंबियों के लिए पवित्र महीना होता है साथ ही दिवाली से देव दीपावली तक के पर्व त्योहार पड़ते हैं। इस दिन गंगा स्नान व अन्य नदी तालाबों में स्नान की की परंपरा है। पूर्णिमा के दिन इस साल का अंतिम चंद्र ग्रहण पड़ने के कारण नदी-तालाब के घाटों पर भीड़ भी उमड़ पड़ी।

(पेज 3 भी देखें)

# आदिवासी सीएम से कुछ लोग जल रहे हैं

### लुगुबाबा की पूजा कर बोले सीएम हेमंत संताल आदिवासी बड़े बदलाव को तैयार रहें

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची/बोकारो।** ललपनिया में मंगलवार को 22वें अंतरराष्ट्रीय संताल सरना धर्म महासम्मेलन को संबोधित करते हुए सीएम ने कहा कि आदिवासी समाज आज भी सामाजिक, आर्थिक व शैक्षणिक रूप से पिछड़ा हुआ है जबकि दुनिया में सबसे ज्यादा आदिवासी संताल समाज है। सीएम ने कहा कि जब तक हमारा समाज जागरूक होकर सामाजिक, आर्थिक व शैक्षणिक रूप से सबल नहीं होगा, तब तक हमारा सही रूप से उत्थान संभव नहीं है। उन्होंने कहा, संताल आदिवासी, समाज में एक बड़े बदलाव को आगे आयें। झारखंड के लिए हमारे समाज के कितने लोग शहीद हुए, आज उन शहीदों की प्रतिमाओं पर हम माल्यापर्ण कर रहे हैं। जिस तरह ओडिशा के जगरन्नाथ पुरी में हमारा समाज भगवान महाप्रभु का रथ खींचता है, उसी तरह झारखंड में भी हमारा समाज मिलजुलकर विकास के रथ को खींचने का काम करें। इस राज्य में कुछ लोग नहीं चाहते हैं कि आदिवासी आगे बढ़ें। आज आदिवासी सीएम को देखकर कुछ लोगों को जलन होती है। आप लोग हडिया-दारू छोड़ कर योजनाओं से जुड़े और समाज का विकास करें।



**लुगुबुरू के विकास पर 300 करोड़ खर्च होंगे :** लुगुबुरु घंटाबाड़ी धोरोमगाढ़ संताल आदिवासियों की आस्था और विश्वास का सबसे बड़ा केंद्र है। यह उनके धार्मिक, सामाजिक और सांस्कृतिक पहचान से जुड़ा है। इस पवित्र धार्मिक स्थल के समग्र विकास पर 30 करोड़ रुपये खर्च किये जायेंगे। मंगलवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने उक्त बातें कही।

(शेष पेज 11 पर)






## फर्स्ट या थर्ड नहीं, केवल वन वर्ल्ड हो : पीएम मोदी

### जी 20 का लोगो-थीम-वेबसाइट किया लॉन्च

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारत एक दिसंबर से जी20 की अध्यक्षता संभालेगा। इससे पहले मंगलवार को पीएम मोदी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए जी20 के नये लोगो-थीम और वेबसाइट का अनावरण किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि जी-20 का ये लोगो केवल एक प्रतीक चिन्ह नहीं है बल्कि ये एक संदेश है। ये एक भावना है, जो हमारी रगों में है। ये एक संकल्प है, जो हमारी सोच में शामिल रहा है।



वसुदैव कुटुम्कम की तरह जी-20 में हमारा मंत्र-'वन अर्थ, वन फैमिली, वन फ्यूचर हो। मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि भारत न केवल विकसित देशों के साथ घनिष्ठ रिश्ते रखता है बल्कि विकासशील देशों के दृष्टिकोण को भी अच्छी तरह से समझता है, उसकी अभिव्यक्ति करता है।

(शेष पेज 11 पर)

## झारखंड में 100 करोड़ की अघोषित संपत्ति का पता चला

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड में पिछले तीन दिनों तक चली आयकर विभाग की छापेमारी में 100 करोड़ रुपये के निवेश की जानकारी मिली है। छापेमारी के बाद आयकर विभाग ने मंगलवार को इस बारे में बयान जारी कर जानकारी साझा की है। इनकम टैक्स की प्रिंसिपल कमिशनर सुरभि अहलुवालिया ने बताया है कि 4 नवंबर को कांग्रेस विधायक जयमंगल उर्फ अनुप सिंह और कांग्रेस विधायक प्रदीप यादव के अलावा कुछ बिजनेस ग्रुप से जुड़े लोगों के 50 से ज्यादा ठिकानों पर एक साथ रेड डाला गया था।

### छापे के बाद आय कर विभाग का बड़ा खुलासा

रांची, गोड्डा, बेरमो, दुमका, जमशेदपुर, चाईबासा, पटना, गुरूग्राम और कोलताता में रेड के दौरान कई दस्तावेज और डिजीटल साक्ष्य जब्त किये गये हैं।

**बढ़ेंगी मुश्किलें :**कांग्रेस विधायक अनूप सिंह, प्रदीप यादव समेत कई वैसे व्यवसायी ग्रुप की मुश्किलें बढ़ने वाली हैं, जिनके यहां 4 नवंबर को इनकम टैक्स डिपार्टमेंट की छापेमारी हुई थी। 4 नवंबर को हुई छापेमारी के दौरान 100 करोड़ से अधिक की संपत्ति का ब्यौरा मिला है।

(शेष पेज 11 पर)

## 8 दिसंबर तक नये वोटरों को जोड़ने का कैंपेन, 5 जनवरी को नयी मतदाता सूची का प्रकाशन

# आज से शुरू होगा मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान : के रवि कुमार

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** मतदान में अधिक से अधिक युवाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए 9 नवंबर से 8 दिसम्बर तक मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम की शुरूआत हो रही है। इसमें 1 अक्टूबर 2005 से पहले जन्म लेने वाला भारत का कोई भी नागरिक मतदाता पहचान पत्र के लिए आवेदन कर सकता है। यदि उसकी उम्र 18 वर्ष नहीं भी हुई हो, तो भी वह आवेदन कर सकता है। यह जानकारी राज्य के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रविकुमार ने मंगलवार को प्रेस वार्ता में दी। उन्होंने कहा कि आवेदन के लिए 18 वर्ष पूरा होने का इंतजार नहीं करना होगा।

**एडवांस एप्लिकेशन से मतदान में युवाओं की बढ़ेगी भागीदारी :** के रविकुमार कहा कि एडवांस एप्लिकेशन लेने का उद्देश्य मतदान में युवाओं की भागीदारी बढ़ाना है। उन्होंने कहा मतदाता पहचानपत्र के लिए आवेदन करने की अहर्ता तिथि 1 अक्टूबर 2005 रखने का उद्देश्य यही है कि 17 वर्ष की आयु वाले भी इसके लिए आवेदन कर सकते हैं, ताकि आने वाले वर्ष 2023 में 18 वर्ष पूरा होने पर वोटर आईडी उसके हाथ में रहेगा।



### तीन चरणों में पूरा होगा पुनरीक्षण कार्यक्रम

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि पुनरीक्षण अवधि के दौरान 3 सप्ताह में कार्यक्रम तय किए गए हैं। पहले चरण में 9 नवंबर से 15 नवंबर तक शहरी क्षेत्रों के सभी अपार्टमेंट्स में, दूसरे चरण में 16 नवंबर से 22 नवंबर तक सभी सरकारी एवं गैर सरकारी स्कूल में 17 साल पूरे करने वाले विद्यार्थियों से आवेदन लिये जाएंगे। तीसरे सप्ताह में 23 नवंबर से सभी कॉलेज और विश्वविद्यालयों में कैंप का आयोजन किया जाएगा एवं बीएलओ द्वारा मतदाता पहचान पत्र बनाने के लिए आवेदन लिया जाएगा। साथ ही पंजीकरण/सुधार आदि के लिए दावा आपत्ति पत्र प्राप्त किए जाएंगे।

**मतदाता ऑनलाइन कर सकता है आवेदन :** मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के दौरान सभी मतदान केंद्रों में बीएलओ के द्वारा पंजीकरण/सुधार के लिए आवेदन लिये जाएंगे। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची के पुनरीक्षण को तकनीकी सक्षम बनाना है, जिसके लिए मतदाता सेवाएं गरुड़ ऐप, वोटर हेल्पलाइन एप आदि तकनीक के द्वारा भी आसानी से मतदाता अपने आवेदन को ऑनलाइन दे सकते हैं।

### राज्य में मतदाताओं पर एक नजर :

**झारखंड में वोटरों की संख्या 2,39,89,195 :** निर्वाचन आयोग के अनुसार राज्य की जनसंख्या अभी 4 करोड़ 14 लाख 71 हजार 111 है। इसमें मतदाताओं की संख्या 2 करोड़ 39 लाख 89 हजार 195 है। राज्य में 9.11.2022 के प्रारूप प्रकाशन के मुताबिक 51 फीसदी से अधिक पुरुष वोटर (12370420) हैं। महिला वोटरों की संख्या 11618775 है। कुल वोटरों में से करीब डेढ़ फीसदी करीब 341590 दिव्यांग वोटर हैं।

**मतदाता जनसंख्या अनुपात आदर्श नहीं :** झारखंड में लिंगानुपात 939 है, जबकि राष्ट्रीय स्तर पर महिला पुरुष अनुपात 964 है। निर्वाचन आयोग के मुताबिक मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम 2023 का लक्ष्य इस अनुपात को ठीक करने के अलावा मतदाता जनसंख्या अनुपात 65.09 के मानक स्तर पर लाने का प्रयास झारखंड में हो रहा है। झारखंड में मतदाता जनसंख्या अनुपात 57.85 है। 18-19 आयु वर्ग में कुल वोटरों की संख्या 169018 है, जिनमें पुरुष वोटरों की संख्या 89213, महिला वोटरों की 79796 है। इस आयु वर्ग में थर्ड जेंडर वोटरों की संख्या 9 है।

# राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ मुख्य चुनाव पदाधिकारी ने की बैठक

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** मुख्य चुनाव पदाधिकारी के रवि कुमार ने मंगलवार को राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। इस अवसर पर भाजपा की ओर से सुधीर श्रीवास्तव बैठक में शामिल हुए। सुधीर श्रीवास्तव ने बताया कि यह बैठक खास तौर पर नए मतदाताओं के नाम सूची में जोड़ने को लेकर था। भारत निर्वाचन आयोग के अनुसार जो अभी सत्रह वर्ष के हैं, वह भी अपना नाम मतदाता सूची में जोड़ने के लिए आवेदन कर सकते हैं। राजनीतिक पार्टी के प्रतिनिधियों को मुख्य चुनाव पदाधिकारी ने कहा कि लोगों के मोबाइल पर वोटर हेल्पलाइन एप डाउनलोड करा करायें। अब एक मोबाइल से छह सदस्य अपना नाम जोड़, हटा या सुधार कर सकते हैं।

# एनटीपीसी नार्थ कर्णपुरा से राज्य को 15 नवंबर के बाद 300 मेगावाट बिजली की होगी आपूर्ति

**तीन दिन तक पहले फेज का प्लांट किया जायेगा लाइट अप**

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** नेशनल थर्मल पावर कारपोरेशन (एनटीपीसी) के नार्थ कर्णपुरा पावर प्लांट से 15 नवंबर को बाद झारखंड को 300 मेगावाट बिजली मिलने लगेगी। इसका ट्रायल 15 नवंबर के आसपास शुरू होगा। बताया जाता है कि 15 नवंबर के पहले तीन दिनों तक यानी 72 घंटे तक प्लांट से पहले फेज के प्लांट का यानी 660 मेगावाट बिजली का उत्पादन शुरू किया जायेगा। यह बिजली नार्थ कर्णपुरा-चंदवा ट्रांसमिशन लाइन को दिया जायेगा। चंदवा से बेड़ो के सुपर ग्रिड को बिजली दी जायेगी। यहीं से पूरे झारखंड को बिजली का वितरण किया जायेगा। चंदवा-गया ट्रांसमिशन लाइन से भी बिहार को बिजली दिया जायेगा। 72 घंटे के ट्रायल के बाद झारखंड को नियमित बिजली मिलने लगेगा। झारखंड सरकार के जेबीवीएनएल को भी नार्थ कर्णपुरा से बिजली मिलने का इंतजार है, क्योंकि अभी झारखंड को नेशनल पावर एक्सचेंज से बिजली नहीं मिल रही है।

पिछले एक महीने से पावर एक्सचेंज से झारखंड बिजली नहीं खरीद पा रहा है, जिससे पीक अवधि में झारखंड विद्युत वितरण नियम लिमिटेड की तरफ से लोड शेडिंग की जा रही है। जानकारी के अनुसार नार्थ कर्णपुरा पावर प्लांट से पहली यूनिट से ट्रायल किया गया था। यूनिट को चालू कर बिजली को ग्रिड तक पहुंचाने का भी काम पूरा कर लिया गया है।

# तीन नक्सलियों पर ईनाम की घोषणा, तलाशी भी तेज

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** झारखंड में नक्सलियों के खिलाफ पुलिस को लगातार सफलता हासिल हो रही है। अब झारखंड पुलिस वैसे जिलों के वांटेड नक्सली जिनका कद उनके संगठन में बढ़ा है, उनके ऊपर भी नए सिरे से ही इनामों की घोषणा कर रही है। पलामू जिले में सक्रिय तीन भाकपा माओवादियों के ऊपर पुलिस ने इनाम की घोषणा की है।

**तीन पर इनाम की घोषणा :** झारखंड पुलिस मुख्यालय की तरफ से कुख्यात नक्सली अभिजीत यादव और गोदराय यादव पर दस-दस लाख रुपये के इनाम की घोषणा की गई है। रविंद्र मेहता उर्फ छोटा व्यास पर 5 लाख के इनाम की घोषणा की गई है। अभिजीत यादव और गोदराय यादव दोनों ही संगठन में जोनल कमांडर के पद पर हैं। तीनों ही नक्सली पलामू इलाके में सक्रिय हैं और काफी समय से फरार चल रहे हैं। हाल में नक्सल प्रभावित जिलों के पुलिस अधीक्षकों से उनके जिलों में सक्रिय वैसे नक्सली कमांडर जिन पर पूर्व में इनाम घोषित था, लेकिन उनका कद अब उनके संगठन में बढ़ गया है उसकी जानकारी मांगी गई थी। पूर्व में अभिजीत यादव और गोदराय यादव पर पांच 5 लाख के इनाम घोषित थे। जानकारी के अनुसार दोनों को संगठन में अब जोनल कमांडर बना दिया गया है।

# मुख्य सचिव और डीजीपी राष्ट्रपति के झारखंड दौरे की तैयारियों का जायजा लेने पहुंचे खूंटी

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** 15 नवंबर को झारखंड स्थापना दिवस समारोह का आयोजन किया जा रहा है। स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू झारखंड आ रही हैं। राष्ट्रपति दो दिवसीय झारखंड दौरे पर रहेंगी। राष्ट्रपति खूंटी में आयोजित कार्यक्रम में भी भाग लेंगी। राष्ट्रपति के आगमन को लेकर खूंटी में तैयारियां चल रही है। इन तैयारियों का जायजा लेने के लिए मंगलवार को राज्य के मुख्य सचिव सुखदेव सिंह, डीजीपी नीरज सिन्हा, रांची जोनल आईजी, आईजी अभियान, डीआईजी समेत कई अधिकारी खूंटी पहुंचे।



**फुटबॉल मैदान में होगा कार्यक्रम**

खूंटी के बिरसा कॉलेज परिसर के फुटबॉल मैदान में राष्ट्रपति का कार्यक्रम होना है। इसे लेकर अधिकारियों ने बिरसा कॉलेज परिसर का जायजा लिया। इसके बाद मुख्य सचिव और डीजीपी समेत पूरा महकमा भगवान बिरसा मुंडा के जन्मस्थली उलिहातू के लिए रवाना हुए और स्थिति की जानकारी ली तथा मौके पर मौजूद डीसी समेत अन्य अधिकारियों को कई निर्देश दिये।

## खबर एक नजर में

### पलाश ब्रांड के उत्पाद प्रखंड स्तर पर मिलेंगे

**ग्रामीण विकास विभाग के सचिव ने दिया निर्देश**

**रांची।** झारखंड के पलाश ब्रांड के उत्पादों को अब सरकारी संस्थाओं में भी बिक्री के लिए उपलब्ध कराया जायेगा। ग्रामीण विकास सचिव प्रशांत कुमार ने ग्रामीण महिलाओं के उत्पादों की बिक्री को बढ़ावा देने के लिए पलाश मार्ट का परिचालन जिला एवं प्रखंड के प्रमुख व्यवसायिक प्रक्षेत्रों में प्राथमिकता के साथ सुनिश्चित करने का निर्देश अधिकारियों को दिया है। जेएसएलपीएस के तहत पलाश ब्रांड के उत्पादों की बिक्री सरकारी संस्थाओं में सुनिश्चित किए जाने के लिए एक उत्पाद-एक संकुल की जिला स्तरीय कार्य योजना, जिले में चिह्नित सरकारी संस्थाओं में आपूर्ति का आकलन तथा पलाश उत्पादों के संग्रहण, भंडारण, प्रसंस्करण तथा पैकेजिंग के लिए आवश्यक कार्य योजना तैयार कर विभाग को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है।

### पांच साल पुराने लंबित मामलों की समीक्षा

**मामलों की समीक्षा छह चरणों में की जायेगी**

**रांची।** एडीजी राज्य के सभी जिलों का भ्रमण कर 5 वर्षों से पुराने लंबित मामले और अभियोजन स्वीकृति के आदेश के लिए लंबित कांडों की समीक्षा करेंगे। यह जानकारी सीआईडी के आईजी ने सभी रेंज के डीआईजी को पत्र लिखकर दे गयी है। समीक्षा में डीआईजी, एसपी और संबंधित डीएसपी, क्षेत्रीय का नामित एफएसएल नोडल पदाधिकारी और जिले का गृह विभाग से समन्वय स्थापित करने के लिए नामित नोडल पदाधिकारी और चयनित टॉप 10 ( पांच वर्षों से अधिक अवधि से लंबित कांडों में से ज्यादा कांड अनुसंधान के लिए जिनके पास लंबित हो) अनुसंधानकर्ता रहेंगे।

**किस दिन किन-किन क्षेत्र में की जायेगी समीक्षा**

08 नवंबर : डीआईजी, पलामू क्षेत्र। 9 नवंबर : डीआईजी, हजारीबाग क्षेत्र। 12 नवंबर : डीआईजी, कोल्हान क्षेत्र। 16 नवंबर : डीआईजी, कोयला क्षेत्र। 17 नवंबर : डीआईजी, संथाल परगना क्षेत्र। 08 नवंबर : डीआईजी, रांची क्षेत्र में की जायेगी समीक्षा

### लोकतंत्र में धमकी की नीति नहीं चलेगी : भाजपा

**कांग्रेस व झामुमो पार्टी के नेताओं के बिगड़े बोल पर भाजपा ने दी कड़ी प्रतिक्रिया**



**रांची।** भाजपा ने पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर तथा कांग्रेस नेता बंधु तिर्की के बिगड़े बोल पर भाजपा ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। पार्टी के प्रदेश के प्रवक्ता प्रदीप सिन्हा ने कहा कि झामुमो और कांग्रेस वालों को लोकतंत्र की नीति रीति से कुछ भी लेना देना नहीं है। उन्होंने कहा कि भाजपा के भ्रष्टाचार के खिलाफ शुरू की गई आंदोलन से सत्ताधारी दल बौखला गये हैं। लोकतंत्र में विपक्षी दल का आंदोलन करना संवैधानिक अधिकार है। उन्होंने कहा कि गठबंधन सरकार को भ्रष्टाचार का भूत पकड़ लिया है। लेकिन, भाजपा कार्यकर्ताओं को भूत उतारना अच्छे से आता है। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता सत्ताधारी दलों के गीदड़ भभकी से डरने वाले है। भ्रष्टाचार के खिलाफ शुरू आंदोलन सत्ता की कुर्सी से बेदखल करने तक जारी रहेगी। भाजपा को राजनैतिक मयार्दाओं का पालन कर रहे हैं।

# केंद्र की सरकार जीएसटी, विश्व बैंक एवं विदेशी कर्ज के बल पर चला रही है देश : अतुल अंजान

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राष्ट्रीय सचिव अतुल कुमार अंजान ने कहा कि केंद्र की सरकार लगातार कॉरपोरेट घराने के इशारे पर काम कर रही है। केवल जीएसटी, विश्व बैंक एवं विदेशी कर्ज के बल पर देश को चलाया जा रहा है। देश के बड़े-बड़े उद्योगपतियों की पूंजी में कई गुना की बढ़ोतरी होती चली गई लेकिन देश के लोग कंगाली की स्थिति में है। अतुल कुमार अंजान मंगलवार को राज्य परिषद के दो दिवसीय बैठक के बाद मीडिया से बात कर रहे थे। अतुल कुमार अंजान ने कहा कि केंद्र सरकार नीति और नियति अगर यही रही तो आने वाले दिन 2024 भारतीय जनता पार्टी को सत्ता से बेदखल करने के लिए तमाम धर्मनिरपेक्ष दलों को एक मंच पर आकर के काम करना चाहिए और भाजपा को सत्ता से बाहर करना चाहिए।



पूर्व सांसद भुनेश्वर प्रसाद मेहता ने कहा कि भाकपा 1932 के खतियान के सवाल पर झारखंड मुक्ति मोर्चा को समर्थन करती है। इसके बावजूद राज्य के कई जिलों में अलग-अलग सर्वे खतियान का काम हुआ है। उन सभी लोगों को समाहित करना चाहिए जो भूमिहीन लोग हैं जिनका कहीं कोई खतियान में नाम नहीं है। राज्य सरकार को इस पर भी विचार करना चाहिए।

**जल, जंगल जमीन की रक्षा के लिए सघन अभियान चलाएगी भाकपा : महेंद्र पाठक**

पार्टी के राज्य सचिव महेंद्र पाठक ने कहा कि पार्टी विभिन्न मांगों को लेकर राज्य में सघन जनसंपर्क अभियान चलाकर जन आंदोलन चलायेगी। जिसकी शुरूआत 15 नवंबर से होगी। 10 दिसंबर से 22 दिसंबर तक राज्य के सभी प्रखंड मुख्यालयों में आक्रोश प्रदर्शन एवं 26 दिसंबर को पार्टी के स्थापना दिवस सभी शाखाओं में धूमधाम से मनाया जाएगा। 10 जनवरी से लेकर 22 जनवरी तक सभी जिला मुख्यालयों में आक्रोश प्रदर्शन किया जाएगा।

बैठक में पीके पांडे, महादेव राम, कन्हाई माल पहाड़िया, पशुपति कॉल, अजय कुमार सिंह, सूरज पद सिंह, रुचिर तिवारी, प्रकाश रजक, सुजीत घोष, बाबूलाल झा, गणेश सिंह, सूरज पथ सिंह, जितेंद्र सिंह, विष्णु कुमार, राजेंद्र प्रसाद, घने नाथ चौधरी, डॉक्टर बी एन ओहदार, राजकुमार राम, छाया कॉल, दीप नारायण यादव, अंबुज ठाकुर, लखन लाल महतो, मेमन यादव, शंभू कुमार, सोनिया देवी, राजेंद्र रविदास सहित राज्य परिषद के सभी सदस्य उपस्थित थे।

# झारखंड में भाजपा की सरकार बनी तो भ्रष्टाचारी नहीं बचेंगे : बाबूलाल मरांडी

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा नेता बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि भाजपा की सरकार बनते ही भ्रष्टाचारी और जमीन नहीं बख्शे जायेंगे। श्री मरांडी मंगलवार को गिरिडीह जिला के बेंगाबाद प्रखंड में आयोजित आक्रोश प्रदर्शन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कोयला, बालू, पत्थर सहित अन्य खनिज पदार्थों की लूट मची हुई है। अब तो यह भी देखने को मिल रहा है कि खातियानी जमीन को भी दलाल और बिचौलिये लूट रहे हैं। अधिकारियों की मिलीभगत से अपने नाम पर गलत तरीके से दाखिल खारिज दलाल करवा रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार भाजपा के आंदोलन से भयभीत है। राज्य में सत्ताधारी दलों के नेता अनाप शनाप बक रहे हैं।

उन्होंने कहा कि भाजपा की आंदोलन की शुरूआत होने से ही सरकार में बैठे लोग कार्यकर्ताओं को धमका रहे हैं इसलिये अपना कार्यक्रम ब्लॉक या थाना के समीप करने का निर्देश दिया है ताकि इनलोगों को कार्यकर्ताओं की फोटो लेने और पहचान करने में परेशानी न हो। उन्होने कहा कि झामुमो कहती है कि हमने लड़कर झारखंड अलग राज्य बनाया है लेकिन सच यह है कि ये लोग पैसे की कमी होने पर आर्थिक नाकाबंदी करते थे। झामुमो हमेशा पैसे की खातिर कांग्रेस की गोद मे खेलती और खाती रही है।

# सीबीआई कोर्ट ने गबन के मामले में आरोपी को नहीं दी राहत

**रांची।** फर्जी कंपनी और कोटेशन के आधार पर बैंक ऑफ इंडिया को 2.74 करोड़ रुपए से अधिक का चूना लगाने के आरोप में जेल में बंद सिद्धि विनायक इंटरप्राइजेज रामगढ़ के संचालक संजय शाह को सीबीआई कोर्ट ने राहत देने से इनकार किया है। सीबीआई के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने आरोपी संजय शाह की जमानत अर्जी सुनवाई के खारिज कर दी। मालूम हो कि आरोपी 30 सितंबर 2022 से जेल में है। इसी मामले में आरोपी के भाई राजेश शाह एवं मुकेश शाह भी आरोपी है। सीबीआई ने तीनों को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। राजेश शाह को जेल जाने के बाद हाईकोर्ट ने सशर्त जमानत की सुविधा प्रदान की है। तीनों भाईयों ने अन्य के साथ के मिलकर साजिश कर 2.74 करोड़ रुपये की बैंक की ठगी की है। तीनों भाईयों ने रामगढ़ के मेसर्स सिद्धि विनायक इंटरप्राइजेज का दस्तावेज दिया था। दूसरी कंपनी भीम बॉडी बिल्डर्स को भी टैंकर निमार्ता कंपनी बताया गया था।

# एसएनएमसीएच धनबाद में प्राध्यापक और सह प्राध्यापक की होगी नियुक्ति

**कॉलेज के सुपर स्पेशियलिटी विभाग में नियुक्ति को जारी हुआ विज्ञापन**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** शहीद निर्मल महतो चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल- एसएनएमसीएच धनबाद के अंतर्गत सुपर स्पेशियलिटी विभागों में प्राध्यापक एवं सह प्राध्यापक के रिक्त पदों पर नियुक्ति के लिए विज्ञापन निकाला गया है। संविदा के आधार पर वॉक इन इंटरव्यू के माध्यम से 9 प्राध्यापक और 3 सह प्राध्यापक की नियुक्ति की जायेगी। मालूम हो कि नियुक्ति 2 वर्षों की अवधि के लिए होगी। अवधि की समाप्ति के बाद परफॉर्मेंस का मूल्यांकन संतोषजनक पाये जाने पर आगामी 1 वर्ष के लिए विस्तार वित्त विभाग की सहमति से किया जायेगा।

**इन विभागों में होगी नियुक्ति :** कार्डियोलॉजी में एक, नेफ्रोलॉजी में एक, न्यूरोलॉजी में एक, गैस्ट्रोइंटेरोलॉजी (मेडिकल) में एक, गैस्ट्रोइंटेरोलॉजी (सर्जरी) में एक, न्यूरोसर्जरी में एक, यूरोलॉजी में एक, सीटीवीएस में एक, प्लास्टिक एंड रिकंस्ट्रक्शन सर्जरी एंड बर्न यूनिट में एक पद पर नियुक्ति होगी।

**इन विभागों में होगी सह प्राध्यापक की नियुक्ति :** नेफ्रोलॉजी में एक, न्यूरोलॉजी में एक, गैस्ट्रोइंटेरोलॉजी (मेडिकल) में एक पद पर नियुक्ति होगी।



**16 नवंबर को रिम्स प्रशासनिक भवन में होगा इंटरव्यू :** रिम्स के प्रशासनिक भवन में 16 नवंबर को इंटरव्यू लिया जायेगा। चयनित प्राध्यापक को ढाई लाख और सह-प्राध्यापक को दो लाख प्रति माह मानदेय भुगतनान किया जायेगा।

## सीबीएसई से मान्यता प्राप्त करने के लिए बोर्ड को भेजा गया आवेदन

# झारखंड के 80 सरकारी विद्यालयों में नये सत्र से सीबीएसई कोर्स की शुरू होगी पढ़ाई

सुधीर

**रांची।** राज्य के 80 सरकारी स्कूलों में नये सत्र से अब निजी स्कूलों की तरह सीबीएसई कोर्स की पढ़ाई होगी। इन स्कूलों के बच्चे भी अब अंग्रेजी में फरार्टेदार पढ़ाई करेंगे। प्रोजेक्टर के माध्यम से इन्हें भी स्मार्ट क्लास में शिक्षा दी जायेगी। राज्य सरकार ने राज्य के सरकारी स्कूलों में पढ़ाई करने वाले बच्चों को भी स्मार्ट बनाने का निर्णय लिया है। यही कारण है कि राज्य के 80 स्कूलों का चयन स्कूल ऑफ एक्सीलेंस के तहत किया गया है और इन स्कूलों में सीबीएसई के कोर्स की पढ़ाई कराई जाएगी ताकि बच्चे स्टेट बोर्ड से सीबीएसई बोर्ड में जा सके।



### स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में रांची के 5 स्कूल

जिले के 5 स्कूलों का चयन स्कूल ऑफ एक्सीलेंस के लिए किया गया है। इनमें जिला प्लस टू उच्च विद्यालय रांची, टीवीएस हाई स्कूल जगन्नाथपुर, मॉडल स्कूल कांके, राजकीय बालिका प्लस टू उच्च विद्यालय बरियातू तथा कस्तूरबा विद्यालय नामकुम का चयन किया गया है। इन स्कूलों में स्मार्ट लैब और लाइब्रेरी के साथ-साथ स्मार्ट क्लास और स्मार्ट हॉल का निर्माण किया जा रहा है। अगले सत्र से इन स्कूलों में सीबीएसई की पढ़ाई शुरू कर दी जाएगी।

### सीबीएसई से सरकार ने मांगा एफलिएशन

स्कूल ऑफ एक्सीलेंस के लिए चयनित राज्य के 80 स्कूलों के लिए राज्य सरकार ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड से एफलिएशन मांगा है। सीबीएसई से एफलिएशन मिलेत ही इन स्कूलों में सीबीएसई के तर्ज पर पढ़ाई शुरू कर दी जायेगी। सरकार की ओर से भेजे गये आवेदन में कहा गया है कि सीबीएसई की कैटेगरी में शामिल होने वाले स्कूलों में वह सारी सुविधाएं उपलब्ध करा दी गयी है, जो एक सीबीएसई स्कूल को चाहिए। सरकार की ओर से सीबीएसई को बताया गया है कि स्कूलों में लैब लाइब्रेरी स्मार्ट क्लास स्मार्ट हॉल के साथ-साथ अन्य सुविधाएं भी उपलब्ध करा दी गई है।

सरकार के निर्देश के बाद स्कूल ऑफ एक्सीलेंस के तहत स्कूलों में स्मार्ट लैब और स्मार्ट लाइब्रेरी तथा स्मार्ट क्लास और हॉल का निर्माण कराया जा रहा है। उम्मीद है एप्लीकेशन मिलने के बाद अगले सत्र से इन स्कूलों में सीबीएसई की पढ़ाई करा दी जाएगी

कमला सिंह, डीईओ, रांची।


झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND
मसलिया- रानीश्वर
मेगा लिफ्ट सिंचाई योजना
हेमन्त सरकार दे रही
दुमका जिला को ऐतिहासिक सौगात
₹1313.25 करोड़
की लागत से होगा सिंचाई परियोजना का निर्माण
शिलान्यास समारोह
मुख्य अतिथि
श्री हेमन्त सोरेन
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड
विशिष्ट अतिथि
श्री आलमगीर आलम
माननीय मंत्री, ग्रामीण विकास, ग्रामीण कार्य, पंचायती राज एवं संसदीय कार्य विभाग
श्री सत्यानंद भोक्ता
माननीय मंत्री, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग
श्री शिबू सोरेन
माननीय सांसद (राज्यसभा)
श्री सुनील सोरेन
माननीय सांसद, दुमका लोकसभा
श्री नलिन सोरेन
माननीय विधायक, शिकारीपाड़ा विधानसभा
श्री बसंत सोरेन
माननीय विधायक, दुमका विधानसभा
श्रीमती जोयेस बेसरा
अध्यक्ष, जिला परिषद, दुमका
दिनांक - 9 नवंबर, 2022 (बुधवार)
स्थान - ग्राम-मुरगुनी, प्रखण्ड-रानीश्वर
मुख्य बातें -
22,283 हेक्टेयर भूमि होगी सिंचित
1 लाख से अधिक आबादी होगी लाभान्वित
मसलिया के 204 और रानीश्वर प्रखंड के 72 गांवों को मिलेगा लाभ
PRNO 281707 (IPRD)22-23
जल संसाधन विभाग, झारखण्ड सरकार

## स्पीड न्यूज

### प्रखंड प्रमुख ने आंगनबाड़ी की लिया जायजा, सेविका मिली गायब

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद प्रखण्ड प्रमुख राजकुमारी देवी ने प्रखण्ड के कई जनकल्याणकारी योजनाओं की जॉच किया। प्रखण्ड प्रमुख राजकुमारी देवी ने ऊपरी खुर्द गांव आंगनबाड़ी कोड 3 की जायजा लिया,जिसमे सेविका गायब मिली। वही सहायिका उपस्थित थी,जिसमे पांच बचे पढ़ रहे थे। इसी क्रम में कोशी केंद्र का भी जायजा लिया गया,वहां भी सेविका अनुपस्थित पायी गई।बचे एक भी नही थे। इसके बाद टोंगरा में भी जायजा लिया जहॉ केंद्र बंद मिला। प्रखण्ड प्रमुख राजकुमारी देवी ने कहि की इसके पूर्व भी दो केंद्र कोशी व टोंगरा आंगनबाड़ी केंद्र की जहॉ किया था,उस वक्त दोनों केंद्र बंद मिला था। जिसकी लिखित शिकायत बिभाग को दिया था,उसके बाद भी कोई सुधार नही हुआ,मुझे ग्रमीणों के द्वारा लगातार शिकायत मिलती रहती है उक्त दोनों केंद्र बराबर बंद रहता है। प्रखण्ड प्रमुख राजकुमारी देवी ने उत्क्रमित प्रथमिक विद्यालय खैरा का भी जायजा लिया,जिसमे पाया गया कि शिक्षक अरविंद कुमार सिंह उपस्थित थे जबकि पारा शिक्षक अनूप कुमार सिंह अनुपस्थित पाए गए।

### देव दीपावली के अवसर पर खूब जले छठ पोखरा में दीप

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद के छठ पोखरा घाट पर देव दिपावली सह गँगा आरती का आयोजन किया गया।मौके पर भाजपा नेता विनोद कुमार सिंह ,नगर अध्यक्ष शशि कुमार व प्रेमतोष सिंह ,नवाह परायण यज्ञ समिति के अध्यक्ष राजेंद्र पाल ने संजुक्त रूप से दिप प्रज्वलित कर दे० दीपावली की शुरूआत किया गया।मौके पर भाजपा नेता बिनोद कुमार सिंह ने लोगो से कहा कि ऐसा मनमोहक दृश्य देव दिपावली के दिन वाराणसी के पावन धरती पे देखने को मिलता था जो आज हुसैनाबाद शहर में देखने को मिल रहा है ।उन्होंने लोगो से कहा कि अगले वर्ष हमलोग मिलकर इससे भी अच्छा आयोजन का प्रयास करेंगें।उन्होंने कहा कि साथ ही ऐसा आयोजन के लिए आयोजन कर्ता को धन्यवाद दिया ।नगर अध्यक्ष शशि कुमार ने कहा कि दे० दीपावली पर्व एक बहुत बड़ा पर्व है,इस पर्व के अवसर पर दिप से निकलने वाले प्रकाश से आसमान शुद्ध होता है। इस आयोजन में पूर्व नगर अध्यक्ष उषा देवी,सचिन आनंद,मनीष कश्यप,पप्पू कुमार,मुना कुमार देव,शक्ति पासवान सहित अन्य लोग शामिल थे ।इधर जमुहारी माई घाट पर भाजपा के नगर मण्डल अध्यक्ष अजय कुमार गुप्ता के द्वारा दे० दीपावली पर खूब दिए जले।

### पलामू एक्सप्रेस का पूर्व की भांति लालगढ़ स्टेशन पर हो ठहराव : धर्मेंद्र

विश्रामपुर (पलामू) । लालगढ़ स्टेशन पर पलामू एक्सप्रेस का ठहराव नहीं होने के कारण यात्रा करने वाले लोगों की परेशानी काफी बढ़ गई है. लालगढ़ स्टेशन पर पलामू व गढ़वा जिले के कई गांवों के लोग यात्रा को पहुंचते हैं.एक्सप्रेस की ठहराव नहीं होने के कारण अब लोगों को डालटनगंज या गढ़वा रोड स्टेशन जाना पड़ रहा है.लालगढ़ स्टेशन पर पलामू एक्सप्रेस और रांची वाराणसी इंटरसिटी एक्सप्रेस के ठहराव की मांग को लेकर मुखिया धर्मेंद्र चौधरी ने पलामू सांसद विष्णु दयाल राम से मुलाकात की?.मांगों के समर्थन में ग्रामीणों का हस्ताक्षरयुक्त मांग पत्र भी संसद को सौपा.मुखिया श्री चौधरी ने कहा कि करोना के पहले पलामू एक्सप्रेस लालगढ़ हॉल्ट स्टेशन पर रुकती थी.लेकिन करोना काल में समय पलामू एक्सप्रेस को बंद कर दिया गया था.करोना काल खंड खत्म होने के बाद पलामू एक्सप्रेस का परिचालन शुरू हो गया है.लेकिन लालगढ़ बिहार स्टेशन पर उसका ठहराव नही हो रहा.यहां ठहराव नहीं होने के कारण लालगढ़ सहित आसपास के 2 दर्जन से अधिक गांव के लोगों को यात्रा करने में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है ।सांसद बी डी राम ने मुखिया धर्मेंद्र चौधरी को आश्वस्त किया कि उनकी मांग से रेल मंत्री को अवगत कराते हुए पूरा कराने का प्रयास करेंगे।

### गुरु नानक प्रकाश पर्व पर मेमोरियल हॉल में गुरु ग्रंथ का हुआ पाठ

**मेदिनीनगर।** गुरु नानक देव जी महाराज के 523 वा प्रकाश पर्व पर गुरु तेग बहादुर मेमोरियल हॉल में गुरु ग्रंथ पाठ किया गया। इस मौके पर श्री केसगढ़ से पधारे रागी जत्था द्वारा गुरु ग्रंथ का पाठ एवं कीर्तन किया गया। कीर्तन गायन से श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए एवं सभी ने वाहेगुरु जी की खालसा वाहेगुरु जी की फतेह के नारे लगाए। मंच पर गुरु साहब की पालकी रखी गई थी। जिस पर श्रद्धालुओं द्वारा चमन डूलाया गया। इस समारोह में काफी संख्या में महिला पुरुष शामिल थे। जो सभी ने गुरु ग्रंथ पर माथा टेक कर अपने मनोकामना पूर्ण होने का मन्नत मांगा। इस मौके पर झारखंड के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष इंदर सिंह नामधारी ने कहा कि किसी भी जाति धर्म के लोगों को गुरु नानक देव जी का सरन लेना चाहिए। वे महिलाओं के दिए वरदान थे। उन्होंने कहा कि महिला बिना संसार की कल्पना करना अधूरा है। श्री नामधारी ने कहा कि की गुरुनाथ देव जी ने कहा कि जो तुम्हारे मन में है उसी के अनुरूप तुम्हें फल मिलता है। लेकिन वर्तमान समय में बड़े-बड़े लोग एवं नेताओं के जुबान पर कुछ और एवं मन में कुछ और होता है। जिसका परिणाम है कि देश आज दूसरी दिशा में मुड़ चुका है ।जिससे निजात पाने के लिए गुरु साहब के वचनों को स्मरण करते हुए लोगों को चलने की आवश्यकता है। तथा लोगों को तन मन से एक होना होगा। और गुरु साहब के वाणी पर चिंतन करने की जरूरत है ।ताकि राष्ट्र सही दिशा की ओर जा सके। गुरु के वानी के अनुसार ईश्वर एक है और यही कारण है कि पूरा विश्व चल रहा है। लेकिन दुनिया को अस्थिर करने तथा शांति को भंग करने में लोगों की भूमिका है ना कि ईश्वर की ।उन्होंने कहा कि आज जाति, धर्म, संप्रदाय के नाम पर चुनाव हो रहे हैं। लेकिन धन्य है डाल्टनगंज विधानसभा के जनता जो मुझे लगातार जाति धर्म संप्रदाय से ऊपर उठकर क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने का मौका दिया। उसका मैं आजीवन ऋणी रहूंगा।और मैं अपने जीवन के अंतिम सांस तक इस क्षेत्र में ही राजनीति से संन्यास लेने के बाद छोटे-छोटे कार्यों में लगा रहूंगा ।इस मौके पर महापौर अरुणा संकर ने गुरु ग्रंथ पर माथा टेक कर कहां कि गुरु की वाणी हमेशा सच्चा होता है। गुरु से बढ़कर दुनिया में कोई नहीं है ।आज हम सभी को गुरु एवं माता पिता के संसर्ग में रहकर ज्ञान प्राप्त करना चाहिए। उन्होंने गुरु नानक जयंती पर लोगों को बधाई देते हुए कहा कि गुरु गोविंद दोऊ खड़े काको लागूं पाय, बलिहारी गुरु आपने गोविंद दियो बताए।

# पूरन चंद जन-जन के नायक: आलोक चौरसिया

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** कोयल पुल का नाम छोटा नागपुर के गांधी कहे जाने वाले स्वर्गीय पूरन चंद जी के नाम कर दिया गया। मंगलवार को महापौर अरुणा शंकर ने निगम बोर्ड से नामकरण पारित कराते हुए उनके 97 वी जयंती पर पूरन चंद सेतु₹ कर पिछड़ों के वर्षों पुराने सपने को साकार कर दिया ' महापौर ने कहा यह पुल का शिलान्यास स्वर्गीय पूरन चंद जी द्वारा किया गया था और उस वक्त माइन्स मिनिस्टर होने के नाते खनन राजस्व से इस पुल का निर्माण कराया ।



महापौर ने कहा मुझे दुख है कि यह नामकरण जन जन के नेता स्वर्गीय पूरन चंद जी के नाम वर्षों पहले होना चाहिए था लेकिन लगता है यह पुण्य कार्य मेरे हाथों से ही होना लिखा था ' आज मैं उस महान हस्ती के नाम कोयल पुल का नामकरण करते हुए अपने आप को गौरवान्वित महसूस कर रही ' इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित माननीय विधायक आलोक चौरसिया ने कहा स्वर्गीय पूरन चंद गरीब शोषित और वंचित के मसीहा थे मैं उनका अनुसरण करता हूं । महापौर अरुणा शंकर ने कहा मुझे दुख है नगरपालिका के जमींदारों ने निगम के प्रोटोकॉल बोर्ड से स्वर्गीय नर्वदेश्वर सिंह, सुरेंद्र सिंह , पूनम सिंह को छोड़कर पहले के सभी निर्वाचित माननीय अध्यक्ष जो हमारे समाज के धरोहर थे का नाम एक साजिश के तहत प्रोटोकॉल बोर्ड से भी हटा दिया लेकिन शहर के प्रबुद्ध लोगों के द्वारा अब कई नाम सामने आ रहे हैं जिसमें स्वर्गीय रामसेवक प्रसाद, स्वर्गीय ईश्वरी प्रसाद, स्वर्गीय गिरजा शरण सिंह, स्वर्गीय हरक चंद जैन एवं अन्य नाम और भी आने की संभावना है। मैं दो-चार दिनों के अंदर समाज के प्रबुद्ध लोगों के साथ बैठक कर साक्ष देखते हुए प्रथम निर्वाचित अध्यक्ष की प्रतिमा सर्वसम्मति से निगम भवन लगाऊंगी और बाकी माननीय अध्यक्षों का सिला पट स्वर्णिम अक्षरों में उनके कार्यकाल के साथ लिखवा कर निगम सभागार लगवाया जाएगा। महापौर ने कहा मुझे दुख है कि पूर्व के एक परिवार ने निगम का लाभ उठाकर पूरा हमीदगंज, बी एन कॉलेज ,बैरिया और आधा नदी एग्रीमेंट पर बेच डाला पर हमारे भाई बहन जिन्होंने भी जमीन लिया है वे चिंता ना करें मैं उनकी लड़ाई मजबूती से लड़ूंगी और मालिकाना हक दिला कर रहूंगी । ताकि उनके बच्चों का स्थानीयता बन सके और निगम की पूरी सुविधा उन्हें मिल सके। कार्यक्रम में समाजसेवी ज्ञानचंद पांडे ने कहा पूरन चंद के बारे कम शब्दों में व्याख्या नहीं किया जा सकता वह ऐसे व्यक्तित्व थे जीने लोग एक नोट एक वोट देते थे। वरिष्ठ अधिवक्ता बलराम तिवारी ने कहा पूरन चंद व्यक्ति नहीं विचार थे इस अवसर पर उपमहापौर मंगल सिंह ने कहा पूरन चंद गरीबों के मसीहा थे। इस अवसर पिछड़ा समाज के नेता देवेंद्र प्रसाद ने कहा पूरन नहीं वह आंधी थे झारखंड के गांधी थे ' प्रोफेसर जुगल किशोर ने अध्यक्षता करते हुए कहा पूरन चंद जन जन दिल सम्राट थे। सभा में ओंकार प्रसाद, शशि भूषण अधिवक्ता, के डी सिंह, अहिल्या गुप्ता, रूपा सिंह ,दुर्गा प्रसाद, विनोद सोनी, विक्रांत सिंघानिया, संजय भगत रितेश प्रसाद आलोक माथुर, रंजीत मिश्रा, सुनील गुप्ता एवं काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# आपके घर में योजनाओं का लाभ पहुंचाना ही शिविर का एकमात्र उद्देश्य: उपायुक्त

## शिविर में बड़ी संख्या में पहुंचे लोग, परिसंपत्तियों का किया गया वितरण

कैश क्रेडिट लिंकेज के तहत 50 सखी मंडल की दीदियों के बीच 1 करोड़ का चेक प्रदान किया गया

आपकी योजना,आपकी सरकार,आपके द्वार कार्यक्रम के तहत अवकाश के दिन भी पांकी के लोहरसी में हुआ शिविर का आयोजन



### समस्या हो तो बेझिझक बतायें निदान होगा:उपायुक्त

पांकी के लोहरसी में आयोजित शिविर में लाभुकों की काफी भीड़ देखने को मिली.मौके पर लोगों को संबोधित करते हुए उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे ने कहा कि इस कार्यक्रम के तहत जिले में कहीं न कहीं डेली प्रोग्राम किया जा रहा है.कोई भी हो,किसी भी उम्र के हों सभी वर्ग के लिये सरकार द्वारा कोई न कोई कार्यक्रम चलाया जाता है इन्हीं योजनाओं का लाभ आपके घर तक पहुंचाने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।उन्होंने कहा कि किसी को कोई भी समस्या हो तो वे बेझिझक अपनी समस्या संबंधित काउंटर पर रख सकते हैं। उन्होंने सभी से अपना ऑनलाइन निबंधन अनिवार्य रूप से करने की बात कही ताकि उसे आवेदन पर क्या कार्रवाई हुआ उसको ट्रैक किया जा सके ।

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** आपकी योजना, आपकी सरकार,आपके द्वार कार्यक्रम के तहत अवकाश के दिन भी जिले के दो पंचायतों में शिविर का आयोजन किया गया.इसी क्रम में उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे पांकी के लोहरसी पंचायत में आयोजित शिविर में भाग लिये.यहां उपायुक्त श्री दोड्डे,बीडीओ सह सीओ निर्भय कुमार एवं स्थनीय जनप्रतिनिधियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर शिविर का उद्घाटन किया गया। मौके पर उपरोक्त के अलावे जिला परिषद सुजाता देवी,प्रमुख पंचम प्रसाद,उप प्रमुख अमित चौहान,मुखिया चिंता देवी समेत बड़ी संख्या में लाभुक उपस्थित थे। मौके पर बीडीओ निर्भय कुमार ने कहा कि सरकार के 3 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में यह कार्यक्रम प्रखंड के 25 पंचायतों में आयोजित किया जा रहा है। प्रथम चरण में कुल 11 पंचायतों यह शिविर आयोजित किया गया है।

**लाभुकों के बीच किया गया परिसंपत्तियों का वितरण**

शिविर के दौरान प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के तहत 7 लाभुकों को गैस सिलेंडर व चूल्हा दिया गया। वहीं फूलो झानो के तहत सगलिम की 3 महिलाओं के बीच 60 हजार का चेक प्रदान किया गया.इसी तरह 100 से अधिक लाभुकों के बीच कंबल का वितरण किया गया। वहीं समाचार लिखे जाने तक सर्वजन पेंशन योजना के तहत 10 लाभुकों को ऑन स्पॉट पेंशन की स्वीकृति दी जा चुकी थी। वहीं जेएसएलपीएस के मुद्रा लोन के तहत 6 सखी मंडल की दीदियों को 3 लाख का ऋण दिया गया। वहीं कैश क्रेडिट लिंकेज के तहत 50 सखी मंडल की दीदियों के बीच 1 करोड़ का चेक प्रदान किया गया। इसी तरह कृषि विभाग से 6 लोगों के बीच एनएफएसएम योजना के तहत सरसो बीज का वितरण किया गया। इसी तरह अन्य विभागों की ओर से भी परिसंपत्तियों वितरण किया गया। कार्यक्रम में 15 वें वित्तीय आयोग अंतर्गत दो स्कूलों में पेयजल की व्यवस्था व पीसी सड़क निर्माण का शिलान्यास भी किया गया ।

### दो दिवसीय विहंगम योग का हुआ आयोजन



**मेदिनीनगर।** दसदगुरू सदाफल देव विहंगम योग संस्थान पलामू शाखा के द्वारा दो दिवसीय विहंगम योग समारोह सह 2101 कुण्डीय विश्व शांति वैदिक महायज्ञ का आयोजन बीस फूटा पुल स्थित बैजनाथ सिंह सेवा आश्रम परिसर में किया गया। इस मौके पर शोभायात्रा निकाली गई ।जो कार्यक्रम स्थल से निकलकर पुलिस लाइन रोड होते हुए साहित्य समाज चौक के बाद पुनः यज्ञ अस्थल पर समाप्त किया गया। इसके बाद शाम में संत प्रवर विज्ञान देव जी महाराज का दिव्यवाणी शुरू हुआ। उन्होंने कहा कि विहंगम योग संस्थानस्वर्वेद आध्यात्मिक ज्ञान का चेतन प्रकाश है। जिसके आलोक में अविद्या, अंधकार, मिथ्याज्ञान नष्ट होते हैं। यह हमारी आध्यात्मिक यात्रा को सदैव जागृत रखता है। अशांति एवं वैमनस्य से पीड़ित विश्व मे शांति एवं सौहार्द की स्थापना करने का सर्वश्रेष्ठ माध्यम स्वर्वेद है ।जीवन मे स्वर्वेद का आचरण अनन्त ऊंचाइयों तक ले जाता है। संत प्रवर जी ने बताया कि विहंगम योग के प्रणेता अनंत श्री सदगुरू सदाफल देव जी महाराज ने ऋषियों के दुर्लभ ज्ञान को सहज रूप में उपलब्ध करके मानवमात्र पर अहैतुकी कृपा की है। सद्गुरु देव ने अपनी गहन साधना से प्राप्त दिव्यज्ञान द्वारा हमे स्वर्वेद महाग्रंथ का महान प्रसाद दिया है। उन्होंने कहा कि स्वर्वेद महाग्रंथ को समर्पित स्वर्वेद महामंदिर धाम वाराणसी के पावन परिसर में सद्गुरु सदाफल देव जी महाराज की 135 फुट से भी ऊंची प्रतिमा का निर्माण होने जा रहा है।

### अन्नदाता को हम बेबस व लाचार नहीं छोड़ सकते : टूटू

**हुसैनाबाद।** हुसैनाबाद प्रखंड के दरुआ बेनी पंचायत के दरुआ गाँव के अजय सिंह, सुदामा सिंह, रामजी सिंह, निरंजन सिंह, गौरी सिंह, सत्यनारायण सिंह समेत दर्जनों किसानों के अलावे सोनबरसा गाँव के किसान का लगभग 05 एकड़ में लगी धान की फसल कीट-पतंगों व रोग लगने के कारण सूख गई है। इस संबंध में प्रभावित किसान स्वयंबर सिंह ने जिप उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ टुटू सिंह को आवेदन देकर उचित मुआवजे की माँग की है। भुक्तभोगी किसान का कहना है कि अपने खेत में करीब 05 एकड़ में धान की खेती की थी, लेकिन धान फूटने के समय सारी फसलें कीट-पतंगों व रोग लगने के कारण सूख गई हैं। किसान ने दिए आवेदन में मामले की जाँच कर उचित मुआवजा की माँग की है। धान की फसल सूखने की शिकायत प्रखंड क्षेत्र के अन्य दर्जनों गाँवों के सैकड़ों किसानों की भी है। बता दें कि हुसैनाबाद क्षेत्र में नाम मात्र की धान की खेती हुई है। पूरा प्रखंड क्षेत्र सुखाड़ की चपेट में है। इस बाबत जिप उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ टुटू सिंह ने कहा कि इस संदर्भ में हुसैनाबाद बीडीओ रतन कुमार सिंह से हमारी बात हुई है, क्योंकि यह समस्या सिर्फ एक गाँव की नहीं है, बल्कि यह समस्या दर्जनों गाँवों की है और यदि इस समस्या का त्वरित हल नहीं ढूँढ़ा गया तो हमारे अन्नदाता बेबस व लाचार हो जाएँगे और यह हम कतई नहीं होने देंगे।

# शिक्षकों की मांग को विधान सभा में उठायेंगे: कमलेश

खबर मन्त्र संवाददाता



विधायक प्रतिनिधि को ज्ञापन सौंपते शिक्षक संघ के लोग

**मेदिनीनगर।** अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के शिष्टमंडल ने हुसैनाबाद विधायक कमलेश कुमार सिंह को चार सूत्री मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा। शिष्टमंडल ने विधायक कमलेश कुमार सिंह के डाल्टनगंज स्थित आवास पर विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह को ज्ञापन सौंपा है। शिष्टमंडल को विधायक कमलेश कुमार सिंह ने ऑनलाइन संबोधित किया। उन्होंने आश्वासन दिया कि आगामी विधानसभा सत्र में वह उनकी मांगों को पुरजोर तरीके से विधानसभा में उठेंगे। उन्होंने कहा कि वह शिक्षकों के साथ हैं। शिक्षको की मांगों में शिक्षको के लिए सुनिश्चित एमएसीआई की स्वीकृति ,अन्य राज्यकर्मियों की तरह ही शिक्षको के लिए पूरे सेवा कार्य में दस बीस व तीस वर्षों की सेवा पर वित्तीय उन्नयन का लाभ प्रदान करने के लिए संशोधित सुनिश्चित वृत्ति उन्नयन योजना की स्वीकृति प्रदान करने, छठे वेतनमान में दिनांक एक जनवरी 2006 से पूर्व नियुक्त शिक्षकों के लिए न्यूनतम आरंभिक वेतन की विसंगति का निराकरण करते हुए आरंभिक वेतन 16290 करने समेत अन्य मांगे शामिल है। विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह ने कहा कि वह उनकी मांगों से संबंधित ज्ञापन हुसैनाबाद विधायक कमलेश कुमार सिंह तक पहुंचाने का काम करेंगे। उन्होंने शिक्षकों की मांगों को जायज ठहराया। उन्होंने सरकार से शिक्षको की मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने की मांग की। शिष्टमंडल में अखिल झारखंड शिक्षक संघ के पलामू जिला अध्यक्ष सुधीर कुमार दुबे, कोषाध्यक्ष राजीव कुमार, संगठन मंत्री राजीव रंजन पांडे, महासचिव अमरेश कुमार सिंह के अलावा राम अनुज प्रसाद, नरेंद्र पांडे, विनय मांझी, मनोज द्विवेदी, सुरेंद्र राम, चक्रवर्ती कुमार सिंह, राजीव कुमार राजू, गणेश गुप्ता, आनंद मोहन सिंह, अमरेंद्र नारायण समेत कई शिक्षक मौजूद थे।

## एक नजर में

### सूरज की किरणों में मौजूद रंगों को प्रयोग कर दिखाया



**हरिहरगंज पलामू।** शहरी क्षेत्र के सियारभूका स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय में विज्ञान की कक्षा संचालन के दौरान सूरज की किरणों में मौजूद सात रंगों को प्रयोग कर दिखाया गया। विज्ञान शिक्षक कृष्ण नंदन कुमार ने बताया कि पानी और दर्पण का उपयोग कर इस प्रयोग को किया गया है। वहीं कक्षा सात व आठ के छात्रों को प्रयोग के माध्यम से गर्म हवा का हल्का होना और वायुमंडल ऊपर की ओर उठना बताया गया। शिक्षक ने बताया कि प्रयोग करने से ज्ञान का विकास तेजी से होता है। इससे शिक्षा रुचिकर हो जाती है। जिसे विद्यार्थी सक्रियता से ग्रहण करते हैं। साथ ही उनमें शिक्षण क्षमता का विकास होता है। प्रयोग की विधि विद्यार्थियों के मस्तिष्क में संचित हो जाता है। विद्यालय की प्रधानाध्यापिका शारदा कुमारी सहित अन्य शिक्षकों में विज्ञान शिक्षक कृष्ण नंदन कुमार के शिक्षण विधि की सराहना की है।

### पूनम सिंह डोर टू डोर जनसंपर्क अभियान लगातार जारी

**डाल्टनगंज।** डाल्टनगंज नगर निगम क्षेत्र के हमीदगंज ,आबादगंज मुहल्ले में पूनम सिंह ने डोर टू डोर जनसंपर्क किया। जनसंपर्क के दौरान उन्होंने कहा कि डाल्टनगंज शहर की स्थिति से सभी लोग वाकिफ हैं। यहां की सबसे बड़ी समस्या होल्डिंग टैक्स को लेकर है। अबतक के प्रतिनिधियों ने इस दिशा में ईमानदारी के साथ प्रयास नहीं किया। उन्होंने कहा कि जो यह कहते हैं की उनकी राज्य में सरकार नहीं है, वह क्या कर सकते हैं। वह 2019 के पहले क्या कर रहे थे। उन्होंने कहा कि किसी भी कार्य को करने या कराने के लिए इच्छा शक्ति होना जरूरी होता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान प्रतिनिधि की सोच है, अपना काम बनता, भांड में जाए जनता। उन्होंने कहा कि डाल्टनगंज की साफ सफाई व इसे सुंदर बनाने के साथ होल्डिंग टैक्स से निजात दिलाने उनकी प्राथमिकता होगी ।उन्होंने कहा कि डाल्टनगंज शहर को शहर का रूप देने के लिए उनके पास बड़ा प्लान है। सभी सड़को , नाली गली को बेहतर करने के साथ साथ आम नागरिकों को पेयजल की समुचित व्यवस्था कराने की जरूरत है। उन्होंने लोगों से समर्थन का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि उनका परिवार क्षेत्र के विकास के लिए शुरू से कार्य करता रहा है। गरीबों को बसाने व उन्हे सम्मान देने वाला परिवार कौन है, जनता खुद जानती है।

### जन वितरण प्रणाली के डीलर द्वारा राशन वितरण में धांधली, लाभुकों में आक्रोश

खबर मन्त्र संवाददाता




**चैनपुर पलामू।** प्रखंड क्षेत्र के नेऊरा पंचायत का जन वितरण प्रणाली का डीलर मैरून बीबी का पुत्र सोनू अंसारी ने राशन वितरण में अपने सभी कार्ड धारी का जबरजस्ती 2 किलो राशन का कटौती करके लाभुक को राशन देने का काम कर रहा है जब इसका विरोध लाभुक कलाम अंसारी ने किया तो जन वितरण प्रणाली का डीलर मैरून बीबी का पुत्र सोनू अंसारी ने गाली गलौज करते हुए अभद्र भाषा का प्रयोग किया और मारने पीटने का धमकी देने लगा और कहा कि जहां जाना है जाओ तुम मेरा कुछ नहीं बिगाड़ पाओगे इधर इस संबंध में जन वितरण प्रणाली का डीलर मैरून बीवी के पुत्र सोनू अंसारी से बात किया तो उसने बताया कि ऊपर के लोग ही तॉल में हमको राशन कम देते हैं तो क्या करें कैसे लाभुकों को पूरा राशन दें इसलिए प्रत्येक लाभुकों का 2 किलो राशन कटौती करके देते हैं अगर कटौती करके राशन नहीं देंगे तो सभी लाभुकों को राशन नहीं दे पाएंगे लाभुक अमना बीबी असीर मोहम्मद अंसारी नूर ऐसा देवी अमान उल अंसारी जय भीम दीदी पूजन विधि हबीब बीबी नूरेशा वीवी अमानुल अंसारी जैबून बीबी छटनी बीवी सलीम अंसारी आशिक अंसारी ने कहा कि हर माह डीलर का यही हरकत है प्रत्येक लाभुक पर 2 किलो राशन कटौती करके ही देता है और जब इसका विरोध करते हैं तो धमकी देने लगता है जहां जाना है जाओ तुम लोग हमारा कुछ नहीं बिगाड़ पाओगे हम 2 किलो राशन कटौती करके ही देंगे हम लोग मजबूर हैं समझ में नहीं आ रहा है कि कहां जाएं किससे शिकायत करें कि हम लोगों का हर माह हमारा हक मिल सके।

### पाटन प्रखंड में राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार शिविर का हुआ आयोजन



**पाटन पलामू ।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार नई दिल्ली एवं झारखंड राज्य सेवा प्राधिकार रांची के तत्वाधान में पाटन प्रखंड परिसर में विधिक सेवा सशक्तिकरण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर का उद्घाटन मुख्य अतिथि ज्यूडिशल मजिस्ट्रेट जज चंदन गोस्वामी एवं वी डी ओ मनोज तिवारी ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस शिविर में विधवाओं, दिव्यांगों ,अनुसूचित जाति, जनजाति ,बुजुर्ग ,जवानो एवं बच्चों के बीच पेंशन, जॉब कार्ड ,कंबल ,ट्राइसाइकिल वैशाखी का वितरण किया गया ।इस मौके पर जज श्री गोस्वामी ने कहा कि कानून का अधिकार सबको है। चाहे वह किसी भी वर्ग के हो ।कानून में सभी को हक एवं अधिकार दिया गया है। इसलिए लोगों को अपने हक एवं अधिकार के लिए आगे आने की जरूरत है। उन्होंने सरकारी योजनाओं का लाभ जरूरतमंद लोगों के बीच पहुंचाने को कहा। और योजनाओं का संचालन समय पर हो ताकि जरूरतमंद लोगों को इसका लाभ मिल सके। विधिक सेवा प्राधिकार मैं देश के सभी नागरिकों को अधिकार प्राप्त है कि वह अपने हक एवं अधिकार को ले सके ।इस मौके पर जिला परिषद सदस्य जयशंकर सिंह उर्फ संग्राम सिंह,सीडीपीओ अनिता कुमारी, विष्णु कुमार समेत काफी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन पीएलबी के रविंद्र कुमार सिंह ने किया।

### कार्तिक पूर्णिमा पर बराही धाम में उमड़े श्रद्धालु, महाप्रसाद का हुआ वितरण



**हुसैनाबाद।** कार्तिक पूर्णिमा और मंगलवार को लेकर पलामू जिला का धार्मिक स्थल बराही धाम परिसर में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी ।सैकड़ों श्रद्धालुओं ने देवरी, दंगवार गांव स्थित सोन नदी तट पर स्नान करने के बाद बराही धाम परिसर में पहुँचकर शिवमंदिर में पूजा अर्चना की ।कार्तिक पूर्णिमा को लेकर सुबह से धाम परिसर में काफी चहल पहल थी ।चारों ओर हर हर महादेव, जय हनुमान का उद्घोष से पूरा परिसर भक्तिमय बना हुआ था.धाम के पुजारी दिलीप ओझा,अजीत चौबे द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के बाद प्रत्येक मंगलवार को शिवांश चैरिटबल ट्रस्ट की ओर आयोजित भव्य भंडारा का आयोजन किया गया इस मौके पर ग्रामीण क्षेत्रों के अलावा बिहार, उतर प्रदेश, मध्य प्रदेश से सैकड़ों की संख्या में पहुँचे श्रद्धालुओं ने महाप्रसाद ग्रहण किया। मौके पर विजय सिंह, हरेंद्र सिंह, पिंटू सिंह, गोविंदा सिंह, प्रिंस यादव,मंगल यादव, लालेश्वर राजवंशी, विंदा यादव,नैतिन सिंह समेत कई लोग मौजूद थे।

# सतगुरु नानक प्रगटिआ- से गूंजी लौहनगरी

## जुगसलाई से निकला विशाल नगर कीर्तन, रघुवर, बन्ना, सरयू, मंगल शामिल हुए

खबर मन्त्र ब्यूरो







**जमशेदपुर।** सिख पंथ के संस्थापक श्री गुरु नानक देव जी के 553 वें प्रकाश उत्सव पर लौहनगरी, मिटी धुंध जग चानन होआ सतगुरु नानक प्रगटिआ, से गूंज उठी। इस मौके पर जुगसलाई गौरी शंकर रोड गुरुद्वारा साहिब से विशाल नगर कीर्तन निकाला गया जो बिस्टुपुर, जुस्को ऑफिस, कीनन स्टेडियम, साकची गोल चक्कर होता हुआ साकची गुरुद्वारा साहिब पहुंचा। यहां इसकी अगवानी प्रधान निशांत सिंह महासचिव शमशेर सिंह सोनी महासचिव परमजीत सिंह काले एवं अन्य पदाधिकारियों ने श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी को रुमाला एवं प्रसाद भेंट कर की। यहां जमकर आतिशबाजी की गई। जुगसलाई में राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास गुरु दरबार में हाजिर हुए और उन्होंने गुरु पर्व की बधाई संगत को दी। इस शैलेंद्र सिंह, अमरजीत सिंह गांधी हरदीप सिंह गुरुदेव सिंह लाडी नरेंद्र पाल भाटिया महेंद्र पाल सिंह भाटिया, गुरदयाल सिंह दलजीत सिंह काली अमरजीत सिंह तारा सिंह आदि उपस्थित थे। यहां स्थानीय विधायक मंगल कालिंदी भी शामिल हुए। नगर कीर्तन में राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता एवं पूर्व मंत्री एवम जमशेदपुर पूर्व के विधायक सरयू राय, बीजेपी के पूर्व प्रवक्ता अमरप्रीत सिंह काले नगर कीर्तन में शामिल हुए और पैदल चलकर सभी को बधाई का संदेश देते रहे।

इस नगर कीर्तन में आकर्षण का केंद्र बुलेट मोटरसाइकिल पर सवार राइडिंग सवारी रही। जिसका नेतृत्व पिंकी सिंह जगजीत सिंह गुरचरण सिंह आदि कर रहे थे। इसके बाद नन्हें घुड़सवार और सिखों का युद्ध कौशल गतका की तीन अलग अलग टीम मार्शल आर्ट का प्रदर्शन कर रहे थे। शहर के विभिन्न गुरूद्वारा कमेटियों द्वारा संचालित धार्मिक विद्यालय माध्यमिक विद्यालय एवं उच्च विद्यालय के तकरीबन पांच हजार से ज्यादा विद्यार्थी कीर्तन गायन एवम ड्रिल करते हुए चल रहे थे। फूलों से सजी पालकी साहेब पर जीवंत गुरु श्री गुरू ग्रंथ साहिब जी और पांच प्यारे शोभायमान थे। आगे आगे सिख जागृति मंच के सदस्य सड़क साफ कर रहे थे और फूलों की बारिश कर रहे थे। स्त्री सत्संग सभाएं के जत्थे कीर्तन गायन करते हुए चल रहे थे। दो साल के अंतराल में निकले इस नगर कीर्तन को देखने एवम मत्था टेकने के लिए हजारों श्रद्धालु सड़क किनारे घंटों खड़े रहे। व्यवस्था बनाने में सेन्ट्रल सिख स्त्री सत्संग सभा की बीबी कमलजीत कौर, सुखदीप कौर नौजवान सभा के सतवीर सिंह, इंदर सिंह इंदर हरविंदर सिंह, आदि सक्रिय रहे। यातायात व्यवस्था करने के लिए पुलिस बल के सैकड़ो जवान और पदाधिकारी लगे हुए थे ।

आयोजक पांच सदस्य समिति ने सफल आयोजन पर शासन, प्रशासन, टाटा स्टील, जुस्को प्रबंधक के प्रति विशेष आभार जताया है। वहीं लोगों को हुई असुविधा के लिए खेद भी जताया है।



पूर्व सीएम रघुवर दास नगर कीर्तन में भाग लेते हुए।

## भाई कन्हैया जी यादगारी हाल संगत को समर्पित

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** गुरुद्वारा श्री गुरु नानक सभा बारीडीह का भाई कन्हैया जी यादगारी हॉल सिख संगत को समर्पित किया गया। इस मौके पर पूर्व मंत्री एवं स्थानीय विधायक सरयू राय ने कहा कि वह गुरु घर के ऋणी हैं कि उन्हें सेवा का मौका मिला है। उन्होंने देश की आजादी एवं सीमा की रक्षा में सिखों की भूमिका को याद करते हुए कहा कि यह कौन बलिदान के साथ-साथ सेवा क्षेत्र में भी बहुत आगे है। गुरु पर्व की बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि गुरु नानक देव जी ने पूरी दुनिया को एकेश्वरवाद से जोड़ा और सभी को एक परमेश्वर की संतान माना और मानवतावाद का संदेश दिया। उन्होंने अहंकारी शासकों का अभिमान तोड़ने के साथ ही कर्मकांड पर भी चोट किया। गुरु दरबार में विधायक सरयू राय को लोक सेवक समाज रत्न के साथ ही पूर्व प्रधान जरनैल सिंह, बलविंदर सिंह अमरजीत सिंह, करतार सिंह, जसपाल सिंह, बीबी मनजीत कौर, अवतार सिंह सोखी तथा हजूरी ग्रंथी भाई निरंजन सिंह को पंथ सेवा रत्न सम्मान से सम्मानित किया गया। इस मौके पर हरमीत सिंह एवं गुरमीत कौर के जत्थे में गुरु जस गायन किया। बाबा निरंजन सिंह ने दुनिया के समस्त जीवो के कल्याण की अरदास की। हजारों लोगों ने लंगर ग्रहण किया और इसे सफल बनाने में कुलविंदर सिंह संदीप सिंह कुलदीप सिंह सुखबिंदर सिंह, बलविंदर सिंह, अमरपाल सिंह सविंदर सिंह अवतार सिंह जसपाल सिंह अवतार सिंह सोखी, बलदेव सिंह, जयपाल सिंह, जितेंद्र सिंह, सुखविंदर सिंह, बलविंदर कौर, मनजीत कौर, निर्मल कौर, मनदीप कौर, दलजीत कौर रानी आदि की सराहनीय भूमिका रही।

## वाहेगुरु जी दा खालसा, वाहेगुरु जी दा फतेह : बन्ना



मंत्री बन्ना गुप्ता नगर कीर्तन में भाग लेते हुए।

सिख धर्म के संस्थापक,सेवा-त्याग की प्रतिमूर्ति श्री गुरुनानक देव जी के 553वें प्रकाश पर्व की पावन बेला पर जुगसलाई गौरी शंकर रोड से मंगलवार को निकाली गई । नगर कीर्तन में स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने शामिल होकर पालकी साहब के आगे माथा टेक समहू संगत की सुख शांति एव भलाई के अरदास किया। इस के साथ ही श्रद्धालुगणों के साथ गुरु ग्रंथ साहिब की पालकी के आगे सड़क पर झाड़ू लगाकर सफाई की सेवा निभाई।

### नगर कीर्तन की खास बातें

- पालकी साहिब में अरदास के उपरांत नगरकीर्तन की आरम्भता 11:15 मिनट पर हुआ।
- पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास जी,कुणाल षाड़ंगी,मलखान सिंह, देवेंद्र सिंह, पंज मेम्बर कमिटी ,शैलेन्द्र सिंह,गुरदेव सिंह राजा,अमरजीत सिंह राजा,चंचल भटिया,इंदरजीत सिंह, को किया गया सम्मानित।
- पूर्व सीएम रघुवर दास 10:40 मे आये गुरुद्वारा।
- बन्ना गुप्ता पगड़ी पहन 11:30 बजे आये,पालकी साहिब में माथा टेका, मंगल कालिंदी भी उसी वक़्त आये।
- नगर कीर्तन में सबसे आगे जोड़ी राइडर्स क्लब के परमजीत सिंहः पिंकी के 9 बुलेट,3 गतका टीम, उसके पीछे बैंड पार्टी,गुरू की लाडली फौज,2 घोड़े पर नन्हे घुड़सवार थे।
- पुरानी और वर्तमान कमिटी नौजवान सभा की मिलकर की सेवा,नही टूटा नगरकीर्तन।
- सतवीर सिंह गोलडू, हरविंदर सिंह,इंदरजीत सिंह,चंचल भटिया,बलजीत सिंह,मंजीत सिंह,सतविंदर सिंह,जितेंद्र सिंह शालू आदि सक्रिय रहे।
- 6 बजे पालकिबसाहिब आयी साकची गुरुद्वारा।
- जुस्को गोलचक्कर में घोड़ा बिदका, बच्चे गिरे,हल्की चोट।

## गुरु नानक देव ने लोगों को जोड़ना सिखाया : मंगल कालिंदी



**जमशेदपुर।** गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व पर जुगसलाई गौरी शंकर रोड गुरुद्वारे से निकाले गए नगर कीर्तन में जुगसलाई विधायक मंगल कालिंदी भी शामिल हुए और पालकी साहेब के सामने माथा टेक कर राज्य वासियों के सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। गुरु पर्व के मौके पर विधायक मंगल कालिंदी ने गुरुद्वारा कमेटी के सदस्यों एवं सिख समुदाय को प्रकाश पर्व की बधाई दी इस दौरान गुरुद्वारा कमेटी के सदस्यों ने विधायक जी को सरोपा भेंट कर सम्मानित किया। गुरु पर्व के मौके पर विधायक मंगल कालिंदी ने कहा कि श्री गुरु नानक देव महान युगपुरुष थे। नानक देव जी ने अपना पूरा जीवन समाज में व्याप्त बुराइयों को दूर करने में समर्पित कर दिया ।सत्संग के माध्यम से जो कार्य गुरु नानक देव ने आगे बढ़ाया।

## चिन्मया विद्यालय साउथ पार्क के बच्चों ने गुरुद्वारा में की सेवा

खबर मन्त्र ब्यूरो



**जमशेदपुर।** गुरु नानक जयंती के अवसर पर चिन्मया विद्यालय साउथ पार्क के विद्यार्थियों तथा शिक्षिकाओं के साथ विद्यालय के इंटरेक्ट क्लब और चिन्मया युवा केंद्र के संयुक्त प्रयास से रामदास भट्टा गुरुद्वारा में लगभग 30 बच्चों और 6 शिक्षिकाओं द्वारा सेवा कार्य संपन्न किया गया। जिसमें बच्चों के द्वारा अलग-अलग प्रकार की सेवाओं जैसे कुछ बच्चे लंगर वितरण ,जोड़ा घर, (चप्पल रखने के स्थान ),जल वितरण ,बर्तन साफ करना ,साफ बर्तनों को उचित स्थान पर रखना पानी भरना ,आदि कार्य किए। विद्यार्थी सुबह 9:30 से 2:00 दोपहर तक अपने-अपने सेवा कार्यों में मुस्तैदी से लगे रहे । इससे उनमें अनुशासन ,सम्मान ,आदर ,सर्वधर्म समभाव, उत्तरदायित्व की भावना और कर्तव्य बोध की भावना जागृत हुई। इस सेवा कार्य के दौरान बच्चों में एक गजब उत्साह ,उमंग और स्फूर्ति को देखा गया। सेवा कार्य के समय विद्यालय के प्राचार्या श्रीमती मिकी सिंह भी स्वयं वहां उपस्थित होकर बच्चों तथा शिक्षिकाओं के मनोबल को बढ़ाने के लिए स्वयं भी सेवा कार्य में जुट गई।

## गुरु नानक देव जी ने प्रेम, करुणा व सद्भाव का मार्ग दिखाया : काले



**जमशेदपुर।** गुरु नानक देव जी के प्रकाश उत्सव पर मंगलवार को नगर कीर्तन निकाला गया। इस दौरान झारखंड भाजपा के पूर्व प्रदेश प्रवक्ता अमरप्रीत सिंह काले नगर कीर्तन में शामिल रहे। पंच प्यारों की अगुवाई में नगर कीर्तन शहर के विभिन्न क्षेत्रों से होकर गुजरा। इस दौरान विभिन्न सामाजिक और धार्मिक संगठनों ने नगर कीर्तन का स्वागत किया। इस मौके पर श्री काले ने कहा कि श्री गुरुनानक देव जी के 553वें 'प्रकाश पर्व' के शुभ अवसर पर सभी को बधाईयां। श्री गुरु नानक देव जी ने प्रेम, करुणा व सद्भाव का जो मार्ग दिखाया है वह सदैव मानवता के लिए प्रेरणा बनकर संसार के कल्याण का पथ आलोकित करता रहेगा। गुरु जी के विचार हमें दया, करुणा, सेवा और बंधुत्व को आत्मसात कर मानव सेवा और कल्याण के लिए स्वयं को समर्पित करने की प्रेरणा देते हैं।

## 27 को होगा नोआमुंडी रन-ए-थॉन 2022

**जमशेदपुर।** कोविड-19 के कारण 2 वर्षों के अंतराल के बाद, टाटा स्टील बहुप्रतीक्षित 'टाटा स्टील नोआमुंडी रन-ए-थॉन' का चौथा संस्करण लेकर आई है जिसका थीम है 'बिल्डिंग ए ग्रीनर टुमॉरो'। यह टाटा स्टील द्वारा अपनी नोआमुंडी आयरन माइन में रन-ए-थॉन का चौथा संस्करण है, जो न केवल ग्रामीण आबादी को लक्षित करता है बल्कि स्वस्थ और हरित भविष्य के लिए देश भर के धावकों को भी लक्षित करता है। इस वर्ष, यह आयोजन 27 नवंबर, 2022 (रविवार) को स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स, नोआमुंडी में आयोजित होगा।

## नि:शुल्क कैंसर जांच शिविर आज और कल

जमशेदपुर। साकची धालभूम क्लब मैदान में मारवाड़ी युवा मंच स्टील सिटी शाखा एवं सुरभि शाखा के संयुक्त तत्वाधान में दो दिवसीय नि:शुल्क कैंसर जांच शिविर का आयोजन 9 एवं 10 नवंबर (बुधवार एवं गुरूवार) को आयोजित होने जा रहा है। जिसकी सभी तैयारियां पुरी कर ली गयी हैं। शिविर का उद्घाटन बुधवार की सुबह 10.30 बजे बतौर मुख्य अतिथि जिला सिविल सर्जन डा. साहिर पाल के कर कमलों द्वारा होगा। स्टील सिटी शाखा अध्यक्ष सार्थक अग्रवाल एवं सुरभि शाखा अध्यक्ष उषा चौधरी ने संयुक्त रूप से जमशेदपुर वासियों से इस नि:शुल्क जांच शिविर का लाभ उठाने का अनुरोध किया हैं।

## झारखंड क्षत्रिय महिला संघ ने कार्तिक पूर्णिमा पर लगाया शिविर

खबर मन्त्र संवाददाता




**जमशेदपुर।** झारखंड क्षत्रिय महिला संघ द्वारा दोमुहानी सोनारी में कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर बहुत बड़े शिविर का आयोजन किया गया। सुबह 3:30 बजे से चाय वितरण शुरू हो गया। शिविर में चाय ,बिस्किट, और पानी की व्यवस्था थी। इसके अलावा फर्स्ट ऐड का भी सामान रखा गया था। 7000 लोगों को चाय पिलाया गया। जितने भी गरीब बैठे थे उनमें चावल बांटा गया।

क्षत्रिय महिला संघ की केंद्रीय कमिटी तथा सभी इकाई के अध्यक्ष और उनकी टीम सेवा शिविर में योगदान करने के लिए उपस्थित थी। सभी महिलाओं ने एक दूसरे को सिंदूर भी लगाया। शिविर में शंभूनाथ सिंह ,विमल सिंह ,अशोक सिंह ,नंद कुमार सिंह ,अनूप सिंह भी उपस्थित थे। इस अवसर पर महिला संघ की अध्यक्ष डॉ कविता परमार, महासचिव मंजू सिंह, संरक्षिका प्रतिमा सिंह ,आशा सिंह, मालती सिंह, पुष्पा सिंह, केंद्रीय कमिटी से गीनू सिंह, ललिता सिंह, मीना सिंह, रीता सिंह, आशा सिंह, पूनम सिंह, इकाई अध्यक्ष सुजाता सिंह , निशा सिंह, विमला सिंह, सरोज सिंह, रागिनी सिंह, इकाई महासचिव संध्या सिंह, बबीता सिंह, प्रीति सिंह, ,मीरा सिंह ,पुरनधरा सिंह तथा इकाई की भी सदस्य उपस्थित थीं।

## टाटा वर्कर्स यूनियन ने किया इंटक महासचिव का स्वागत

**जमशेदपुर।** आज टाटा वर्कर्स यूनियन के पदाधिकारियों से इंटक के राष्ट्रीय महासचिव संजय कुमार सिंह ने स्थानीय डायरेक्टर बंगलो में मुलाकात की, जहां उनका फूलों के गुलदस्ते एवं अंग वस्त्र द्वारा स्वागत किया गया। श्री संजय ने इंटक के राष्ट्रीय कार्यक्रम पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए, टाटा वर्कर्स यूनियन के पदाधिकारियों को यह सुनिश्चित किया कि राष्ट्रीय इंटक में पूर्व की तरह टाटा वर्कर्स यूनियन की भागीदारी हमेशा महत्वपूर्ण रही है और इसे सदैव बरकरार रखा जाएगा। जब भी जरूरत पड़ेगी टाटा वर्कर्स यूनियन के लिए राष्ट्रीय इंटक सदैव एक अभिभावक के तौर पर मौजूद है। श्री संजय ने टाटा स्टील एवं प्रकाश स्टील के संदर्भ में बहुत सारी लाभकारी योजनाओं पर विचार विमर्श किया और इस बात का जिक्र भी किया कि उन्होंने प्रकाश स्टील में टाटा स्टील से प्रेरित होकर बहुत सारी योजनाओं को लागू किया है, मुख्य रूप से कोविड प्रोटक्शन स्कीम की तर्ज पर उनके यहां भी समान व्यवस्था लागू की गई है। उन्होंने टाटा वर्कर्स यूनियन के इतिहास एवं इसके वर्तमान कार्यशैली को अत्यंत ही कर्मचारी लाभकारी बताया और इसके लिए सभी पदाधिकारियों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने तमाम यूनियन पदाधिकारियों से मध्यप्रदेश के यूनियनों से मिलने का आमंत्रण दिया और इस बात पर बल दिया कि यदि सब यूनियन आपस में मिलजुल कर क्रॉस लर्निंग के द्वारा अपने कार्य क्षमता को विकसित करती हैं तो इससे हम सबों के सहकर्मी मजदूर भाइयों को लाभ दिलाने में सहूलियत होगी।

## एक नजर में

### प्रकाश पर्व पर वॉइस ऑफ ह्यूमैनिटी ने लगाये सेवा शिविर

**जमशेदपुर।** सिख पंथ के संस्थापक श्री गुरुनानक देव जी के 553वें प्रकाश पर्व के अवसर पर शहर की समाजिक संस्था वॉईस ऑफ ह्यूमैनिटी ने साकची स्थित कीनन स्टेडियम के समीप सेवा शिविर का आयोजन किया । सेवा शिविर के माध्यम से राहगीरों व नगर कीर्तन में शामिल लोगों के बीच स्नैक्स, बिस्किट व चोकोलेट का वितरण किया गया। संस्थापक हरि सिंह राजपूत ने कहा, गुरुनानक देव जी की शिक्षाएं आज भी दुनिया को अंधकार से मुक्त कर सुख, शांति एवं आनंद के पथ को प्रशस्त कर रही है।

### शिक्षकों ने विधायक सबिता महतो को सौंपा ज्ञापन

**गम्हरिया।** अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ के आह्वान पर चार सूत्री मांगों के समर्थन में चलाए जा रहे आंदोलन के दूसरे चरण में मंगलवार को संघ के सरायकेला जिला इकाई के प्रतिनिधिमंडल द्वारा प्रदेश उपाध्यक्ष दीपक दत्ता तथा जिला महासचिव मानिक प्रसाद सिंह के नेतृत्व में ईचागढ़ की विधायक सविता महतो से मिलकर अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा। इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष ने विधायक को स्पष्ट शब्दों में कहा कि तमाम कोशिशों के बावजूद भी अगर मुख्यमंत्री की ओर से समस्या के सकारात्मक समाधान की पहल नहीं की जाती है तो मजबूरन प्रदेश के हजारों शिक्षक सड़क पर उतर कर मुख्यमंत्री का घेराव करेंगे। कहा कि सरकारी उदासीनता से आक्रोशित शिक्षक सरकार के विरुद्ध नकारात्मक नारेबाजी कर भड़ास निकालने की अंदेशा भी बनी रहेगी।

### शिक्षक संघ ने मंत्री बन्ना गुप्ता को सौंपा ज्ञापन

**जमशेदपुर।** अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ द्वारा प्रस्तावित द्वितीय चरण के आंदोलन के तहत आज जमशेदपुर पश्चिमी विधानसभा क्षेत्र के विधायक सह स्वास्थ्य एवं आपदा प्रबंधन मंत्री बन्ना गुप्ता से संघ के पूर्वी सिंहभूम जिला इकाई तथा सैकड़ों शिक्षकों ने मिलकर 4 सूत्री मांगों से संबंधित ज्ञापन देकर वार्ता किया। मंत्री जी ने सारी बातों को सुनने के बाद तत्काल शिक्षा सचिव के रवि कुमार से सभी चारों बिंदुओं पर बात कर शीघ्र समस्या समाधान का निर्देश दिया। शिक्षा सचिव ने एमएसीपी के मामले को शीघ्र देखने की बात कही। उन्होंने कहा कि अत्यधिक विभागीय एवं गैर शैक्षणिक कार्य, जिस पर संघ को आपत्ति है उसे शीघ्र दूर किया जाएगा। साथ ही कहा कि शिक्षकों को बीएलओ कार्य से मुक्त करने का आदेश जारी कर दिया गया है अंतर जिला स्थानांतरण की जटिल प्रक्रिया के संबंध में शिक्षा सचिव ने कहा कि इस पर वे संज्ञान लेते हुए शीघ्र कार्रवाई करेंगे। वेतन विसंगति से संबंधित मांग पर माननीय मंत्री श्री बन्ना गुप्ता ने शिक्षा सचिव को निर्देश देते हुए कहा कि संघ के चारों बिंदुओं पर वार्ता हेतु संघ के प्रतिनिधि मंडल से वार्ता कर शीघ्र समस्या का समाधान करें।

## शफायत हुसैन की याद में अहसीन फाउंडेशन ने 104 यूनिट रक्त संग्रह किया

खबर मन्त्र ब्यूरो




**जमशेदपुर।** 8 नवंबर 2022 को रेड क्रॉस भवन में अहसीन फाउंडेशन के सहयोजक एवं भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी के संरक्षक आसिफ महमूद ने मासिक रक्त दान शिविर का आयोजन अपने पिता स्वर्गिय शफयत हुसैन के याद में रेड क्रॉस भवन में किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से रेड क्रॉस के सचिव विजय कुमार सिंह,इमारत शरिया के काजी सऊद आलम,मानगो नगर निगम के ब्रांड एंबेसेडर मुख्तार आलम खान, अहसीन इंटरनेशन स्कूल की प्रिंसिपल डॉक्टर अर्चना द्विवेदी,मुफ्ती निशात आलम और मतिनुल हक अंसारी ने दीप जला कर रक्त दान शिविर का उत्घाटन किया। आज के इस रक्त दान शिविर में 104 यूनिट रक्तदान किया गया। शिविर के उद्घाटन समारोह में आसिफ महमूद ने कहा के रक्त दान जीवनदान सबसे बड़ा दान है और उन्होंने कहा के रक्तदान को बढ़ावा देने के लिए आने वाले समय में लोगो को जागरूक करेंगे ताकि लोग अपनी इच्छा से ज्यादा से ज्यादा रक्त दान कर सके ताकि समय पड़ने पर कोई भी व्यक्ति खून की कमी से न परेशान हो और वक्त रहते इलाज संभव हो सके। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से चंद्रमोहन सिंह, डीके घोष,अफताब आलम,मोइनुद्दीन अंसारी,प्रभुनाथ सिंह, टीबी दत्ता,समाजसेवी अजीज हसनैनअशोक सिंह खास तौर से उपस्थित थे।

# ट्विटर में छंटनी


भारत में ट्विटर के कर्मचारियों ने कंपनी से अचानक निकाले जाने पर कहा है कि अपमान और अनिश्चितता उनकी वर्तमान स्थिति को दशार्न वाले सही शब्द हैं। कंपनी के कई कर्मचारियों को प्राप्त संदेश में कहा गया है कि कर्मचारी ट्विटर द्वारा नियोजित रहेंगे और चार जनवरी 2023 तक मुआवजा और लाभ प्राप्त करते रहेंगे। संदेश में कहा गया, एक सप्ताह के भीतर आपको कंपनी से हटाये जाने को लेकर प्रस्ताव का विवरण और गैर-कार्य नोटिस अवधि से पूरे वित्तीय ब्योरे की जानकारी मिल जाएगी। उस समय आपको कंपनी से अलग होने को लेकर समझौता और अन्य जानकारी भी प्राप्त होगी। इसमें आपकी ट्विटर सामग्री (कंप्यूटर, बैज, आदि) को कैसे वापस किया जाए, यह शामिल शामिल होगा। हालांकि अभी तक कोई आधिकारिक संख्या नहीं है लेकिन कुछ कर्मचारियों द्वारा देखे गए आंकड़ों के अनुसार, ट्विटर ने भारत में लगभग 250 लोगों की एक टीम में से 160 से अधिक लोगों को निकाल दिया है। कुछ कर्मचारियों ने दावा किया कि उन्हें अभी तक अपने रोजगार की स्थिति के बारे में ट्विटर से कोई सूचना नहीं मिली है। छंटनी को कठोर और अपमानजनक बताते हुए ट्विटर के ज्यादातर कर्मचारियों ने उत्कृष्ट कार्य वातावरण के लिए कंपनी की सरहाना की। उन्होंने कहा कि पुराने ट्विटर की संस्कृति का हिस्सा होने के नाते कुछ ऐसा है जो बहुत याद किया जाएगा। एक और कर्मचारी ने कहा, ट्विटर ने कर्मचारियों को कहीं से भी काम करने का विकल्प दिया था। साथ ही कर्मचारियों को संवाद करने और कंपनी के लिए जो कुछ भी उन्हें लगता है, करने की आजादी दी थी। ट्विटर में काम का जो माहौल और संस्कृति रही है, वह कही और मिलना मुश्किल है। हम नहीं जानते कि हमारा भविष्य क्या है।

# योजनाएं बंद होंगी?

देश में दशकों से चली आ रही भूमि अधिग्रहण की अड़चनें, अफसरशाही और केंद्र-राज्यों के बीच टकराव से 1.26 लाख करोड़ रुपये की 116 महत्त्वपूर्ण बुनियादी ढांचा परियोजनाओं को ठंडे बस्ते में डाला जा सकता है। इन परियोजनाओं पर 20,311 करोड़ रुपये का पूंजीगत व्यय किया जा चुका है लेकिन केंद्र अब इसे पूरी तरह से बंद करने की योजना बना रहा है। नीति आयोग द्वारा तैयार की गई आंतरिक रिपोर्ट के अनुसार 116 परियोजनाओं को चिह्नित किया गया है। इस निगरानी तंत्र को बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाने के लिए बनाया गया है। ज्यादातर परियोजनाएं रेलवे और सड़क क्षेत्र से जुड़ी हैं। रेलवे की बात करें तो 50 परियोजनाओं को रोका जाएगा (इनमें से कुछ को 40 साल पहले स्वीकृति दी गई थी) और 15 को अभी मंजूरी भी नहीं मिली है। इसी तरह सड़क क्षेत्र की 33 परियोजनाओं को बंद या निलंबित किया जा सकता है। ऐसे में ज्यादातर निवेश रेलवे और सड़क क्षेत्र में भी लगा है। वित्त वर्ष 2023 के बजट में रेलवे और सड़क परिवहन विभाग को नई बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के विकास के लिए सबसे अधिक धन का आंवटन किया गया था। रेलवे की अटकी परियोजनाओं की लागत 49 फीसदी बढ़कर 88,373 करोड़ रुपये हो गई। रेलवे की 72 परियोजनाओं पर अब तक कुल 8,500 करोड़ रुपये से अधिक का पूंजीगत व्यय किया जा चुका है। इसी तरह सड़क परिवहन और राजमार्ग की 33 परियोजनाएं लंबे समय से अटकी हुई हैं, जिनकी लागत में 6 फीसदी का इजाफा हुआ है। इन परियोजनाओं पर अब तक 11,000 करोड़ रुपये का खर्च हो चुका है। इन 116 परियोजनाओं में से 55 से अधिक परियोजनाओं को केंद्र और राज्यों के बीच भूमि अधिग्रहण के मुद्दों और अफसरशाही के कारण या बंद कर दिया गया।

# इजरायल में भारत के मित्र की वापसी





-डॉ दिलीप

अरब देश भी मान चुके हैं। फिलिस्तीन में भी निर्वाचित सरकार है। भारत के उनके साथ भी अच्छे सम्बन्ध हैं। मोदी ने इस नीति को मजबूत बनाया है। गाजा पट्टी, पश्चिमी तट और शरणार्थी समस्या का समाधान होना चाहिये। लेकिन यह कार्य इजरायल के अस्तित्व को नकार के नहीं हो सकता। हमास जैसे आतंकी संगठनों का दबाव नेतान्याहू को कभी मंजूर नहीं रहा।

**इजरायल** की भौगोलिक स्थिति संवेदनशील है। राजनीतिक अस्थिरता और कमजोर नेतृत्व से उसकी परेशानी बढ़ती है। इस तथ्य को वहां के लोगों ने समझा है। इसके चलते राजनीतिक संक्रमण काल का समापन हुआ। बेंजामिन नेतान्याहू की एक बार फिर सत्ता में वापसी हुई। पहले भी वह प्रधानमंत्री के रूप में इजरायल को मजबूत नेतृत्व प्रदान कर चुके हैं। फिलिस्तीन आतंकी संगठन हमास के हिंसक मंसूबों को वह नाकाम करते रहे है। इजरायल की एकता, अखंडता और सम्मान को बनाये रखने की उनमें दृढ़ इच्छाशक्ति रही है। फिर भी इसे इजरायल का आंतरिक मसला कहा जा सकता है। लेकिन नेतान्याहू का पुनः प्रधानमंत्री बनना भारत के भी हित में है। उन्होंने भारत की भौगोलिक स्थिति को समझा है। उसके अनुरूप विदेश नीति निर्धारित करने का साहस दिखाया है।

चीन संयुक्तराष्ट्र सुरक्षा परिषद में पाकिस्तान का बचाव करता है। इस संदर्भ में नेतान्याहू ने अपने पिछले कार्यकाल में भारत को खुला समर्थन दिया था। उनका कहना था कि चीन और पाकिस्तान के विरोध में भारत के प्रत्येक कदम का इजरायल समर्थन करेगा। इतना ही नहीं आतंकवाद से मुकाबले के लिए इजरायल सामरिक सहायता देने पर भी सहमत हुआ था। वस्तुतः प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयासों से इजरायल के साथ भारत के संबंध बहुत मजबूत हुए हैं। नेतन्याहू इजरायल के सर्वाधिक समय तक प्रधानमंत्री रहे हैं, जिन्होंने लगातार बारह वर्षों तक और कुल मिलाकर पंद्रह वर्षों तक देश पर शासन किया। उन्हें पिछले साल अल्पमत में आने के बाद सत्ता से हटना पड़ा था। बेंजामिन नेतान्याहू की लिकुड पार्टी के गठबन्धन को बहुमत मिल गया है। यायर लैपिड की येश अतीद पार्टी, रिलीजियस जियोनिज्म,नेशनल यूनिटी,शास और यूनाइटेड टोरा जुदाइस्म के गठबंधन को पराजय का सामना करना पड़। इजरायल में पिछले चार चुनाव में किसी को स्पष्ट जनादेश नहीं मिला था।

वस्तुतः नरेन्द्र मोदी ने भारतीय विदेश नीति में नया अध्याय जोड़ा था। इजरायल की यात्रा करने वाले वह पहले भारतीय प्रधानमंत्री हैं। उस यात्रा के दौरान हुए सात समझौतों ने सात दशक की कसर पूरी कर दी थी। दूरियां नजदीकियां बन गईं। जल, थल और नभ तक सहयोग का विस्तार हो गया। यह सामान्य यात्रा नहीं थी। भारतीय राजनीति को देखते हुए इस संबंध में निर्णय करना आसान नहीं था। इसके लिए इच्छाशक्ति व साहस की जरूरत थी। मुसीबत में साथ देने वाले को सच्चा मित्र माना जाता है। निजी जीवन की ऐसी अनेक बातें विदेश सम्बन्धों पर लागू होती हैं। रिश्तों में गर्मजोशी न होने के बावजूद पाकिस्तान के हमलों के समय उसने हमेशा भारत का साथ दिया। प्रत्येक युद्ध में उसने सहायता दी। समर्थन किया। जबकि अरब देशों का समर्थन व सहानुभूति पाकिस्तान की तरफ होती थी। ऐसे में इजरायल के साथ संबंधों में बहुत पहले ही बड़ा सुधार करना चाहिए था। इस दौरान मिस्त्र जैसे कई अरब देशों ने भी इजरायल से सम्बन्ध बहाल किए थे। इजरायल तो भारत के साथ सच्ची दोस्ती का निर्वाह कर रहा था। मोदी ने राजनीतिक नफा नुकसान का आकलन नहीं किया। उन्होंने राष्ट्र के हित को वरीयता दी। इसके चलते ही वह इजरायल जाने का निर्णय कर सके। राष्ट्रीय हित विदेश नीति का स्थायी तत्व होता है। अन्य तत्वों का स्थान इसके बाद आता है। इसके पहले के नेतृत्व ने इजरायल से मित्रता का महत्व समझा था। पीवी नरसिंहा राव के समय 1992 में इजरायल से कूटनीतिक सम्बद्ध की शुरूआत जरूर की गई थी। 1950 में इजरायल को भारत द्वारा दी गई सीमित मान्यता का यह अगला चरण था। अटल बिहारी बाजपेयी ने इसे आगे बढ़ाया। उनके समय में इजरायल के प्रधानमंत्री एरियल शेरोन भारत आये थे। कांग्रेस की सरकारें फलिस्तीन, अरब मुल्क और इजरायल से एक साथ अच्छे सम्बन्ध रखने पर विचार करने में विफल रहीं थीं। इजरायल का मध्यपूर्व में अस्तित्व एक हकीकत है।

इसे अरब देश भी मान चुके हैं। फिलिस्तीन में भी निर्वाचित सरकार है। भारत के उनके साथ भी अच्छे सम्बन्ध हैं। मोदी ने इस नीति को मजबूत बनाया है। गाजा पट्टी, पश्चिमी तट और शरणार्थी समस्या का समाधान होना चाहिये। लेकिन यह कार्य इजरायल के अस्तित्व को नकार के नहीं हो सकता। हमास जैसे आतंकी संगठनों का दबाव नेतान्याहू को कभी मंजूर नहीं रहा। एक बार फिर मतदाताओं ने उन पर विश्वास व्यक्त किया है। आतंकवादी पत्थरबाजी हरकतों से निपटने की उनकी नीति बहुत स्पष्ट है। वह तौल के हिसाब बराबर करते है। यही इजरायल की स्थापित नीति रही है। 1967 के युद्ध में उसने गाजा व पश्चिमी तट के इलाकों पर कब्जा जमाया था। यासिर अराफात के नेतृत्व में लम्बा संघर्ष चला। लेकिन इजरायल ने सुरक्षा की गारंटी मिले बिना किसी हिस्से को खाली करने से इंकार कर दिया था। इजरायल की आतंकवाद विरोधी रणनीति विश्व में सर्वाधिक कारगर मानी जाती है। इसी के बल पर उसने अपनी सुरक्षा को मजबूत बनाया है। यहूदी राष्ट्र मात्र सत्तर वर्ष पहले का नहीं है। इस जमीन पर उनका दावा ही सबसे पुराना है। उनको यहां से पलायन करना पड़ा था।

यह सही है कि यहूदी, ईसाई और मुसलमान सभी की मजहबी आस्थाओं व पवित्र स्थलों का सम्मान होना चाहिए। इसका शांतिपूर्ण समाधान इन्हीं लोगों को निकलना चाहिए। यह मध्यपूर्व के मुल्क समझ गए हैं कि इजरायल आतंकवाद को बर्दाश्त नहीं करता। भारत और इजरायल की यह साझा समस्या है। इसके अलावा कृषि, ऊर्जा आदि क्षेत्रों में इजरायल की तकनीक को बेहतर माना जाता है। मोदी के नेतृत्व में भारत और इजरायल का अनेक क्षेत्रों में सहयोग आगे बढ़ रहा है।

आतंकवाद भारत की बड़ी समस्या है। इसके मुकाबले की रणनीति में इजरायल महत्वपूर्ण सहयोगी हो सकता है। उसने सफलतापूर्वक ऐसी हिंसक हरकतों का मुकाबला किया है। यह अच्छा है कि भारत सरकार इजरायल की तर्ज पर पाकिस्तान से लगने वाली सीमा पर तारबंदी की संभावना तलाश रही है। इजरायल के पास विश्व की बेहतरीन सीमा सुरक्षा प्रणाली है। यह मनुष्य पर कम तकनीक पर ज्यादा आधारित है।

## खास बात

# अडानी को फुलटेली कॉम लाइसेंस

**टेलीकॉम सेक्टर में अदाणी का बोलबाला, मिला फुल टेलीकॉम लाइसेंस**

**जियो, एयरटेल को मिलेगी कड़ी टक्कर, अंबानी से होगा सीधा मुकाबला**

एशिया के सबसे अमीर इंसान गौतम अदाणी अब टेलीकॉम सेक्टर में कदम रखने की तैयारी में है। अदाणी की कंपनी अदाणी डाटा नेटवर्क लिमिटेड को दूरसंचार सेवाओं के लिए एकीकृत दूरसंचार लाइसेंस मिल गया है। आसान भाषा में कहा जाए तो लाइसेंस मिलने के बाद अब अऊठछ देश में हर तरह की टेलीकॉम सर्विसेज दे सकती है।

मीडिया रिपोटर्स के अनुसार अदाणी समूह को सोमवार को एकीकृत दूरसंचार लाइसेंस प्रदान किया गया है। हाल ही में देश में हुई 5जी स्पेक्ट्रम नीलामी में स्पेक्ट्रम खरीदने के बाद अदाणी समूह ने टेलीकॉम सेक्टर में कदम रखा था। स्पेक्ट्रम खरीदते समय कंपनी ने कहा था कि वह इस स्पेक्ट्रम का उपयोग समूह के भीतर की कारोबारी गतिविधियों के लिए करेगी।

अडानी टेलिकॉम देश में सभी तरह की टेलीकॉम सर्विसेज उपलब्ध करा सकती है। कंपनी अपनी 5जी सेवाओं को भी विस्तार दे सकती है। हालांकि अभी तक अदाणी समूह की तरफ से इस संबंध में कोई आधिकारिक ऐलान नहीं किया गया है। मगर ऐसा माना जा रहा हैं कि कंपनी के इस सेक्टर में कदम रखने के बाद मौजूदा टेलीकॉम दिग्गजों जियो , एयरटेल और वोडाफोन-आइडिया जैसी कंपनियों को कड़ी टक्कर मिलने वाली है।

देश के दो सबसे बड़े उद्योगपतियों मुकेश अंबानी और गौतम अदाणी के बीच सीधा मुकाबला देखने को मिल सकता है। अभी तक दोनों अलग-अलग सेक्टर में व्यापार करते थे और दोनों के बीच सीधे तौर पर कोई प्रतिस्पर्धा नहीं थी। मुकेश अंबानी का रिलायंस समूह तेल, रिफाइनरी, पेट्रोकेमिकल्स से लेकर टेलीकॉम और रिटेल सेक्टर में काम करता है। वहीं दूसरी तरफ अदाणी समूह पोर्ट, कोयला, ग्रीन एनर्जी, बिजली वितरण और एविएशन सेक्टर में काम करता है। लेकिन अब टेलीकॉम सेक्टर में सीधी टक्कर होगी।

रोजगार का पता नहीं, लेकिन बेरोजगारी दर बढ़ती ही जा रही है। भारत की बेरोजगारी दर बढ़कर 7.8% हो गई है।

सबसे बुरा हाल ग्रामीण इलाकों में है। ग्रामीण इलाकों में बेरोजगारी दर 8.04% हो गई है।

**– सुबोधकांत सहाय, कांग्रेस**

## रोचक ट्वीट

सावित्रीबाई फुले जी के संघर्ष को सम्मान देने की एक छोटी सी कोशिश की है हमने - सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना से झारखण्ड की हमारी लाखों बहन और बेटियों को जोड़कर।

**– हेमंत सोरेन, सीएम**





संस्कृत से निर्माण हुआ हमारी संस्कृति का कोशिश है कि यह मध्यम बने अभिव्यक्ति का। मोदी जी की राष्ट्रीय शिक्षा नीति ने जगाई आशा संस्कृत का बढ़ेगा दायरा, बनेगी जन भाषा।

**– अन्नपूर्णा देवी**

# गुणवान कृष्ण

## धर्म-प्रवाह

**डॉ. कृष्णगोपाल मिश्र**

**राजनीति** से जुड़े लोग प्रायः अपनी विलासप्रियता के कारण आर्थिक लाभ-लोभ से ग्रस्त होकर भ्रष्ट हो जाते हैं। जो आर्थिक भ्रष्टाचार के पाप-पंक में नहीं गिरते, वे यश-लोलुपता के मकड़जाल में जकड़ कर अपने उद्देश्य से भटक जाते हैं।

महाभारत के सभापर्व में राजनीतिक व्यक्ति (राजा) में छः गुण (व्याख्यान शक्ति, प्रगल्भता, तर्ककुशलता, नीतिगत निपुणता, अतीत की स्मृति और भविष्य के प्रति दृष्टि अर्थात दूरदर्शिता) आवश्यक माने गए हैं। जो राजा इन छः गुणों से युक्त होता है, उसकी राजनीति ही सुफलवती बनती है। महाभारतकालीन राजनीति में राजनीति की उपर्युक्त समस्त अर्हताएं श्रीकृष्ण के अतिरिक्त अन्य किसी महावीर अथवा महापुरुष में नहीं हैं। पितामह भीष्म में दृढ़ता है; वीरता है, अद्भुत प्रतिज्ञा-प्रियता है किन्तु नीतिगत निपुणता का अभाव है।

अपनी प्रतिज्ञा के प्रति अतिरिक्त आसक्ति उन्हें असफल राजपुरुष बनाकर शरशय्या पर लिटा देती है। महात्मा विदुर में प्रगल्भता (अवसर के अनुसार कार्य करने की सामर्थ्य) का अभाव है।

वे पूर्व निरूपित नीतियों के आलोक में निर्णय देने के अभ्यासी हैं। सत्यवादी युधिष्ठिर में व्याख्यान शक्ति, प्रगल्भता, तार्किकता, नीति निपुणता, और दूरदर्शिता का नितांत अभाव है। गुरु द्रोण, कृपाचार्य आदि अन्य राजपुरुष भी राजनीति की उपर्युक्त छः अर्हताओं की कसौटी पर खरे नहीं उतरते। इसलिये हम कृष्ण को संपूर्ण मानते हैं सभी ईश्वर की तुलना में।

## कार्टून वर्ल्ड

बेहाल पुतिन...



## लेटर टू एडिटर

### हस्तक्षेप रोकें

**वन्य** जीवों की संख्या में गिरावट जैव विविधता के लिए चिंताजनक खबर है। ज्वालामुखी विस्फोट, भूकंप, सुनामी आदि प्राकृतिक आपदाओं के कारण वन्य जीवों के आवास नष्ट हो गए और परिणामस्वरूप इनकी संख्या में भारी कमी हो गई। वहीं जनसंख्या वृद्धि के कारण मनुष्य द्वारा आवास, कृषि, उद्यानों, कारखानों हेतु वन-भूमि का उपयोग किया जा रहा है। यह गलत है। **–सोहन सिंह, रांची**

### देशभक्ति का जज्बा

**शहीद-ए-आजम** भगत सिंह और उनके नौजवान साथियों के राष्ट्र भक्ति के शब्द अहसास दिलाते हैं कि इनमें अपने देश को आजाद करवाने के लिए कितना जोश था। देशभक्तों के जन्मदिन या शहीदी दिन पर सबको उनकी कुर्बानियों को याद करते हुए यह प्रण लेना चाहिए कि कभी कोई ऐसा काम नही करेंगे, जो देशहित के लिए उचित न हो।

**– राजेश कुमार, हजारीबाग**

# समतामूलक समाज के उन्नायक नानक देव

**डॉ. अशोक कुमार भार्गव**

**सिख** धर्म के संस्थापक आदि गुरु नानकदेव जी मानवीय कल्याण के प्रबल पक्षधर थे। गुरुनानक देव जी का जन्म 1469 में लाहौर के पास तलवंडी नामक स्थान में जो अब ननकाना साहिब के नाम से प्रसिद्ध है, हुआ था। इनके पिता पटवारी कालू मेहता और माता का नाम तृप्ता देवी था। वह बचपन से ही ईश्वरीय प्रतिभा से संपन्न दिव्यात्मा थे जो ध्यान, भजन, चिंतन, सत्य, अहिंसा, संयम और आध्यात्मिक विषयों में ही अधिक रुचि लेते थे। उनके जीवन की अनेक अलौकिक, असाधारण और चमत्कारिक घटनाएं हैं जो उनकी कर्म, भक्ति और ज्ञान साधना की महानता तथा अनासक्त भाव को प्रकाशित करती हैं। पाठशाला में वे शब्द के साधक बन अपने समय से बहुत आगे भविष्य को पढ़ रहे थे। परा विद्या से अक्षरों की वर्णमाला में उन्हें परमात्मा की एकता और उनके स्वरूप का रहस्य दिखाई देता था। उनकी आध्यात्मिक ऊंचाई को देख उनके गुरु और मुल्ला गुरु भी शिष्य बन गए। यज्ञोपवीत संस्कार के समय वे कहते हैं की 'जनेऊ के लिए दया का कपास हो, उस दया रूपी कपास से संतोष रूपी सूत काता गया हो,साधना की गांठ हो। जैसे कर्म योगी कृष्ण ने गीता में उद्घाटित किया कि आत्मा को आग जला नहीं सकता, जल गला नहीं सकता, पवन उड़ा नहीं सकता उसी प्रकार जनेऊ ऐसा हो जो न कभी टूटे न कभी मैला हो और न कभी नष्ट हो। जिसने इस रहस्य को समझ लिया वही इस संसार में धन्य है। चरवाहे का

## प्रेरणा

कार्य करते समय वृक्ष के नीचे सो जाते हैं तब वृक्ष की छाया सूर्य से निरपेक्ष हो जाती है। नानक जी का मन बच्चों के साथ खेलने कूदने में नहीं लगता साधु-संतों की संगति अच्छी लगती है। पिता कालू मेहता नानक के स्वास्थ्य की चिंता से वैद्य को बुलाते हैं। नानक जी वैद्य से कहते हैं कि मेरे शरीर में कोई विकार नहीं है। मेरा दर्द उस परमात्मा से न मिल पाने यानी वियोग से पैदा हुआ दर्द है। यदि इसकी कोई औषधि तुम्हारे पास हो तो ले आओ।

पिता नानक जी को सच्चा सौदा करने के लिए कम कीमत पर वस्तुएं खरीद कर अधिक कीमत पर बेचने के लिए कहते हैं किंतु नानक पिता के दिए पैसों से भूखे प्यासे साधु-संतों को रसद खरीद कर दे देते हैं। उनकी दृष्टि में भूखे को अन्न देना ही सच्चा सौदा है। सुल्तानपुर लोदी में नौकरी करते हुए वह घर जोड़ने की माया से विमुख सारी तनख्वाह गरीबों और जरूरतमंदों को बांट देते हैं। उनके मन में नकार बिल्कुल नहीं है । इसलिए वे विवाह के लिए हां करते हैं क्योंकि इसके लिए सामाजिक उत्तरदायित्व से पलायन न करते हुए गृहस्थ आश्रम में रहकर भी सच्चा धार्मिक और आध्यात्मिक जीवन जिया जा सकता है। वे साधु होकर भी जन समाज में ही रहे उनके सुख-दुख में भाग लेकर उन सा ही जीवन व्यतीत करते रहे। मोदी खाने में एक दिन आटा तोलते समय तेरा-तेरा अर्थात ईश्वर का करते हुए सारा आटा ही तोल दिया। नानक जी नदी में स्नान करने जाते हैं तो 3 दिन बाद एकाएक प्रकट होकर कहते हैं कि ₹न कोई हिंदू है ना कोई मुसलमान। मैं इंसान और इंसान के बीच कोई फर्क नहीं मानता। ईश्वर मनुष्य की पहचान उसके अच्छे गुणों से करता है न कि उसके हिंदू या मुसलमान होने के कारण।₹

एक काजी ने नानक को मस्जिद में जाकर नमाज पढ़ने के लिए आदेश दिया। नानक मस्जिद में गए जरूर लेकिन नमाज नहीं पढ़ी। शासक दौलत खान ने नमाज न पढ़ने के लिए नानक से पूछा तो नानक ने कहा कि मैं नमाज किसके साथ पढ़ता। आप भी तो नमाज नहीं पढ़ रहे थे आपका तो ध्यान तो कंधार में घोड़े खरीदने में था ।वही काजी इस चिंता में डूबे हुए थे कि कहीं घोड़ी का नवजात शिशु आंगन के कुएं में न गिर जाए।

# कोरोना ने शिक्षा व्यवस्था की चूल हिला दी है

**वृजमोहन ओझा**

**हालात** इशारा कर रहे हैं कि देश में शैक्षिक ढांचा लगातार इंडिया और भारत में तब्दील होता जाता रहा है। एक तरफ संपन्न तबके, पूंजीपतियों, नेताओं व नौकरशाहों के बच्चे महंगे स्कूलों में शिक्षित व प्रशिक्षित हो रहे हैं, वहीं सरकारी स्कूलों की बदहाली में विस्तार जारी है। राजनीतिक भ्रष्टाचार की तपिश से भी शिक्षा की कोंपलें मुरझायी ही हैं। शिक्षा मंत्रालय की स्कूल एजुकेशन पर हालिया रिपोर्ट तो कम से कम यही बताती है। पिछले दिनों शिक्षा मंत्रालय के यूनीफाइड डिस्ट्रिक्ट इनफोर्मेशन सिस्टम फॉर एजुकेशन प्लस यानी यूडीआईएसई+ की 2021-22 के लिये जारी वार्षिक रिपोर्ट के आंकड़े तो कम से कम यही कहते हैं। एक साल में बीस हजार स्कूलों का बंद होना गंभीर चिंता की बात है। ये वे स्कूल हैं जिनमें ज्यादातर निम्न आय वर्ग व वंचित समाज के लोग उम्मीदों से पहुंचते हैं। निस्संदेह, यह स्थिति सत्ताधीशों की लोक-कल्याणकारी दायित्वों से मुक्त होने की कहानी भी कहती है। उससे भी ज्यादा चिंता की बात यह कि इस दौरान निजी स्कूलों के एक लाख शिक्षकों ने नौकरी गंवाई है। पूरी दुनिया में गरीब तबके के करोड़ों विद्यार्थी, खासकर ज्यादातर लड़कियां फिर कभी स्कूलों का मुंह नहीं देख पाएंगी। उनके परिवारों पर महामारी के दौरान जीविका का संकट कहर बनकर बरपा है।

## समाज

निस्संदेह उनकी प्राथमिकता पहले रोटी रही है, शिक्षा उनके लिये गौण विषय रहा है। इस रिपोर्ट में भारतीय शैक्षिक ढांचे की हकीकत भी उजागर हुई है। रिपोर्ट बताती है कि सर्वेक्षण में शामिल देश के करीब 53 फीसदी स्कूलों में कंप्यूटर की सुविधा नहीं थी। वहीं 66 फीसदी स्कूलों में इंटरनेट नहीं पहुंचा। ऐसे में अंदाजा लगाया जा सकता है कि कोरोना संकट के दौरान ऑनलाइन पढ़ाई के दावे कितने खोखले रहे होंगे? इन बच्चों की पढ़ाई का महामारी काल में कितना नुकसान हुआ होगा? क्या ये बच्चे भविष्य में निजी स्कूलों के छात्रों से मुकाबला कर पायेंगे?

रिपोर्ट के अन्य कई आंकड़े शैक्षिक जगत में विशाल खाई की असलियत उघाड़ देते हैं। रिपोर्ट बताती है कि बिहार के 89 फीसदी स्कूलों में इंटरनेट की सुविधा नहीं है। करीब 83 फीसदी स्कूलों में प्रोजेक्टर से पढ़ाई की व्यवस्था नहीं है। देश के 23 प्रतिशत स्कूलों में खेल के मैदान नहीं हैं। करीब 83.3 फीसदी स्कूलों में लाइब्रेरी नहीं है। आधुनिक शिक्षा से कोसों दूर इन स्कूलों में पढ़ रहे बच्चों का भविष्य क्या होगा, जहां दस फीसदी से अधिक स्कूलों में बिजली नहीं पहुंची है। वहीं करीब ढाई फीसदी स्कूलों में छात्राओं के लिये शौचालय नहीं हैं। शिक्षा की इन बुनियादी जरूरतों के बिना बच्चे किन हालात में पढ़-लिख रहे हैं और क्या पढ़-लिख रहे हैं, उसका अंदाजा सहज ही लगाया जा सकता है। कह सकते हैं कि ये स्कूल बीमार भविष्य के वाहक बन गये हैं। ऐसे में इस कथन का क्या औचित्य है कि यह ज्ञान की सदी है? यह भी कि नई शिक्षा नीति धरातल पर कितनी प्रभावी रही है? निस्संदेह कोरोना काल हमारे सामने एक बड़ी चुनौती बनकर आया। तब जीवन बचाने का संकट था। लेकिन उसके बावजूद पुरानी स्थिति बहाल करना सत्ताधीशों की प्राथमिकता में क्यों नहीं है? यहां सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्यों देश में शिक्षा प्रणाली में एकरूपता लाने और उसे समय की जरूरतों के अनुरूप ढालने के ईमानदार प्रयास नहीं होते हैं?

संस्थापक
स्व. डॉ अभय कुमार सिंह
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
मंजू सिंह
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
अविनाश ठाकुर*
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

स्पीड न्यूज

### शिवलिंग क्षतिग्रस्त मामले को लेकर जांच में पहुंची पुलिस टीम

**गोला।** गोला थाना क्षेत्र के बैटूलकलां गांव में शिवलिंग तोड़ने की घटना अब राजनीतिक तूल पकतड़ता जा रहा है । शिवलिंग टूटने की घटना को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने भी दु:ख जताया साथ ही शरारती तत्व के लोगो के ऊपर जल्द से जल्द कर्रवाई की मांग की है। घटना के बाद रामगढ एसपी पीयूष पांडेय के निर्देश में एसडीपीओ किशोर कुमार रजक के नेतृत्व में गोला पुलिस व टेक्निकल टीम के साथ घटना स्थल पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। एसडीपीओ ने कहा कि पुलिस हर पहलू पर कार्य कर रही है जो भी दोषी होगा निश्चित रूप से कार्रवाई की जाएगी । मौके पर जांच टीम के अलावे इंस्पेक्टर राजेश कुमार , थाना प्रभारी सिद्धांत ,प्रदीप दुबे आदि मौजूद थे।

### भव्य हनुमान मंदिर का निर्माण जारी

**दारु।** दारू प्रखंड के कबिलासी पंचायत के चोरियां( सुंदर नगर) गावं में हनुमान मंदिर का कार्य काफी प्रगति से चल रहा है । समाजसेवी बबल सिंह ने बताया की हमारे गावं में आदिकाल से मंदिर नहीं था । जिस कारण भगवान हनुमान जी की पूजा अर्चना करने के लिए दूसरे गावं जाना पड़ता था । मैंने अपने ग्राम वासियों के साथ हनुमान मंदिर बनाने का संकल्प लिया और मंदिर का निर्माण कार्य प्रारंभ कर दिया । मंदिर निर्माण में पूरे ग्रामीणों का आर्थिक सहयोग भी प्राप्त हो रहा है । अनुमानित हैं कि आने वाले रामनवमी तक निर्माण कार्य पूरा कर लिया जायेगा । मंदिर के निर्माण के बाद भव्य आयोजन कर मंदिर का उद्घाटन किया जाएगा। मंदिर का कार्य प्रारंभ होने से पुरे गावं में खुशी का माहौल है ।

### फरार अभियुक्त के घर पुलिस ने चिपकाया इश्तेहार

**बरही।** रंगदारी मामले में न्यायालय के आदेश पर बरही थाना कांड संख्या 224/14 में फरार प्राथमिकी अभियुक्त व बरही थाना क्षेत्र के बरही पूर्वी के बाराटांड निवासीआनंद रविदास पिता विजय रविदास के घर पर बरही पुलिस ने इश्तेहार चिपकाया है।प्राथमिकी अभियुक्त पर बरही थाने में रंगदारी मामले में तत्कालीन एमओ चंद्रशेखर सिंह द्वारा प्राथमिकी दर्ज कराया गया था। तत्कालीन एमओ चंद्रशेखर सिंह ने धारा 384 के तहत रंगदारी मांगने का आरोप लगाते हुए आनंद रविदास को नामजद अभियुक्त बनाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराया था। पुलिस सूत्रों ने बताया कि थाने में कांड दर्ज होने के बाद से ही प्राथमिकी अभियुक्त कानून की नजरों से फरार चल रहा है। इधर, कोर्ट ने पुलिस को अभियुक्त के घर पर इश्तेहार चिपकाने का आदेश दिया है।

### रविन्द्र कुमार यादव बने अध्यक्ष व मो एहसान सचिव

**बरही।** कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा के तहत प्रखण्ड के बेन्दगी पंचायत में कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी की अध्यक्षता में कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा के तहत कार्यक्रम आयोजित की गई। कार्यक्रम में सर्वसम्मति से रविन्द्र कुमार यादव को बेन्दगी पंचायत का अध्यक्ष व मो एहसान को सचिव बनाया गया। इस दौरान कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी नहीं, बल्कि एक सोच और विचारधारा है। कांग्रेस पार्टी की सोच और विचार धारा को आगे बढ़ाने के लिए हम सब को प्रतिबद्ध होना चाहिए। मौके पर मुखिया सिकंदर राणा, उपमुखिया अशोक राणा, राजेश यादव, दिलीप रजक, अजय कुमार, राजेश साव, अशोक साव, परमेश्वर यादव, जानकी महतो, राजू यादव, सुनील यादव, छत्रधारी यादव, राजेश यादव सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### जेपीएससी में 213 वा रैंक लाकर अमन बना सहायक अभियंता

**बड़कागांव।** जेपीएससी में 213 वा रैंक लाकर प्रखंड के कांडतरी पंचायत स्थित सोनपुरा गांव निवासी पिता विशेश्वर महतो एवं माता मेघनी देवी का द्वितीय पुत्र अमन कुमार एसडीओ सहायक अभियंता पद पर सफलता हासिल की।

# कृष्णापुरी तालाब की अजब कहानी, एक तरफ जीर्णोद्धार, दूसरी ओर अतिक्रमणकारी सिर पर सवार

**खबर मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग।** नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत वार्ड नंबर 7 स्थित कृष्णापुरी तालाब के जीर्णोद्धार का कार्य नगर निगम द्वारा पहली बार कराया जा रहा है। अपने अस्तित्व के लिए जूझते कृष्णापुरी तालाब के लिए यह एक बेहतरीन पहल है। लेकिन उसी तालाब की जमीन पर सड़क की दायी और बायीं ओर दूकान का निर्माण भी जारी है, ये मन में संदेह पैदा करने की लिए काफी है। ज्ञात हो कि



सड़क पर किया जा रहा अतिक्रमण

पहले से ही साढ़े चार एकड़ में लगभग तीन एकड़ जमीन अतिक्रमणकारियों के कब्जे में है। तालाब सिकुड़ कर मात्र एक डेढ़ एकड़ में सिमट गई है। अब रास्ते के किनारे वाले जमीन पर अतिक्रमणकारियो की वक्र दृष्टि है जिसपर दूकान बनाने की प्रक्रिया बिना लाग लपेट के जारी है।

**शिकायत के बावजूद भी कार्रवाई नहीं:**तालाब के अतिक्रमण को लेकर कई बार शिकायत पर जांच वगैरह की कागजी कार्रवाई भी हुई। यहां तक कि नगर निगम ने एक बार वृहद रूप से मापी वगैरह करके अतिक्रमित क्षेत्र को चिह्नित किया और अतिक्रमणकारियों को नोटिस जारी किया। मामले में हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया गया, जहां कई वर्ष हो गए मामले में कोर्ट का निर्णय नहीं आया है, अभी भी विचाराधीन ही है। जबकि इस बीच नगर निगम से योजना पास करा कर बचे हुए तालाब के चारों तरफ पीसीसी रोड और नाली बना कर एक तरह से तालाब की सीमा तय कर दी गई। लेकिन अब उस रोड पर ही गड्ढा खोदा जा रहा है और सड़क की दोनों किनारे पर दूकान बनाकर अतिक्रमण जारी है।

**नगर आयुक्त की आदेश की उड़ी धज्जियां:** इसको लेकर नगर आयुक्त प्रेरणा दीक्षित ने 25 जून को पत्र के माध्यम से कोर्रा थाना प्रभारी व सदर सीओ को अतिक्रमणकारियो की पहचान कर एफआईआर दर्ज कर विधि सम्मत कार्रवाई करने और जलस्त्रोत बंद करने वालों की पहचान करने के लिए पत्र भेजा था। चार महीने के बाद भी उसपर कोई कार्रवाई नहीं की गयी।

**क्या कहतीं है नगर आयुक्त**

जब कार्रवाई को लेकर नगर आयुक्त प्रेरणा दीक्षित से जानकारी ली गयी तो उन्होंने कहा कि विभिन्न माध्यमों से अतिक्रमण की खबरें मिल रही हैं। मेरे कार्यकाल में जहा भी अतिक्रमण की जानकारी मिल रही है उसपर कार्रवाई हो रही है। कृष्णापुरी तालाब पर अतिक्रमण की भी जांच एक दो दिन में कर ली जायेगी। अतिक्रमणकारियो पर विधिसम्मत कार्रवाई होगी।

# गुरुनानक देव जी का प्रकाश उत्सव उत्साह के साथ मनाया गया

**खबर मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़।** सिखों के प्रथम गुरू गुरूनानक देव जी के प्रकाश उत्सव पर मंगलवार को गुरूनानक पब्लिक स्कूल परिसर में विशष दीवान सजाया गया। साथ ही कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान रागी जत्थों ने अपने मधुर सवर से गुरूवाणी पेश किया। गुरूवाणी सुनने के लिए बड़ी संख्या में संगत पहुंचे।

**डीसी-एसपी हुए शामिल:** प्रकाश उत्सव पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने के लिए डीसी माधवी मिश्रा एवं एसपी पीयूष पांडे सहित कई गणमान्य लोग पहुंचे। जिन्होंने वहां अरदास किया। इस क्रम में उन्हें सरोपा देकर सम्मानित किया गया।



सजा दीवान और गुरूवाणी गाते

**लंगर का वितरण**

रागी जत्थों द्वारा गुरूवाणी गायन के उपरांत गुरू के लंगर का वितरण किया गया। लंगर लेने के लिए बड़ी संख्या में लोग गुरूनानक स्कूल परिसर पहुंचे। जहां उन्हें लंगर प्रदान किया गया।

**स्कूल परिसर को आकर्षक तरीके से सजाया गया:** प्रकाश उत्सव को लेकर गुरूनानक पब्लिक स्कूल परिसर के ऑडिटोरियम सहित अन्य स्थानों को आकर्षक रूप से सजाया गया था।

**ये हुए शामिल**

कार्यक्रम में प्रधान सरदार परमदीप सिंह कालरा, मित प्रधान अमरजीत सिंह सैनी, तेजिंदर सिंह सोनी ,जोगिंदर सिंह जग्गी ,बलजीत सिंह बेदी ,देवेंद्र सिंह अरोरा, इंद्रजीत सिंह कोहली, नरेंद्र पाल ,यश छाबड़ा ,गुरप्रीत चना ,जितेंद्र सिंह पवार ,गुरप्रीत सलूजा, राजू जस्सल ,सुरेंदर सिंह बेदी, इकबाल सिंह ,रघुवीर होरा ,हरजीत सिंह छाबड़ा, विंकल कालरा ,रंजीत सिंह छाबड़ा, देवेंद्र सिंह सोनी ,हरदीप होरा ,रमन कोहली , बन्नी गांधी ,अमरपाल आनंद ,स्नेहा गांधी , रघुवीर सिंह छाबड़ा ,प्रीतम सिंह कालरा, , डॉक्टर नरेंद्र सिंह सोनी ,टोनी गांधी रौनक, सुरजीत सिंह छाबड़ा ,जसकीरत सिंह भाटिया, गुरु नानक स्कूल के चेयरमैन हरपाल सिंह अरोड़ा ,वाइस चेयरमैन कुलजीत सिंह कालरा ,परमिंदर जस्सल ,डिप्टी चेयरमैन मनमोहन सिंह लांबा आदि ने भाग लिया।

# पंचायत भवन सचिवालय बना प्रचार-प्रसार का अड्डा

**खबर मंत्र संवाददाता**

**टाटीझरिया।** प्रखंड के झरपो पंचायत भवन सचिवालय प्रांगण में आये दिन प्राइवेट संस्थानो को सरणागत मिल जा रही है। जिसके कारण भोले भाले जनता को भुक्तभोगी होना पड़ रहा है। बता दे कि बहेरा आश्रम आंख अस्पताल से कर्मी गणो ने झरपो पंचायत भवन में शिविर लगाया जहाँ कोई बैनर अस्पताल का नही लगाया गया था। क्षेत्र के जनता से सबंधित अस्पताल के बारे पूछताछ के दौरान करने पर कर्मियों ने फटकार लगाते हुए। मान हानि केश करने की धमकियां दिया। और कहा कि प्रधानमंत्री आयुष्मान कार्ड कब का बन्द हो गया। इसमे किसी प्रकार का कोई इलाज अब संभव नही है।



मौके पर उपस्थित ग्रामीण

लेकिन एनाउंसमेंट के दौरान अस्पताल कर्मियों ने क्षेत्र में अस्पताल के नियमों से अवगत नही करवाया । बल्कि निःशुल्क इलाज को लेकर हल्ला बोल किया। जिसे सुन ग्रामीणों ने स्थल पर पहुंचा। और मनमानी तरीके से इलाज के शुल्क (रुपये) सुनकर मायूस वापसी अपने घर को लौट गए। एवं नाराजगी जाहिर किया। और कहा की पंचायत भवन सरकारी संस्थान है यहां किसी भी स्थिति में मिथ्या बोलकर शिविर नही लगाया जाये। मौके पर सुरेंद्र सोनी,लक्ष्मण प्रसाद,मो.मियां, मो.सीता देवी, कंचन देवी,सुनीता देवी, कविता देवी, यशोदा देवी, होरिल राम, सुरेश प्रसाद,महावीर महतो, संदीप कुमार समेत अन्य सैकड़ों महिला पुरूष उपस्थित थे।

# 10 के धरना-प्रदर्शन को सफल बनाने का हुआ आह्वान

**सौंदा डी में भाजयुमो के तीनों मंडल की हुई बैठक**

**खबर मंत्र संवाददाता**

**भुरकुंडा (रामगढ़)।** भारतीय जनता युवा मोर्चा के तत्वधान में मंगलवार को सौंदा डी पंचायत भवन में भुरकुंडा, भदानीनगर व पतरातू मंडल की बैठक हुई। इसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अमितेश सिंह व संचालन भजयुमो पतरातू मंडल अध्यक्ष गणेश कुमार ठाकुर ने की। बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित भजपा मंडल अध्यक्ष सह पार्षद राजाराम प्रजापति उपस्थित थे। बैठक में झारखंड सरकार के विरोध में घोषित 10 नवंबर को प्रखंड मुख्यालय पतरातू में धरना-प्रदर्शन की तैयारियों पर चर्चा की गई। साथ ही कार्यकर्ताओं से कहा गया कि इस प्रदर्शन में भरी संख्या में शामिल होकर इसे सफल बनावें।

मौके पर जिला कार्यसमिति सदस्य डब्लू पांडे, जिला सोशल मीडिया प्रभरी संतोष शर्मा, दशरथ कुर्मी, दिलीप गुप्ता, राजाराम सिंह, संजय सिंह, अजीत जायसवाल, विष्णु राम, सल्लू मियां, अल्पसंख्यक मोर्चा पतरातू मंडल अध्यक्ष असलम मियां, ड्डादानीनगर युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष आशीष शर्मा, युवा मोर्चा ड्डुरकुंडा मंडल अध्यक्ष पिंटू सिंह, अंबर कुमार, विकास कुमार, राजू कुमार, पंकज महतो सहित कई लोग मौजूद थे।

# पवित्र कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर लोगों ने नदियों में किया स्नान

**खबर मंत्र संवाददाता**

**भदानीनगर (रामगढ़)।** पवित्र कार्तिक महीने की पूर्णिमा के अवसर पर मंगलवार की अहले सुबह नलकारी एवं दामोदर नदी एवं कोयलांचल के विभिान्न तालाब एवं नदियों में श्रद्धालुओं ने स्नान-ध्यान कर भागवान सूर्य को जल अर्पित किया। नदियों एवं तालाबों के किनारे बड़ी संख्या में गरीब असहाय लोग नजर आए। श्रद्धालुओं ने स्नान करने के बाद साधु संत एवं गरीब असहाय लोगों के बीच अनाज दान किया। इसके बाद लोग मंदिरों में पहुंचकर आराध्य देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना की। इस मौके



स्नान-ध्यान करते श्रद्धालु महिला-पुरूष

पर कई संगठनों एवं संस्थाओं ने गरीब असहाय और साधु-संतों के बीच खीर, पूडी, खिचड़ी आदि प्रसाद का वितरण किया। बताया जाता है कि कार्तिक पूर्णिमा के दिन नदी एवं तालाबों में स्नान कर गरीब एवं साधु संत के बीच दान करने से पुण्य की प्राप्ति होती है। वहीं दूसरी तरफ कार्तिक पूर्णिमा के मौके पर भुरकुंडा कोयलांचल में भाी श्रद्धालुओं की नदियों एवं तालाबों में स्नान और दान का सिलसिला दिखा। यहां भ्ाुरकुंडा छठ मंदिर में श्रद्धालुओं के बीच खीर का प्रसाद वितरण किया गया।

**एक नजर में**

### युवाओं ने मंदिर निर्माण के लिए लिया संकल्प, भूमि पूजन का किया आयोजन



**बरही।** प्रखंड के बरसोत में युवाओं ने मंदिर निर्माण के लिए संगठित होकर पुरोहित अन्तयार्मी पाठक के द्वारा भूमि पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में समाजसेवी सह अधिवक्ता मणिलाल ने युवाओं को संगठित कर बजरंग बली के मंदिर निर्माण के लिए धनसंग्रह के लिए प्रेरित करते हुए कार्यक्रम का आयोजन किया। वहीं युवाओं ने अतिउत्साह दिखाते हुए धन संग्रह हेतू सक्रिय हो गए। भूमि पूजन कार्यक्रम के तहत पुरोहित अन्तयार्मी पाठक ने यजमान युवकों के साथ भूमि को जागृत करते हुए पूजन कार्य सम्पन कराया। इस बाबत मणिलाल चौधरी के अनुसार मंदिर निर्माण में लगभग चार लाख से अधिक खर्च बताया गया है। मन्दिरबको भव्य बनाने का प्रयास किया जायेगा।साथ ही श्रमदान को विशेष महत्व देने का विचार व्यक्त किया गया है। उन्होंने बताया कि बनारस से संगमरमर की मूर्ति लेकर मंदिर में स्थापित करने का विचार है। मंदिर में चहारदीवारी व परिक्रमा क्षेत्र की व्यवस्था किया जायेगा। मौके पर पुरोहित अन्तयार्मी पाठक, मणिलाल चौधरी, मनोज कुमार सिंह, प्रदीप कुशवाहा, अनंत कुमार सिन्हा,अरुण कुमार सिन्हा, प्रवीण कुमार सिन्हा, मनोज केसरी, प्रकाश सिंह, विनोद सिंह, आकाश सिंह, सिकंदर सिंह, बालेश्वर चंद्रवंशी, विशाल सिंह के अलावे कई लोग मौजूद थे।

### बड़ा अखाड़ा से पूरे कार्तिक माह चलने वाला प्रभात जागरण संपन्न

**इचाक।** कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर प्रखण्ड के लक्ष्मी नारायण मंदिर बडा अखाड़ा से भव्य शोभा यात्रा मंगलवार को निकाली गयी। तीस दिनों तक कार्तिक फेरी का आयोजन करने वाले कीर्तन मंडली का नेतृत्व प्रकाश राम द्वारा किया गया। इन्होनो बताया की वर्षो से लक्ष्मी नारायण मंदिर से प्रभात फेरी निकाली जा रही है। इसी परंपरा को निभाते हुए क्षेत्र में धर्म के प्रति चेतना और जागरूकता लाने का सफल प्रयास किया जा रहा है। इस दौरान यूपी से चलकर आए विश्व हिंदू परिषद् द्वारा संचालित रामलीला समूह द्वारा श्री राम, लक्ष्मण और हनुमान का जीवंत झांकी का स्वरूप दिया गया। चंद्र ग्रहण समाप्त होने के बाद कार्तिक पूर्णिमा की संध्या मंदिर में महाआरती के बाद भण्डारा का आयोजन किया गया। जिसमें हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। कार्यक्रम को सफल बनाने में सुन्दर सोनी, महेश वैध, दिनेश्वर विश्वकर्मा, विशेश्वर वैध, पन्नु राम, बीरू पाण्डेय, गजेंद्र प्रजापति, रमेश गुप्ता आदि का योगदान रहा। शोभा यात्रा में मुखिया सह भाजपा नेता अशोक कपरदार, पूर्व मुखिया निर्मल कुमार, बरिष्ट नेता बटेश्वर मेहता, विधायक प्रतिनिधि सच्चिदानंद अग्रवाल, वरिष्ठ पत्रकार उमेश प्रताप, महंत विजयानंद दास, भाजपा मंडल अध्यक्ष सुभाष सोनी समेत बड़ी संख्या में धर्म प्रेमी शामिल थे।

# रसायन मुक्त कीटनाशक किसानों के लिए लाभप्रद साबित होगा: सोमेन महतो

**खबर मंत्र संवाददाता**

**रजरप्पा।** एचडीएफसी बैंक से संपोषित व केजीवीके द्वारा संचालित एफआरडीपी परियोजना के तहत रामगढ़ के ग्राम लोलो में गुलाब सखी महिला मंडल रसायन मुक्त कीटनाशक उत्पादन इकाई का परियोजना प्रबंधक सोमेन महतो, उन्नत किसान प्रयाग महतो एवं ग्राम प्रधान राजेंद्र मुंडा द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर उद्घघाटन किया गया। मौके पर उपस्थित उन्नत किसानों ने कहा कि केजीवीके द्वारा संचालित एफआरडीपी परियोजना के तहत ग्रामीण क्षेत्र के किसानों के बीच रसायन मुक्त खेती एवं उद्यमिता विकास को प्रशिक्षण देकर बढ़ावा दिया जा रहा है, जो किसान के फसलों के लिए वरदान साबित हो



रहा है। इस इकाई से जुड़े बबिता कुमारी, कर्मी देवी, सालो देवी ने बताया कि हमलोगों को केजीवीके द्वारा रसायन मुक्त कीटनाशक अग्नि वाण, एवं दिव्यासत्र बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। जिससे हमलोगों ने दोनों कीटनाशक बना कर बिक्री करने का निर्णय लिया एवं आज व्यवसाय का शुभारंभ किया गया. ।परियोजना प्रबंधक द्वारा कहा गया कि बढ़ते रासायनिक प्रभावों से आज हमारे मानव एवं पर्यावरण पर खतरा को देखते हुए रसायन मुक्त कीट नाशक का उपयोग से किसानों एवं उद्यमियों के लिए लाभप्रद साबित होगा। इस उत्पाद से ग्रामीण किसानों मे काफी उत्साह देखा गया. मौके पर संस्था के अनूप कुमार उपाध्याय, कार्तिक कुमार, पिंकी देवी, सुरज मुंडा, नरेश महतो, सुमित्रा देवी सहित काफी संख्या में किसान उपस्थित थे।

# एनटीपीसी चट्टी बरियातू व केरेडारी ने स्थापना दिवस पर ध्वजारोहण किया

**केरेडारी।** एनटीपीसी केरेडारी व चट्टी बरियातु कोयला खनन परियोजना के सीकरी कार्यालय में दिनांक 07.11.2022 को 48वां एनटीपीसी स्थापना दिवस मनाया गया। केरेडारी परियोजना प्रमुख श्री फैज तैय्यब एवं चट्टी बरियातु परियोजना प्रमुख श्री बी.एम. सिंह ने सभी कार्यपालकों व अधिकारियों के साथ ध्वजारोहण किया। एस.आई.एस.एफ के जवानों नें दोनों परियोजना प्रमुख को गार्ड ऑफ ऑनर से सम्मानित भी किया। ध्वजारोहण के बाद समारोह में उपस्थित सभी कार्यपालकों व अधिकारियों नें एनटीपीसी गीत गा कर, एनटीपीसी कंपनी के इतिहास व नैतिक मूल्यों का स्मरण किया गया। केरेडारी एवं चट्टी बरियातु कोयला खनन परियोजना प्रमुख द्वारा केक कंटीग कि परंपरा को भी पूर्ण किया गया। इस समारोह में



परियोजना के अपर-महाप्रबंधक श्री ऐके नायक, श्री केसी सामल, श्री असीम मिश्रा, श्री एस. पी. गुप्ता, श्री वीसी दुबे, श्री सीताराम माजी एवं परियोजना के सभी उप-महाप्रबंधक, वरिष्ठ प्रबंधक एवं अधिकारीगण उपस्थित थे।

# बंद पड़ी कोलियरियों को चालू कराने को लेकर जल्द होगी वार्ता: ददई दुबे


**खबर मंत्र संवाददाता**

**कुजू।** इंटक के राष्ट्रीय अध्यक्ष ददई दुबे मंगलवार को सीसीएल कुजू क्षेत्र पहुंचे। उनके आगमन की खबर पाकर सीसीएल कुजू क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न परियोजनाओं के सैकड़ों कार्यकर्ता उनकी अगवानी के लिए नया मोड़ चौराहे पर जमा हुए। जैसे हीं उनका काफिला क्षेत्र के नया मोड़ चौराहा पहुंचा। कार्यकताओं ने उनके समर्थन में जमकर नारेबाजी की। राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर संघ क्षेत्रीय अध्यक्ष हाजी मोहम्मद अताउल्लाह के नेतृत्व में मौजूद सभी कार्यकताओं ने फूल माला पहनाकर श्री दुबे का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। बाद में सभी कार्यकर्ता उनके



वाहन के आगे मोटरसाइकिल का काफिला से अगवानी करते हुए महाप्रबंधक कार्यालय पहुंचे। क्षेत्र के महाप्रबंधक चंद्रशेखर तिवारी सहित अन्य अधिकारियों व कर्मचारियों ने महाप्रबंधक कार्यालय में उनका स्वागत किया। तत्पश्चात राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर संघ क्षेत्रीय अध्यक्ष हाजी मोहम्मद अतउल्लाह द्वारा विगत तीन नवंबर को क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं व मांगों को लेकर महाप्रबंधक कुजू क्षेत्र के नाम सौंपे गए 31 सूत्री मांग पत्र पर चर्चा हुई। उन्होंने राष्ट्रीय अध्यक्ष को जानकारी देते हुए बताया कि क्षेत्र की पुंडी परियोजना में प्रबंधन द्वारा एक कार्यालय आदेश जारी किया गया है जिसमें कोयला कामगारों को स्वेच्छा पूर्वक दूसरे परियोजना में स्थानांतरण कराने की बात कही गई है। इस संबंध में परियोजना पदाधिकारी से पूछे जाने पर उनका कहना है कि यह आदेश महाप्रबंधक ने निकाला है। इस मुद्दे पर वार्ता में गहमागहमी के बाद महाप्रबंधक ने तत्काल प्रभाव से नोटिस पर रोक लगाने का आदेश जारी किया। क्षेत्र के आरा,सारूबेड़ा, आदि विभिन्न बंद पड़े परियोजनाओं को चालू कराने के मुद्दे पर आगामी 11 दिसंबर को सीसीएल मुख्यालय में वार्ता कराने का निर्णय लिया गया। वार्ता में बंद पड़े खदानों को सीटीओ दिलाने,पुंडी परियोजना में लगभग दो लाख मैट्रिक टन कोयले के स्टॉक से हो रहे कोयले की चोरी पर रोक लगाने की दिशा में प्रबंधन द्वारा जल्द से जल्द ट्रांसपोर्टिंग कार्य प्रारंभ कराने, विस्थापित प्रभावित रैयतों को जमीन के बदले जल्द से जल्द नौकरी व मुआवजा देने, उनके पुनर्वास की व्यवस्था कराने, विस्थापन सर्टिफिकेट देने, वर्षों से एक ही स्थान पर जमें पदाधिकारियों का अविलंब स्थानांतरण कराने सहित अन्य मांगों पर विचार विमर्श के बाद सहमति बनी। महाप्रबंधक कार्यालय में हुई सकारात्मक वार्ता के बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष ददई दुबे डटमा मोड़ स्थित पार्टी कार्यकर्ता आकाश ओझा व परिचित कुजू पश्चिमी पंचायत मुखिया जय कुमार ओझा उर्फ बूच बाबा के आवास पर पहुंचे।

### जो बोले सो निहाल सत श्री अकाल...



भुरकुंडा (रामगढ़)। जो बोले सो निहाल सत श्री अकाल, वाहे गुरू जी की खालसा, वाहे गुरू जी के फतेह आदि ड्डाक्ति जयकारों से मंगलवार को भुरकुंडा कोयलांचल सहित आसपास का क्षेत्र गूंज उठा। अवसर रहा श्री गुरूनानक देव जी महाराज के 553वें प्रकाशोत्सव पर्व का। जो भुरकुंडा कोयलांचल, भदानीनगर, सौंदा डी, सेंट्रल सौंदा, रीवर साईड आसपास क्षेत्रों में भक्ति से मनाया गया। इस पावन अवसर पर भुरकुंडा, रीवर साईड, सेंट्रल सौंदा स्थित गुरूद्वारे में कई धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ। निशान साहेब की सेवा, प्रड्डात फेरी, सबद-कीर्तन, सत्संग, महिला समूहों द्वारा ड्डाजन आदि धार्मिक आयोजन हुए। इसके बाद अटूट लंगर का आयोजन हुआ। जिसमें सैंकड़ों श्रद्धालु महिला-पुरूष व बच्चों ने प्रसाद ग्रहण किया। वहीं रात्रि में जमकर आतिशबाजियां ड्डाी की गई। कार्यक्रम को सफल बनाने में गुरूद्वारा के प्रधान लाल सिंह रंधावा उर्फ रिंकु, सचिव परमजीत सिंह उर्फ गोल्डी, तजेन्द्र त्रेहन, गुरदीप सिंह, कोषाध्यक्ष इन्द्रजीत छाबड़ा, निशान सिंह, गुरमित सिंह मित, अमर सिंह, परमजीत सिंह धामी, आत्मा सिंह, बलकार सिंह, जगतार सिंह, जितेन्द्र सिंह उर्फ सोनू, गुरजित सिंह रेक्खी, उषा कौर, डली कौर, अमरजीत कौर, जसविर कौर, सर्वजित कौर, रेखा कौर, रतनी कौर, कमलेश रानी छाबड़ा आदि का विशेष योगदान रहा।

स्पीड न्यूज

## सनातन धर्मावलंबियों ने नदियों में लगायी डुबकी



गुमला। कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर मंगलवार की सुबह पवित्र नदियों व सरोवरों में सनातन धर्मावलंबियों ने डूबकी लगाकर पूजा अर्चना की। दक्षिणी कोयल नदी नागफेनी में मंगलवार को कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर सैकडों श्रद्धालुओं ने स्नान कर भगवान जगन्नाथ की पूजा अर्चना की। भक्तों ने प्रसाद चढ़ाकर भगवान की पूजा की। इस दौरान श्रद्धालुओं ने गरीबों के बीच दान भी किया। वहीं जिले के कई पवित्र नदियों में लोगों ने कार्तिक पूर्णिमा पर स्नान किया और भगवान भास्कर की पूजा की।

## डॉ. अनिल 13 नवंबर को गुमला आयेंगे

**गुमला।** रीढ़ की हड्डी, हड्डी व नश रोग विशेषज्ञ डॉ. अनिल कुमार 13 नवंबर को पालकोट रोड स्थित नीलेश मेडिकल हॉल में रोगियों की जांच करेंगे। यह जानकारी दिलीप नीलेश ने दी है।

## पूर्णिमा पर सरना कीर्तन आयोजित

**डुमरी।** कार्तिक पूर्णिमा के दिन बेलटोली ग्राम के धुमकुड़िया परिसर में सरना झंडी बदली सह सरना कीर्तन भजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। समाज की महिला प्रमुख सुखमनी देवी, इतवारी देवी, शशिकला देवी की अगुवाई में सरना झंडी बदली कर नया सरना झंडा लगाया गया। तत्पश्चात नए सरना झंडा को सभी के द्वारा एक एक कर पूजा पाठ किया गया। जिसके बाद मां सरना का कीर्तन भजन गीत किया गया। बुजुर्ग अकलू भगत, जगरनाथ भगत, सुखमनी देवी, शशिकला देवी ने कहा कि हम सभी सरना समाज के लोगों को एकजुट रहने की जरूरत है।

## गुमला : संघर्षशील मजदूर यूनियन की बैठक आज

**गुमला।** झारखंड नवनिर्माण दल से जुड़े संघर्षशील मजदूर यूनियन गुमला इकाई की बैठक जिला मुख्यालय गुमला में 9 नवंबर को होगी । बैठक जिले में मजदूरों का काम के अभाव में बहुत तेजी से बढ़ती पलायन का ग्राफ को देखते हुए तथा बाहर जाकर मजदूरों की हो रही मौत और मजदूर के आश्रितों को किसी भी तरह का कोई मुआवजा सरकार व प्रशासन द्वारा नहीं मिलने का गंभीर मामला पर विचार विमर्श और जिले में हो रही मजदूरों का शोषण के विरुद्ध मजदूर एकता बनाते हुए मजदूर आंदोलन शुरू करने जैसे मुद्दों पर चर्चा की जाएगी।

## कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष जायसवाल को श्रद्धांजलि



गुमला। जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष स्व. राम शरण जयसवाल की 22 वीं पुण्य तिथि कांग्रेस भवन में मंगलवार को मनाया गया। इस अवसर पर कांग्रेस जनों ने स्व. जयसवाल के चित्र पर फुल माला चढाकर भावभिनी श्रद्धांजलि दी गई। स्व. जयसवाल को आज ही के दिन 1999 में उग्रवादियों ने गोली मार कर हत्या कर दी थी। मौके पर कांग्रेस के वरीय उपाध्यक्ष रमेश कुमार ने कहा कि स्व. जायसवाल वास्तव में कांग्रेस के सच्चे सिपाही थे। वे कांग्रेस पार्टी के कोर्डिनेटर और राजीव गाँधी ब्रिगेड में शामिल थे। कांग्रेस पार्टी के लिए उनहोंने अपनी जान कुर्बान कर दी। स्व. जायसवाल की धर्म पत्नी व वरिष्ठ कांग्रेसी संगीता जायसवाल ने कहा कि उनके पति कांग्रेस पार्टी को अपने प्राणों की आहुति देकर सींचा था। जिले में मात्र अब तक स्व. जायसवाल ही कांग्रेस पार्टी के सदान जिलाध्यक्ष रहे हैं। लेकिन अब सदानों की उपेक्षा पर्टी में हो रही है। इस अवसर पर स्व. जायसवाल की धर्मपत्नी संगीता जायसवाल, अकील रहमान, महासचिव रामनिवास प्रसाद, सचिव अरुण गुप्ता, विकास पंडा, अरुण टोप्पो आदि उपस्थित थे।

# गुमला में पानी को लेकर रोषपूर्ण प्रदर्शन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

- पानी, बिजली और स्वास्थ्य सेवा जिले में है बदहाल: रमेश
- बुधवार तक स्थिति में सुधार नहीं होने पर जोरदार आंदोलन की दी चेतावनी

**गुमला।** गुमला शहरी क्षेत्र में चरमरायी जलापूर्ति व्यवस्था को लेकर मंगलवार को कांग्रेस के वरीय जिला उपाध्यक्ष सह जिला बीस सूत्री सदस्य रमेश कुमार चीनी के नेतृत्व में स्थानीय लोगों ने पीएचईडी कार्यालय में रोषपूर्ण प्रदर्शन किया। बड़ाईक मुहल्ला से नारा लगाते हुए लोग पीएचईडी कार्यालय पहुंचे। इस दौरान पानी नहीं दे सकते हो तो कुर्सी छोड़ दो, पीएचईडी विभाग मुर्दाबाद, जिला प्रशासन मुर्दाबाद के नारे लगाये। लोगों ने बुधवार तक जलापूर्ति व्यवस्था में सुधार नहीं होने पर जोरदार आंदोलन की चेतावनी दी है। हालांकि छुट्टी होने के कारण अधिकारियों से कार्यालय में मुलाकात नहीं हो पायी। लेकिन पानी नहीं मिलने से लोगों के चेहरे में आक्रोश साफ-साफ झलक रहा था। मौके पर रमेश कुमार ने कहा कि पानी, बिजली व स्वास्थ्य सुविधा आवश्यक सेवा में आती है और यह लोगों का मौलिक अधिकार भी है लेकिन गुमला शहर में विशेषकर जलापूर्ति की समस्या बनी रहती है। हर तीन दिन में किसी न किसी कारण से जलापूर्ति बाधित रहती है। जिले के अधिकारी हो या पीएचईडी या नगर परिषद विभाग हो इनको जनता की समस्या से कुछ लेनादेना नहीं है। पिछले कई महीनों से जलापूर्ति व्यवस्था चरमरायी हुई है लेकिन अधिकारी एक दूसरे को निर्देशित कर अपना पल्ला झाड़ लेते हैं। ऐसी स्थिति में जनता की समस्या का कभी समाधान नहीं होगा। मिशन बदलाव महिला टीम के सचिव सैयदा खातून ने कहा कि अगर जल संकट के समस्याओं को प्रशासन सुधार नहीं किया तो मिशन बदलाव टीम उग्र आंदोलन करेगी। पिछले कई दिनों से गुमला नगरपरिषद के सभी इलाकों में पेयजलापूर्ति सही ढंग से नहीं किया जा रहा है। समय पर जलापूर्ति नहीं होने से पूरे नगर के लोग पीने के पानी के परेशानी नजर आते हैं। मिशन बदलाव महिला नगराध्यक्ष ज्योति कुमारी वर्मा ने कहा कि सप्लाई पानी ही गुमला शहर के लोंगो क लिये उम्मीद एवं आशा है। इस अवसर पर कांग्रेसी नेता अकील रहमान, रामनिवास प्रसाद, ओम प्रकाश साह, परमेश्वर कुमार, वैजनाथ भगत, अमर कुजूर, कुंदन कुमार, मिथुन कुमार, हेमावती देवी, कलावती देवी, मंजू पाठक, संगीता देवी, अनिता देवी, रेखा देवी, रूपा कुमारी, नेहा कुमारी, रानी खातुन, बीणा देवी, मालती देवी, ज्योति गलोरिया कुजूर, अरूणा टोप्पो, उषा कुमारी, रूदन देवी, सीता देवी, मुनेश्वरी देवी, संतोषी देवी, अंजु देवी, राजू पेंटर, सुमन देवी, सुनीता देवी, गुड़िया देवी, निशा देवी आदि उपस्थित थे।



पीएचइडी कार्यालय के सामने प्रदर्शन करते गुमलावासी।

## एक नजर में

### सेन्हा में अवैध बालू लदा चार ट्रैक्टर जब्त



**लोहरदगा।** जिले में बालू का अवैध उत्खनन जोरों से चल रहा है। जिसे लेकर करवाई भी अब शुरू हो गई है। जिले के सेन्हा थाना क्षेत्र अंतर्गत जोगना पुल के समीप से सेन्हा थाना पुलिस ने लोहरदगा एसपी आर रामकुमार के आदेश पर अवैध उत्खनन कर रहे ट्रैक्टर को जब्त किया है। सेन्हा थाना पुलिस द्वारा लगातार अवैध बालू उठाव कर रहे ट्रैक्टरों को जप्त कर रही है । थाना प्रभारी ऋषि कांत शर्मा के अगुवाई में नवंबर में अवैध बालू कर रहे चार ट्रैक्टरों को जप्त किया गया है जिससे बालू माफियाओं में भय का माहौल देखा जा रहा है। इस तरह से अवैध उत्खनन पर कार्रवाई से कहीं ना कहीं अवैध खनन पर रोक लगने की संभावना जताई जा रही है। सेन्हा थाना प्रभारी ऋषि कांत शर्मा ने बताया थाना क्षेत्र में अवैध उत्खनन कर रहे हैं जप्त किया गया है और आगे भी कार्रवाई होगी, जिससे अवैध उत्खनन में रोक लगेगी।

### डायन-बिसाही के खिलाफ नुक्कड़ नाटक



**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा थाना क्षेत्र के डाँड़ू पंचायत के चितरी ग्राम में डायन बिसाही व अंधविश्वास के खिलाफ गरिमा परियोजना के तहत जे एस एल पी एस के तत्वधान में महिला नाटक मंडली द्वारा नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत कर ग्रामीणों को जगरुक करने का कार्य किया गया। नाटक के माध्यम से लोगों को डायन बिसाही व अंधविश्वास तथा सामाजिक कुरीतियों से बचने एवं समाज को संगठित होने का प्रेरणा दिया गया। वहीं टीम लीडर पूजा सहाय ने बताया कि क्षेत्र में बीमारी का इलाज न करवा कर झाड़ फूक के चक्कर मे पड़कर अंधविश्वास का शिकार हो ग्रामीण गलत कदम उठा लेते हैं। जिसे समाज और परिवार टूट रहा है। मौके पर प्रखंड कोडिनेटर पूनम देवी के अलावे नुक्कड़ नाटक मंडली में चंदरमुन्नी देवी,मुन्नी उरांव,अनिमा कुमारी,सुनीता देवी,तीतो उरांव,किरण देवी,मीना देवी,बसंती देवी,बलदेव भगत सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

### ऐतिहासिक भंडरा रास जतरा में उमड़ी भीड़



**भंडरा ।** भंडरा ठाकुरबाड़ी मंदिर परिसर में ऐतिहासिक रास जतरा का आयोजन किया गया। जिसमें आयोजन समिति की ओर से नागपुरी सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन सामाजिक कार्यकर्ता जगनिवास शर्मा व भंडरा थाना प्रभारी गौतम कुमार ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलित कर किया। सांस्कृतिक कार्यक्रम से पूर्व सामाजिक कार्यकर्ता सह जतरा आयोजन प्रमुख पुरोहित जगनिवास शर्मा द्वारा राधा-कृष्ण की विधिवत पूजा अर्चना की गई। मौके पर जगनिवास शर्मा ने कहा कि रास जतरा में राधा-कृष्ण की पूजा की जाती है। रास जतरा का आयोजन कार्तिक पूर्णिमा के उपलक्ष्य में आयोजित किया जाता है। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम देखने भंडरा, सेमरा, भीठा, मसमानो, भौंरो, बेदाल, कसपुर, नौडीहा सहित क्षेत्र के ग्रामीण पहुंचे थे।

# लोहरदगा में नकली डीएपी खाद भारी मात्रा में बरामद

**इंद्र साहू के गोदाम से तीन मीट्रिक टन नकली खाद को किया जब्त**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लोहरदगा।** जिले के बाजार में किसानों को नकली डीएपी खाद बेचने की शिकायत मिलने पर अनुमंडल पदाधिकारी अरविंद लाल के निर्देश पर बाजारों में छापामारी किया गया। कार्यपालक दंडाधिकारी पूजा कुमारी, प्रखंड कृषि पदाधिकारी रघुनंदन वैद्य, व सशस्त्र बलों की टीम ने ईटा बरही बाजार में छापामारी की। बरही बाजार में स्थित जीतराम साहू के खाद दुकान में नकली डीएपी खाद भारी मात्रा में जब्त किया गया। दुकान से जब्त नकली डीएपी को जब्त कर जांच के लिए कृषि विभाग के लैब भेज दिया गया। टीम ने हिरासत में लेकर जीतराम साहू पर दबाव डाला तो उसने खाद होलसेलर का नाम बताया। जांच टीम ने भंडरा बेदाल स्थित होलसेलर इंद्र साहू के यहां भी छापा मारा। इंद्र साहू के गोदाम पर रखा गया इफको कंपनी का फर्जी खाद तीन मेट्रिक टन और पारस लिखा नकली डीएपी खाद को जब्त कर गोदाम को सील कर दिया गया।

जांच में फर्जी डीएपी मिलने के बाद एसडीओ अरविंद कुमार लाल ने जिला कृषि पदाधिकारी को 48 घंटे के भीतर रिपोर्ट देने का निर्देश दिया है। इस संदर्भ में जांच अधिकारी कार्यपालक दंडाधिकारी पूजा कुमारी ने कहा कि छापामारी में मिला खाद का पैकेट प्रथम द्दष्टया नकली है। कंकड़, पत्थर को रंगाई कर इसे डीएपी खाद बनाकर बेचा जा रहा था। कहा कि स्थानीय किसान बाजार में नकली डीएपी मिलने कि शिकायत लगातार कर रहे थे। किसान धान की खेती में नकली डीएपी खरीद कर डालने के बाद अब किसान फसल खराब होने को लेकर सशंकित है। इसको लेकर स्थानीय प्रशासन संवेदनशीलता से नकली खाद बेचने वालों के विरुद्ध कार्रवाई कर रही है।



## गुमला में अंतर्राष्ट्रीय कवि सम्मेलन आज

**गुमला।** पैगाम ए अदब के बैनर तले बुधवार को गुमला जिला मुख्यालय के इस्लामपुर में अंतरराष्ट्रीय कवि सम्मेलन बुधवार को होगा। सम्मेलन संध्या सात बजे से शुरू होगा। कार्यक्रम में विदेशों से भी कई नामचीन कवि शायर भाग लेंगे। बहरीन से अनवर कमाल अनवर व पड़ोसी देश नेपाल से फैयाज अहमद फैजी शामिल होंगे। इसके अतिरिक्त बिहार के पटना से श्वेता गजल, गया से प्रवीण परिमल और भागलपुर से जीशान भागलपुरी कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे। झारखंड के जमशेदपुर से दिलशाद नजमी और कवयित्री शोभा इनायत किरण भी इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाएंगे। वहीं रामगढ़ की कवयित्री ममता मनीष सिंहा भी कार्यक्रम में काव्य की प्रस्तुति देंगी। कार्यक्रम का संयोजन व संचालन गुमला के कवि आफताब अंजुम करेंगे। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी सह जिला जनसंपर्क पदाधिकारी संजय पांडेय करेंगे। मुख्य अतिथि नगर परिषद के अध्यक्ष दीप नारायण उरांव और विशिष्ट अतिथियों में नगर परिषद के उपाध्यक्ष कलीम अख्तर कल्लन व जिला कांग्रेस कमेटी के वरीय उपाध्यक्ष रमेश चीनी सम्मेलन में शरीक होंगे। पैगाम अदब ने इस कार्यक्रम में गुमला वासियों से शरीक होने की अपील की है।

**नगर परिषद कार्यालय के समक्ष धरना 12 को:** झारखंड नवनिर्माण दल नगर परिषद इकाई द्वारा गुमला नगर परिषद कार्यालय के समक्ष नगर परिषद क्षेत्र में विकास कार्यों में व्याप्त भ्रष्टाचार के खिलाफ 12 नवंबर को दिया जायगा धरना।

### विधिक शिविर को लेकर उपायुक्त ने की बैठक


लोहरदगा।उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में एक बैठक सभी जिला स्तरीय पदाधिकारियों व प्रखण्ड विकास पदाधिकारियों के साथ आयोजित हुई। बैठक में 13 नवम्बर को राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) के निर्देश पर जिला व सभी प्रखण्डों में आयोजित होने वाले विधिक सेवा सशक्तिकरण शिविर के सफल आयोजन को लेकर दिशा-निर्देश दिये गये। उक्त शिविर में अधिक से अधिक लोगों को सरकार की योजनाओं से लाभान्वित किये जाने का निदेश दिया गया।बैठक में उपायुक्त द्वारा सभी जिला स्तरीय पदाधिकारियों व प्रखण्ड विकास पदाधिकारियों को निदेश दिया गया कि आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार कार्यक्रम में प्राप्त आवेदनों का शत-प्रतिशत निष्पादन अगले 2-3 दिनों के अंदर करें। बैठक में उप विकास आयुक्त गरिमा सिंह, एसडीओ अरविंद कुमार लाल, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी समेत अन्य उपस्थित थे।

### सरकार के खिलाफ भाजपा का प्रदर्शन 10 से



**लोहरदगा।**भाजपा द्वारा नॉवेल्टी होटल, पॉवरगंज में आगामी कार्यक्रम को लेकर प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया।जिसमे मुख्य रूप से प्रदेश कार्यसमिति सदस्य व वरिष्ठ नेता ओमप्रकाश सिंह के अलावा ओबीसी मोर्चा प्रदेश सदस्य अजय पंकज, जिला मिडिया प्रभारी पशुपति नाथ पारस शामिल हुए।मौके पर ओमप्रकाश सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी लोहरदगा द्वारा प्रदेश से निर्धारित 7 से 13 नवम्बर जनआक्रोश रैली व प्रर्दशन कार्यक्रम के निमित्त लोहरदगा जिला के भी सभी प्रखंडों में अलग अलग तिथि को कार्यक्रम निर्धारित किए गए हैं। जिसमे 10 नवम्बर भंडरा ,कैरो प्रखंड ,11 नवम्बर किस्को, सदर प्रखंड,12 नवम्बर सेन्हा,कुड़ु ,पेशरार, प्रखंड व नगरपालिका क्षेत्र में प्रदर्शन किया जाएगा। जिला स्तरीय 23 नवंबर को रैली व प्रदर्शन करने का निर्णय लिया गया है। बंधु तिर्की के द्वारा भारत जोड़ो यात्रा के महागठबंधन द्वारा सजाई गई मंच से भाजपा कार्यकताओं को पीटने के बयान को लेकर कहा कि झारखंड को बंगाल बनाने की साजिश रची जा रही है।राजनीतिक बयान के माध्यम से इस तरह की घृणा फैलाना पूरी तरह गलत है।

### मोदी सरकार के आने से अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों का बढ़ा मान- सम्मान : प्रकाश नायक



**लोहरदगा।** भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा द्वारा राष्ट्रव्यापी अभियान के तहत मंगलवार को जिला अध्यक्ष प्रकाश नायक के नेतृत्व में जिले के बाल्मीकि नगर में बस्ती संपर्क अभियान चलाया गया । प्रकाश नायक ने कहा कि आज अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों के लिए केंद्र की मोदी सरकार एक से बढ़कर एक जन कल्याणकारी योजनाओं को लागू किया है। आज पूरे देश में अनुसूचित जाति वर्ग के लोगों का मान और सम्मान बढ़ा है। यह सिर्फ आजाद भारत में पहली बार मोदी जी के नेतृत्व में अनुसूचित जाति वर्ग के लिए निर्वाध रूप से लाभ हो रहे हैं। अनुसूचित जाति के छात्र छात्राओं के लिए स्कॉलरशिप राशि को बढ़ाकर उच्च शिक्षा प्राप्त करने हेतु व्यवस्था किया जो बहुत ही बड़ा सराहनीय पहल है। आदरणीय मोदी जी का जो पूरे भारत देश में गरीब दलित छात्र छात्राओं को शिक्षा प्राप्त करने हेतु मॉडल विद्यालय दिया जा रहा है । जिला मीडिया प्रभारी पशुपतिनाथ पारस ने बताया कि केंद्र सरकार समाज में बैठे अंतिम पायदान के लोगों की विचारों को समाहित करते योजनाओं का निर्माण एवं उसकी क्रियान्वयन के लिए भ्रष्टाचार मुक्त नियमों को तैयार कर सीधा लाभुक को लाभान्वित कर रही है ।जिससे विगत 70 वर्ष के कार्यकाल में बिचौलियों का दबदबा अब खत्म हो रहा है ।जिससे विपक्ष के पेट में दर्द हो रहा है। वही 70 वर्ष के बाद भारत को जोड़ने की कल्पना कांग्रेस के मन में आया है परंतु उसी मंच से लोगों को जोड़ने के बजाय कांग्रेस के नेता झारखंड में विपक्ष के ऊपर खूनी प्रहार के लिए प्रेरित कर रहे हैं। जो कि लोकतांत्रिक व्यवस्था पर बहुत बड़ा प्रहार है और अशोभनीय है जिसकी तीव्र निंदा भी कम होगी ।

## गुरु नानक देव की मनी जयंती

**पालकोट रोड गुरुद्वारा में सुखमणि साहिब का किया गया पाठ, आज जशपुर रोड गुरुद्वारा में होगा लंगर**



**गुमला।** सिख धर्म के प्रथम गुरु एवं मानवता के प्रकाश पुंज श्री गुरु नानक देव जी की जयंती मंगलवार को सिख समाज के लोगों के द्वारा मनाया गया। गुरु नानक देव जी के प्रकाशपर्व मनाते हुए पालकोट रोड गुरुद्वारा में आज सुबह सुखमणि साहिब का पाठ किया गया। पवित्र श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के सहज पाठ की समाप्ति उपरांत गुरुवाणी के गायन के साथ स्त्री संगत द्वारा किये जा रहे कीर्तन के बोल हो रही है तेरी जय जयकार, कल तारन गुरु नानक आया, मिटी धुंध जग चानन होया तथा बोले सो निहाल सत श्री अकाल शब्दों से गुरुद्वारा गुंजायमान रहा । अंत मे प्रधान सरदार महेंद्र सिंह के द्वारा सभी को कार्तिक पूर्णिमा तथा गुरुनानक देव जी के जन्मदिवस की बधाई देते हुए आपसी भाईचारा तथा बंधुत्व की कामना के साथ सरबत के भले की अरदास की गई । 09 नवम्बर 2022 को जशपुर रोड गुरुद्वारा में गुरु के कीर्तन दरबार के आयोजन के पश्चात दोपहर में सभी श्रद्धालुओं के लिए गुरु का लंगर लगाया जाएगा। मौके पर गुरुद्वारा के प्रधान सेवक सरदार महेंद्र सिंह, सचिव सरदार रंजीत सिंह, कमलेश कौर, रविंद्र कौर, जशवंत कौर सहित गुरु गोविंद सिंह फाउंडेशन गुमला के अध्यक्ष जसबीर सिंह प्रिंस तथा गगनदीप सिंह रज्जी सहित सरदार गुरविंद्र सिंह सरदार मनोहर सिंह, सरदार दिलदार सिंह, प्रीतपाल सिंह, प्रीतम सिंह, रौनक सिंह, गुरविंद्र सिंह, अमरजीत सिंह, गुरमीत सिंह, हरजीत सिंह, सुरेंद्र सिंह, होशियार सिंह, गुरमीत सिंह छोटू सिंह, काले सिंह, राजिन्द कौर, इंदु कौर, कवलजीत कौर, कमलजीत कौर आदि उपस्थित थे।

# गेट टूगेदर क्रिकेट प्रतियोगिता के दूसरे दिन खेले गये तीन मैच

**पहले मैच में फेलकोंस, दूसरे में ग्लेडियर व तीसरे मैच में रॉयल टीम रही विजेता**

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**गुमला।** गेट टू गेदर क्रिकेट प्रतियोगिता के तहत मंगलवार को परमवीर अलबर्ट एक्का स्टेडियम में तीन मैच खेले गये। जिसमें पहला मैच सुबह 8:30 बजे से रॉयल किंग्स व फेलकोंस के टीम के बीच खेला गया।

टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला लेते हुए फेलकोंस की टीम ने रॉयल किंग्स को बल्लेबाजी का न्यौता दिया। बल्लेबाजी करते हुए रॉयल किंग्स की टीम निर्धारित दस ओवर में 84 रन बनाये। वहीं जवाबी पारी खेलने उतरी फेलकांस की टीम 8 ओवर में मैच जीत लिया। फेलकोंस की ओर से सर्वाधिक 43 रन राजीव सिंह ने बनाया। वहीं फेलकोंस की ओर से शेखर कुमार ने तीन विकेट हासिल करते हुए दस रन बनाये। जिसे मैन ऑफ दी मैच चुना गया। रॉयल किंग्स की ओर से अमन नवाज ने शानदार 42 रन बनाते हुए दो विकेट लिये। दूसरा मैच ग्लेडियर व सुपर स्टार टीम के बीच हुआ। ऑस जीतकर गलेडियर की टीम ने पहले गेंदबाजी की। वहीं सुपर स्टार की टीम निर्धारित दस ओवर में 72 रन बनाये। जवाबी पारी खेलने उतरी ग्लेडियर की टीम तीन विकेट खोकर मैच जीत लिया। इस मैच में उमा शंकर मैन ऑफ दी मैच चुना गया। तीसरा मैच रॉयल टीम व रॉयल स्ट्राइकर के बीच खेला गया। रॉयल की टीम टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित दस ओवर में रॉयल स्ट्राईकर की टीम 8 विकेट खोकर 61 रन बनाया। जवाबी पारी खेलने उतरी रॉयल की टीम 8.2 ओवर में मैच जीत लिया। इस मैच में यमुना कुमार को मैन ऑफ दी मैच चुना गया। इस अवसर पर अंकित विश्वकर्मा, ज्ञान कुमार, मनोज कुमार, लाल चंद्रशेखर नाथ शाहदेव, सुनिल कुमार, रोहित उरांव आदि उपस्थित थे।



# आदिवासियों के मसीहा थे कार्तिक बाबा : गीताश्री

**सिसई के टंगरा टोली में मनी कार्तिक उरांव की 98 वीं जयंती**

सिसई। सिसई प्रखंड मुख्यालय के टंगरा टोली सिसई में कार्तिक उरांव की 98 वीं जयंती समारोह सह सुमति जतरा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरना झंडा की पूजा के साथ स्व कार्तिक उरांव के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया। जहां सामूहिक प्रार्थना कर हर्षोल्लास के साथ कार्यक्रम को मनाया गया। इस मौके पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व शिक्षा मंत्री सह अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद के प्रदेश अध्यक्ष गीता श्री उरांव ने कहा कि स्व. कार्तिक बाबा आदिवासियो के मसीहा थे। उन्होंने झारखंड आंदोलन के सूत्रधार के रूप मे अग्रणी भूमिका निभायी। आदिवासियो को अखिल भारतीय आदिवासी विकास परिषद के माध्यम से एकजुट कर राष्ट्र की मुख्यधारा में जोड़ने का काम किया था। बाबा कार्तिक उरांव ने अपना पूरा जीवन जनजातीय समाज की परंपरा व सांस्कृति को बचाने और उसके उत्थान में लगा दिया। पूर्व स्पीकर डॉ. दिनेश उरांव ने कहा की स्व. कार्तिक उरांव आदिवासी-समाज के उत्थान के लिए लगातार प्रयासरत रहे हैं। तब जा कर आज आदिवासियों को उनका हक और अधिकार प्राप्त हो पा रहा। इसलिए कार्तिक जी के बताऐ हुए विचारो का पालन कर निरंतर आगे बढ़ने का लोग प्रयास करे। शिक्षाविद डॉक्टर करमा उरांव ने कहा कि कार्तिक उरांव एक सफल राजनेता,अभियंता तो थे ही उन्होंने जनजातियो के भूमि अलगाव की रक्षा के लिए लड़ाई लडी। वे सिर्फ आदिवासी ही नहीं अपितु संपूर्ण समाज के मार्गदर्शक थे। कृषि विश्वविद्यालय के डायरेक्टर जगरनाथ उरांव ने कहा कि कार्तिक उरांव ने अपने जीवन काल मे आदिवासियो को शिक्षित और जागरूक करने के लिए देश भर का दौरा किया था। डॉक्टर देवशरण भगत ने कहा कि कार्तिक बाबू काफी गरीबी के बावजूद भी शिक्षा हासिल करने से दूर नहीं भागे और कठोर परिश्रम कर शिक्षा हासिल किये और शिक्षा के दम पर पूरी दुनिया में अपना पहचान कायम किये। कार्यक्रम में जिप अध्यक्ष किरण बाड़ा, सुशील उरांव , कैप्टन लोहरा उरांव,सचिदानंद उरांव ने भी अपने विचा ररखे।



स्पीड न्यूज

## प्रदर्शन को लेकर भाजपा ने की बैठक



भवनाथपुर। झारखंड भाजपा के निर्देश के आलोक में प्रदेश भाजपा के द्वारा राज्य सरकार के जनविरोधी नीतियों के खिलाफ आहूत राज्यव्यापी धरना प्रदर्शन कार्यक्रम के आलोक में भवनाथपुर भाजपा मंडल ईकाई की ओर से कार्यसमिति एवं पदाधिकारियों की बैठक की गई। जिसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष सोनाकिशोर यादव उर्फ जयप्रकाश यादव ने किया। बैठक में उपस्थित भाजपा कार्यकताओं ने अपने अपने विचार रखे। कार्यक्रम की सफलता के लिए पंचायतवार प्रभारियों की नियुक्ति की गई। साथ ही किसान मोर्चा, युवा मोर्चा, अल्पसंख्यक मोर्चा, ओबीसी मोर्चा, अनुसूचित जनजाति मोर्चा, अनुसूचित जाति मोर्चा, महिला मोर्चा के अध्यक्षों को अपने अपने कमिटी के सदस्यों के साथ बैठक करने का निर्देश दिया गया। मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष ने कहा कि हेमंत सरकार के जनविरोधी नीतियों एवं पूरे राज्य में व्याप्त भय, भ्रष्टाचार, तुष्टिकरण की राजनीति, हत्या, अनाचार, बालू पत्थर की लूट और झूठ के विरोध में राज्यव्यापी प्रखंड स्तरीय धरना देने का निर्देश प्राप्त है। जिसके आलोक में भाजपा मंडल कमिटी भवनाथपुर के तत्वावधान में 11 नवंबर को हजारों कार्यकर्ता प्रखंड कार्यालय भवनाथपुर में धरना प्रदर्शन करेंगे। मौके पर पूर्व जिला अध्यक्ष रघुराज पाण्डेय, जिला कार्यकारिणी सदस्य विनय चैबे, अनिल चैबे, मनोज सिंह, संजय यादव, महामंत्री भानु गुप्ता, सुनील सिंह, ब्रजेश चैबे, सांसद प्रतिनिधि इंद्रदेव यादव, चंद्रदेव रावत, रामदेव मेहता, आनंद कमलापुरी, सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## जयनगर में छज्जा गिरने से युवक की मौत

**जयनगर (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत महुआटांड़ के समीप मंगलवार की सुबह लोहे का गेट लगाने के दौरान एक व्यक्ति के उपर अचानक छज्जा गिर जाने से गम्भीर रूप से घायल हो गया एवं उपचार के लिए सदर अस्पताल लाने के दौरान रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। वहीं मृतक की पहचान 38 वर्षीय मुकेश कुमार पिता राजेंद्र सिंह ग्राम महुआटांड़ निवासी के रूप में की गयी है। घटना के बाद युवक को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टर द्वारा उसे मृत घोषित कर दिया गया। इसकी सूचना कोडरमा पुलिस को दी गयी और शव को अंत्यपरीक्षण के लिए भेज दिया गया।

## शिक्षकों का प्रतिनिधिमंडल विधायक को सौंपा ज्ञापन

कोडरमा। अखिल झारखंड प्राथमिक शिक्षक संघ प्रदेश इकाई के आह्वान पर मंगलवार को कोडरमा के शिक्षकों का एक प्रतिनिधिमंडल गांधी प्रसाद एवं संजीव मिश्रा के नेतृत्व में बरकट्ठा विधायक अमित यादव से मिलकर मेमोरेंडम सौंपा। शिक्षकों की मुख्य मांगें में एमएसीपी दिया जाय, उत्क्रमित वेतनमान सचिवालय कर्मियों की भांति देय हो, अंतरजिला स्थानांतरण शीघ्र किया जाय एवं शिक्षकों पर रिपोर्टिंग का बोझ कम किया जाय तथा विद्यालयों को एनजीओ के प्रभाव से मुक्त किया जाय। प्रतिनिधिमंडल में अश्विनी तिवारी, सुदीप सहाय, दिलीप बर्णवाल, उदय सिंह, महेंद्र मोदी, कोलेश्वर ठाकुर, राजकिशोर दास, बिनोद यादव, माधव कुमार आदि दर्जनों शिक्षक उपस्थित थे। वहीं विधायक ने इसपर शीघ्र ही अग्रेतर कार्रवाई हेतु सरकार को प्रेषित कर मांगों को मानने हेतु आवश्यक प्रयास करने का वादा किया।

## हैंड इन हैंड इंडिया ने किया नेटवर्क का गठन

कोडरमा। हैंड इन हैंड इंडिया के तत्वाधान में ग्राम उत्थान कार्यक्रम के तहत मंगलवार को प्रखंड अंतर्गत इंदरवा पंचायत भवन में क्लस्टर लेवल नेटवर्क का गठन किया गया। जिसमें 6 स्वयं सहायता समूह लक्ष्मी, गंगा, पूजा, राधा कृष्ण, ओम तथा शिव शंभू स्वयं सहायता समूह के सदस्यों ने भाग लिया। नेटवर्क 6 समूह के आर्थिक एवं सामाजिक विकास के लिए कार्य करेगी।

# मरकच्चो में छह चोर गिरफ्तार

खबर मन्त्र संवाददाता

**मरकच्चो (कोडरमा)।** थाना क्षेत्र अंतर्गत बरियाडीह चैक स्थित बृंदावन टेलीकॉम मोबाइल दुकान का ग्रिल व दरवाजा का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों ने 25 अक्टूबर को लाखों के सामान के साथ डेढ़ दर्जन से अधिक मोबाइल फोन चोरी को लेकर मूर्कमनायटांड निवासी कुंदन कुमार सिंह पिता नकुल प्रसाद सिंह ने मरकच्चो थाना में आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराई थी। दर्ज प्राथमिकी के आधार पर पुलिस ने 6 चोरों को धर दबोचा है। वही इनके पास से मोबाइल, चार्जर, हेडफोन, टेम्पर सहित एक ग्लैमर मोटरसाइकिल जेएच11पी/3873 से नम्बर बदलकर जेच11एजी/1995 बरामद किया है। इस संबंध में थाना प्रभारी सुमित कुमार साव ने प्रेस वार्ता आयोजित कर मामले का उद्भेदन करते हुए बताया कि मरकच्चो थाना कांड संख्या एसपी कुमार गौरव के निर्देश पर तकनीकी शाखा के सहयोग से एक टीम के साथ छापेमारी के दौरान कांड में चोरी गई मोबाइल को 7 नवंबर को तकनीकी शाखा के सहयोग से दीपक कुमार पिता विश्वनाथ राम साकिन बरियाडीह थाना मरकच्चो निवासी के घर पर छापेमारी किया गया तो छापेमारी के दौरान दीपक कुमार घर पर उपस्थित पाया, उसके बाद दीपक कुमार को पूछताछ हेतु थाना लाया गया। वहीं पूछताछ के आधार पर मोबाइल बरामद किया। इसके अलावा चोरी हुई ग्लैमर मोटरसाइकिल बरामद किया गया। वहीं गिरफ्तार अभियुक्त 19 वर्षीय दीपक कुमार पिता विश्वनाथ राम साकिन बरियाडीह थाना मरकच्चो, कुंदन कुमार व उपेंद्र कुमार दोनों पिता सत्यनारायण राम साकिन रेम्बा थाना हीरोडीह जिला गिरिडीह तथा बिट्टू राम पिता मुन्ना राम



### मोबाइल, चार्जर, हेडफोन, टेंपर और एक मोटरसाइकिल बरामद

बरियाडीह थाना मरकचो जिला कोडरमा व दो नाबालिग युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। इन सभी के पास एलिमेंट्स कंपनी का चार्जर, यूएसबी केबल, सैमसंग गैलेक्सी मोबाइल ए03, हेडफोन, विवो का एंड्राइड मोबाइल, ओरैमो कंपनी का चार्जर, सैमसंग मोबाइल, मेट्रो 313 छोटा, टेक्नो पोप स्प्रो मोबाइल, रियल मी मोबाइल, लोहे का रड करीब 2.5 फीट, ग्लैमर मोटरसाइकिल, रेडमी मोबाइल, सैमसंग मोबाइल गुरु 1200 बरामद किया गया। छापेमारी में शामिल थाना प्रभारी सुमित कुमार साव, एसआई कुंदन कुमार तकनीकी शाखा कोडरमा की टीम एवं सशस्त्र बल मौजूद थे।

# दोमुहानी धाम में उमड़ी भीड़

खबर मन्त्र संवाददाता

झुमरीतिलैया (कोडरमा)। कार्तिक पूर्णिमा स्नान को लेकर दोमुहानी धाम में लोगो की भीड़ लाखों की सख्या में उमड़ पड़ी। बता दें कि यह साल का आखिरी पर्व स्नान है। इस मौके पर दोमुहानी धाम में स्नान करने के लिए आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। बताते चलें कि कार्तिक स्नान पर्व पर धाम स्नान करने का विशेष महत्व माना जाता है।

ऐसी मान्यता है कि कार्तिक मास में पड़ने वाले स्नान पर्व को देव दीपावली के रूप में मनाया जाता है, क्योंकि इस दिन देवता धरती पर स्नान के लिए आते हैं। जिला मुख्यालय से लगभग 26 किलोमीटर की दूरी पर बसा दोमुहानी धाम का विशेष महत्व है। इस मंदिर की विशेषता यह है कि यहां आने वाले लोगों की मनोकामना पूर्ण होती है। कई लोग मंदिर में धरना भी देते हैं। वह तब तक मंदिर में ही पड़े रहते हैं जब तक उनकी मनोकामना पूर्ण नहीं हो जाती है।



**50 वर्ष पुराना है मंदिर :** बता दें कि यहां प्रतिष्ठित शिव और पार्वती की मूर्ति अपने आप निकली थी। जिसे प्रतिष्ठित कर दिया गया और यहां भव्य मंदिर बना दिया गया। इसके बाद से धीरे-धीरे यह मंदिर प्रसिद्ध होता गया, यह मंदिर लगभग 50 वर्ष पूराना है। वहीं मंदिर के सिद्धेश्वर पंडित ने बताया कि दो नदियों के मिलन स्थल पर बसे इस मंदिर को दोमुहानी धाम के नाम से जाना जाता है। यहां पहुंचने वाले भक्तों की मनोकामना पूर्ण होती है। वहीं पूजा करने आए एक भक्त ने बताया कि पिछले कई वर्षों से हमलोग इस मंदिर के बारे में सुनते आ रहे हैं, लेकिन आज पहली बार दर्शन का सौभाग्य प्राप्त हुआ, यहां आने के बाद मुझे काफी संतुष्टि मिली है। मैं लोगों को भी कहूंगा कि आप भी यहां आएं और दर्शन करें। वहीं उन्होंने कहा कि इस शिवलिंग का प्रतीकात्मक रूप उज्जैन महाकालेश्वर से मिलता जुलता है, जो पूरे झारखंड में कहीं नहीं है। यहां पर भगवान शिव साक्षात विराजते हैं, जो भक्तों की मनोकामना पूर्ण करते हैं।

# डॉक्टर की लापरवाही से नहीं हो रहा है मरीजों का इलाज

**भवनाथपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की स्थिति इन दिनों बेपटरी हो गई है एक ओर जहां स्वास्थ सचिव के आने की तैयारी को लेकर अस्पताल को चमकाया जा रहा है। वहीं दूसरी ओर चिकित्सक की लापरवाही के कारण मरीजो का इलाज नहीं हो रहा है। ताजा मामला सोमवार की रात्रि की है। जहां उल्टी और घड़बढाहत में मरीज आधा घंटा तक तड़पता रहा लेकिन कोई चिकित्सक अस्पताल में इलाज तक नहीं करने पहुंचे। जिससे भवनाथपुर अस्पताल की बदतर स्थिति को दर्शाता है। जानकारी के अनुसार डीएवी स्कूल भवनाथपुर के शिक्षक नंदकिशोर चैधरी को लगातार उल्टी और बेचैनी की शिकायत पर परिजनों एवं स्कूल की अन्य शिक्षक ने भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। जहां कोई चिकित्सक मौजूद नहीं थे। जबकि रोस्टर में महिला चिकित्सक प्रियंका कुमारी की ड्यूटी थी। बावजूद इसके अस्पताल में उपस्थित नहीं थी। मरीज की स्थिति बिगड़ता देख परिजनों ने इसकी सूचना मीडिया कर्मी को दी। जहां पर मीडिया कर्मी पहुंचे तो देखा कि मरीज अंधेरे में



बेड पर तड़प रहा है और परिजन मोबाइल के लाइट से रोशनी दिखा रहे थे। इसे देख खुद मीडिया कर्मी जेनरेटर स्टार्ट की और चिकित्सा पदाधिकारी दिनेश सिंह को फोन किया। उसके बावजूद कोई चिकित्सक के नहीं आने पर मरीज के परिजनों वहां से मरीज को ले जाने लगे। उसके बाद प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी के निर्देश पर आधे घंटे के बाद एमपीडब्लू विद्यानन्द प्रजापति पहुंचे। मीडिया कर्मी के आग्रह पर आयुष चिकित्सक अभिनीत विश्वास ने इलाज किया। इस संबंध में पूछे जाने पर महिला चिकित्सक प्रियंका कुमारी ने बताया कि सोमवार को शाम साढ़े आठ बजे तक मेरी ड्यूटी थी लेकिन प्रभारी चिकित्सक दिनेश कुमार के मौखिक आदेश पर हम घर आ गये थे इसकी सूचना लिपिक अरुण लकड़ा को दे दिए थे।

# गुरु नानक ने विश्वास का प्रकाश फैलाया : बिरजू तिवारी

**चतरा।** जिला परिषद् उपाध्यक्ष ब्रज किशोर तिवारी (बिरजू तिवारी) मंगलवार को हंटरगंज प्रखंड अंतर्गत डुमरी कला पंचायत में गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा गुरुद्वारा में सिख पंथ के संस्थापक गुरुनानक देव महाराज के पावन प्रकाश पर्व के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

उन्होंने कहा कि सिख गुरुओं का एक अपना गौरवशाली इतिहास है। देश व धर्म के लिए बलिदान देने की अच्छी परम्परा आज भी एक इतिहास का निर्माण करती है, एक नई प्रेरणा प्रदान करती है, एक नई ऊर्जा समाज को उनसे प्राप्त होती है। श्री तिवारी ने कहा कि मध्यकाल में जब धर्म संकट में था, उस कालखंड में जिन्होंने मानवता के कल्याण के लिए अपने उपदेशों से व्यापक जनजागरण के कार्यक्रम के माध्मय से एक बड़े अभियान को अपने हाथों में लिया था, वह प्रकाशपुंज ही हैं जिन्हें हम गुरु नानक जी के नाम से स्मरण करते हैं। उन्होंने कहा कि सिख गुरुओं के स्वर्णिम इतिहास का हम स्मरण करते हैं, उनके प्रति कृतज्ञता ज्ञापित



करते हैं, उनसे हम प्रेरणा प्राप्त करते हैं. हम उनका स्मरण इसलिए कर रहे हैं क्योंकि उनका जीवन देश व धर्म के लिए पूरी तरह समर्पित था। श्री तिवारी ने कहा कि सामाजिक समरसता और लोक-कल्याण का संदेश देतीं गुरुनानक देव की शिक्षाएं संपूर्ण मानवता के लिए अनमोल निधि हैं. जगतगुरु नानक देव जी के पावन प्रकाश उत्सव के मौके पर पूरे देश और दुनिया में जहां कहीं भी भारतवंशी निवास कर रहे हैं, वे पूरी श्रद्धा व विश्वास के साथ इस आयोजन से जुड़े हुए हैं. उन्होंने इस अवसर पर सभी को हृदय से बधाई और शुभकामनाएं दी।

# कार्तिक पूर्णिमा पर तीन भाईयों ने माता पिता को कंधों पर उठाकर कराया स्नान

**इटखोरी।** कलयुग में श्रवण कुमार कम ही देखने को मिलते हैं, जो अपने माता-पिता की निस्वार्थ भाव से सेवा करते नजर आते हैं। जिले के इटखोरी प्रखंड अंतर्गत टोनाटांड पंचायत के चक्रवार गांव तीन श्रवण कुमार सामने आए हैं जो कार्तिक पूर्णिमा के मौके पर अपने माता-पिता को कंधों पर उठाए स्नान करवाने मां भद्रकाली मंदिर स्थित मुहाने नदी लेकर पहुचा। चक्रवार गांव निवासी रामलखन यादव, सुखदेव यादव और रीतलाल यादव के कंधे पर बहंगिया (पालकी) में उसके माता-पिता को बैठा देखकर हर कोई हैरान है।

तीनों भाईयों ने अपने माता पिता को कांवड़ में बैठाकर भद्रकाली मंदिर का दर्शन कराया व नदी में डुबकी लगवाई। तीनों भाइयों ने इस यात्रा के बारे में बताया कि अपने दिवंगत भाई की इच्छा थी की माता और पिताजी को इटखोरी स्थित माता भद्रकाली मंदिर की पैदल तीर्थ कराऊं। अपने दिवंगत भाई की इच्छा के अनुरूप मैंने निर्णय लिया कि माता-पिता को हम बहंगी में



बिठाकर अपने कंधे के बल इस यात्रा को सफल करेंगे। इसी दौरान मैंने एक मजबूत कांवड़नुमा बहंगी तैयार करवायी और मंगलवार अपने गांव चक्रवार से सैकड़ों ग्रामीणों की उपस्थिति में माता भद्रकाली मंदिर के लिए बहंगी में आगे पिताजी और पीछे माताजी को बिठाकर यात्रा शुरू कर दी।उनका कहना है कि हमारे माता पिता ही हमारे भगवान हैं, और यही हमारे आदर्श और हम सब का फर्ज बनता है कि अपने मां बाप की सेवा करते रहे। वही मां भद्रकाली मंदिर स्थित मुहाने नदी में माता और पिता को स्नान करवाया। इधर गांव वालों ने बताया कि हम लोग खुश हैं कि अपने माता पिता को भद्रकाली मंदिर की यात्रा कराने निकले हैं और लोग भी हम लोगों को हिम्मत दे रहे हैं और प्रशंसा कर रहे हैं। इधर भाइयों ने घर पहुंचने के बाद सात दिवसीय सतनारायण भगवान का पाठ करवाएंगे। इसी मौके पर बालेश्वर यादव,टोनाटांड मुखिया,टोनाटांड पंचायत समिति प्रीति कुमारी ठाकुर,पितीज पंचायत के मुखिया रामदेव यादव, घनश्याम यादव ,उपेंद्र साव समेत सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

# डोमचांच में किसान का बेटा बना इंजीनियर

खबर मन्त्र संवाददाता

डोमचांच (कोडरमा)। नगर पंचायत के मंझलीटांड़ निवासी कुंदन कुमार सिंह पिता राजेन्द्र प्रसाद सिंह ने जेपीएससी द्वारा आयोजित असिस्टेंट इंजीनियर की परीक्षा पास कर डोमचांच सहित पूरे जिले का नाम रौशन किया है।

बता दें कि कुंदन एक किसान का बेटा है, कुंदन के पिता राजेन्द्र सिंह एक किसान हैं और किसानी कर उन्होंने अपने बेटे को पढ़ाया। कुंदन ने अपनी प्रारम्भिक शिक्षा डोमचांच कन्या मध्य विद्यालय से ली। उसके बाद मैट्रिक की परीक्षा

### जेपीएससी द्वारा आयोजित असिस्टेंट इंजीनियर की परीक्षा पास कर कुंदन ने डोमचांच सहित पूरे जिले का नाम रौशन किया

सीएम हाई स्कूल से पास की। वहीं उसने बारहवीं जे.जे. कॉलेज से की, जबकि बी.टेक. (मेकेनिकल इंजीनियरिंग) सिलिकोन इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलोजी संबलपुर ओड़िसा से पूरी की।

इसके बाद यह कम्पटीशन की तैयारी करने लगे। अंततः कठिन परिश्रम से जेपीएससी की परीक्षा पास कर पूरे गांव में पहला सफल छात्र बन गया। वहीं कुंदन सिंह ने



बताया कि जेपीएससी की प्रारंभिक परीक्षा पास करने के बाद मेंस की परीक्षा अक्टूबर 2021 में दिया। उसके बाद 29 मई 2022 को इंटरव्यू दिया, जिसके बाद आज रिजल्ट में अंतिम रूप से मैं चयनित हुआ। वहीं उन्होंने कहा कि किसी भी परीक्षा की तैयारी करने वाले छात्र को प्रयास करते रहना चाहिए और हार नही माननी चाहिए। कठिन परिश्रम, बड़ों का आशीर्वाद और सही निर्देशन से कठिन रास्ते भी आसान हो जाते हैं। वहीं कुंदन ने अपनी सफलता का श्रेय अपने पिता राजेन्द्र प्रसाद सिंह, माता चम्पा देवी, चाचा विशेश्वर सिंह और परिवार के सभी सदस्यों को दी। साथ ही कुंदन ने उचित मार्गदर्शन के लिए भाई चन्दन सिंह और बहन पूजा सिंह को धन्यवाद भी दिया।

एक नजर में

## मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन आज



**गढ़वा।** गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के सभी मतदान केंद्रों पर बुधवार को मतदाता सूची के प्रारूप का प्रकाशन किया जाएगा। इस संबंध में 80 गढ़वा विधानसभा क्षेत्र के सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह गढ़वा अंचल अधिकारी कुमार मयंक भूषण ने बताया कि सभी मतदाता अपने मतदान केंद्रों पर जाकर प्रारूप सूची में अपना नाम देखें। यदि किसी का नाम गलत हो किसी का नाम हटवाना हो या अपने रिश्तेदारों का नाम मतदाता सूची में दर्ज कराना हो तो मतदान केंद्र पर ही बीएलओ के माध्यम से या स्वयं आनलाईन वोटर हेल्पलाइन के माध्यम से अपना नाम मतदाता सूची में दर्ज करवा सकते हैं या किसी भी प्रकार की त्रुटि का सुधार कर सकते हैं। श्री भूषण ने बताया गया कि प्रारूप प्रकाशन के साथ ही सभी बूथों पर चुनाव पाठशाला का भी आयोजन किया जाएगा। जिसमें संबंधित बूथों पर बीएलओ के द्वारा मतदाताओं को चुनाव से संबंधित जानकारी दी जाएगी। जिसकी तैयारी करते हुए सभी बीएलओ एवं सुपरवाइजर को मतदाता सूची का प्रारूप एवं पोस्टर का वितरण किया गया।

## सीताराम मानस मंदिर की कमेटी का पुनर्गठन

**रमना।** प्रखंड मुख्यालय स्थित श्री सीताराम मानस मंदिर संचालन समिति की कमिटी का पुनर्गठन बाबा रामजी दास की अध्यक्षता में बैठक कर किया गया। बैठक में सर्वसम्मति से व्यवसायी सह सामाजिक कार्यकर्ता बिरेंद्र प्रसाद गुप्ता को अध्यक्ष मनोनीत किया गया। जबकि धनंजय प्रसाद गुप्ता को सचिव, मुन्ना प्रसाद को कोषाध्यक्ष, कृष्णा प्रसाद को उपाध्यक्ष व सेवानिवृत शिक्षक बालरूप राम को संरक्षक, दिनेश गुप्ता को मीडिया प्रभारी बनाया गया। वहीं कार्यसमिति सदस्य में मनोज कुमार सिंह, अशर्फी चंद्रवंशी, ललित चंद्रवंशी, बाबूलाल गुप्ता, अनिल प्रसाद गुप्ता, पंकज प्रसाद गुप्ता, अनुज चंद्रवंशी, मंतोष पासवान, आनंद गुप्ता, संजय प्रसाद गुप्ता, ओमप्रकाश सोनी, महेंद्र प्रसाद गुप्ता, विश्वजीत कुमार, राकेश कुमार पासवान, रविशंकर गुप्ता, श्याम किशोर प्रसाद आदि को शामिल किया गया है। बिरेंद्र प्रसाद गुप्ता ने कहा कि जिस तरह से पूरे पंचायत वासियों ने श्री सीताराम मानस मंदिर के विकास कार्यों को आगे बढ़ाने का दायित्व सौंपा उसे कृत संकल्पित होकर पूरा करने का प्रयास कमिटी करेंगी। उन्होंने कहा कि एक सप्ताह के अंदर कमिटी की बैठक कर कई मंदिर विकास के लिए निर्णय लिया जाएगा। मौके पर पूर्व प्रमुख मृत्युंजय कुमार सिंह, सांसद प्रतिनिधि प्रभात कुमार, श्रीप्रसाद गुप्ता, नरेश प्रसाद गुप्ता, सुनील गुप्ता, आनंद गुप्ता, आशीष कुमार, त्रिवेणी लाल, जगदीश यादव, संजय प्रसाद, राजू कुमार, हरिहर दास, पिंटू, अनिल गुप्ता, जितेंद्र कुमार, शंभू गुप्ता, मिकू कुमार, पंकज कुमार, अमित प्रकाश, नीरज प्रसाद, सुदामा प्रसाद सहित कई लोग मौजूद थे।



## केतार : नाई महासभा के अध्यक्ष बने संतोष

**केतार।** राष्ट्रीय नाई महासभा के तत्वावधान में नाई समाज के उत्थान व नाई समाज को एकजुट होकर अपने समाज को आगे बढ़ाने को लेकर मंगलवार को पर्यवेक्षक अशोक ठाकुर एवं प्रदेश सचिव राजेश्वर ठाकुर की अध्यक्षता में में सरयु दास रामलीला मैदान में बैठक आयोजित की गई। बैठक में केतार प्रखंड के सातों पंचायत के लोग उपस्थित थे। इस दौरान प्रखंड स्तरीय कमिटी का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से शिक्षक संतोष कुमार को अध्यक्ष, अशोक ठाकुर को उपाध्यक्ष, नागेंद्र ठाकुर को सचिव, अरविंद ठाकुर को उप सचिव, सत्येन्द्र ठाकुर को कोषाध्यक्ष एवं हीरालाल ठाकुर को उप कोषाध्यक्ष, रामजन्म ठाकुर को संरक्षक, प्रवेश ठाकुर व कमलेश ठाकुर को संयोजक एवं अनुज ठाकुर व संतोष ठाकुर को सूचना मंत्री बनाया गया। राजेश्वर ठाकुर ने कहा कि कमिटी गठन के साथ साथ अधिक से अधिक लोगों को सदस्य बनाने पर जोर दिया जा रहा है। ताकि नाई संगठित व एक होकर काम करें।



## डिस्पैच ऑफिसर का प्रभार दयाशंकर ने संभाला

**टंडवा(चतरा)।** मगध कोल परियोजना के डिस्पैच ऑफिसर चंदन चटराज का हुआ तबादला। नए प्रभार में दयाशंकर ओझा ने मंगलवार को किया पदभार ग्रहण। ज्ञात हो कि चंदन चटराज पिछले कई वर्षों से एक ही कुर्सी में चिपके रहने के कारण भ्रष्टाचार के आरोप में इन दिनों लगातार सुर्खियों में थे। इस मामले पर तमाम अखबारों में खबर हो रही थी प्रकाशित, जिसका असर दिखा एवं जीएम यूनिट मगध-संघमित्रा क्षेत्र के लिए सीसीएल द्वारा तबादला किया गया। नए प्रभार डिस्पैच ऑफिसर दयाशंकर ओझा का पदभार ग्रहण के दौरान सीसीएल कर्मियों एवं कोल व्यवसाय से जुड़े लिफ्टरों ने पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। एवं एक दूसरे को मिठाई खिलाकर जश्न मनाया है। बताया जाता है कि निवर्तमान डिस्पैच ऑफिसर चंदन चटराज के कार्यकाल से सीसीएल कर्मीयों एवं कोल कारोबारियों ने असन्तुष्ट एवं भ्रष्टाचार के पटरी पर चल रहे थें। उनका ट्रांसफर होते ही स्वच्छ व ईमानदार ऑफिसर को आने से जश्न मनाया गया।

## भद्रकाली मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**इटखोरी।** कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर ऐतिहासिक मां भद्रकाली मंदिर स्थित मुहाने नदी में मंगलवार की सुबह श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। श्रद्धालुओं ने नदी में स्नान कर दीप दान किया। श्रद्धालुओं स्नान करने के बाद कतारबद्ध होकर मां भद्रकाली के दर्शन किए। रात 2:30 बजे से ही स्नान, दान, पूजन का कार्यक्रम शुरू हो गया था। बता दें, कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर हर साल भद्रकाली मंदिर में स्नान व पूजा अर्चना के लिए भक्तों की काफी भीड़ जुटती है। आज के दिन स्नान का विशेष महताव होता है। इस दिन श्रद्धालु स्न्नान करने के बाद मां भद्रकाली के दर्शन करने का सौभाग्य प्राप्त करते हैं।



## हमदर्द कमेटी ने जीवोदया होली फैमिली में दिया कंबल

**कोडरमा।** सर्द की रातें गरीबों के लिए बहुत भारी पड़ती हैं, उन्हें तलाश रहती है किसी ऐसे मसीहा की जो आकर उनको ठंड से बचा सके। ऐसे ही एक संस्था है हमदर्द कमेटी जो गरीबों को मदद, सामाजिक भाईचारे को मजबूत करने के लिए हमेशा तत्पर रहती हैं। आज सर्द होती रातों में ठंड से कापंते गरीब, असहाय, लाचार लोगों को कड़ाके की ठंड में गरीब बच्चों व बुजुर्गों को गर्म कपड़ों के अभाव में न जीना पड़े, इसलिए कार्तिक पूर्णिमा, गुरुनानक जयंती के अवसर पर हमदर्द कमेटी के संस्थापक सह कांग्रेस नेता सईद नसीम एवं उनकी समाजसेवी पत्नी नाजिया खातून के नेतृत्व में कमेटी के सदस्यों ने जीवोदया होली फैमिली में गरीब असहाय व मानसिक रोगियों, बुजुर्गों व गरीब बच्चों के बीच 75 गर्म कम्बल और खाद्य सामग्री का वितरण किया। वहीं ठंड की शुरूआत में कंबल पाकर गरीब बच्चे व असहाय लोगों के चेहरे खिल उठे।



## स्पीड न्यूज

### अपहरण के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

**बालूमाथ।** बालूमाथ पुलिस ने मंगलवार को आपहरण के मामले में फरार चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार कर लातेहार जेल भेज दिया है। घटना के संबंध में जानकारी देते हुए बालूमाथ थाना प्रभारी प्रशांत प्रसाद ने बताया की बालूमाथ थाना में दर्ज कांड संख्या 119/22 के तहत बारियातू के एक युवक को ज्ञानदेव कुमार साहू उर्फ ज्ञानी साहू 27 वर्ष पिता रामवृक्ष साहू ग्राम बान्दु थाना लावालौंग चतरा निवासी ने पैसे की लेनदेन में घर मे कैद कर रखा था। जिसके बाद युवक के परिजनों ने बालूमाथ थाना में इसकी लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। जिसके बाद पुलिस ने मामले में फरार चल रहे ज्ञानदेव कुमार साहू को गिरफ्तार कर धारा 364ए, 34 भादवी के तहत लातेहार जेल भेज दिया।

### बारियातू में भाजपाइयों का एक दिवसीय धरना आज

**बारियातू।** प्रदेश भाजपा के नेतृत्व व जिलाध्यक्ष के निर्देशानुसार हेमंत सरकार की विकास कार्यो पर विफलता, चरमराती विधि व्यवस्था, भ्रष्टाचार, तुष्टिकरण, अनाचार लूट व झूठ के खिलाफ प्रखंड कार्यालय परिसर में 09 नवंबर को एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया जाएगा। जानकारी देते हुए भाजपा मंडल अध्यक्ष लव कुमार सिंह ने बताया कि धरना प्रदर्शन 9 नवंबर को दिन में 11 बजे से शुरू होगा।

### चंदवा में खड़े ट्रक के चालक को मारी टक्कर, स्थिति गंभीर

चंदवा। एनएच 99 रांची चतरा मुख्य मार्ग अंतर्गत चंदवा शहर स्थित गैरेजलेन के समीप मंगलवार की देर शाम एक तेज रफ्तार बाइक ने सड़क किनारे खड़े बॉक्साइट ट्रक के चालक देवमोहन कोरबा पिता मंगलदेव कोरबा (चूल्हा माटी घाघरा गुमला) को जोरदार टक्कर मारी दी। जिससे वह गम्भीर रूप से घायल हो गया व उसका पैर बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं ट्रक चालक को टक्कर मारने के बाद बाइक सवार युवक एहसान आलम (तिलैयाटांड चंदवा) भी गिरकर घायल हो गया। दोनों घायलों को स्थानीय लोगो की मदद से चंदवा सीएचसी लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद ट्रक चालक देव मोहन कोरबा की गम्भीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया।

### सुकन्या फाउंडेशन की हुई बैठक

**लातेहार।** सामाजिक संस्था सुकन्या सामाजिक जन सहयोग फाउंडेशन ट्रस्ट कमेटी के द्वारा मंगलवार को लातेहार जिला संस्था के जिला कार्यालय में संस्था के संस्थापक अमल दास की अध्यक्षता में एक बैठक संपन्न हुई। अमल दास संबोधित करते हुए कहा कि हमारी संस्था झारखंड के साथ-साथ बिहार एवं उत्तर प्रदेश में भी कार्य कर रही हैं। संस्था के मुख्य उद्देश्य गरीब एवं असहाय लोगों को मदद करना है।

# पर्यटन के दृष्टिकोण से केचकी स्टेशन पर एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव जरूरी : अली हसन

## ग्रामीणों ने केचकी रेलवे स्टेशन परिसर में किया धरना-प्रदर्शन

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बरवाडीह/बेतला।** डालटनगंज - बरकाकाना सीआइसी सेक्शन अंतर्गत केचकी रेलवे स्टेशन में एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव और फुट ओवरब्रिज निर्माण की मांग को लेकर पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत राजद प्रखंड अध्यक्ष सह जिला परिषद सदस्य बरवाडीह पश्चिमी के प्रत्याशी अली हसन अंसारी के नेतृत्व में केचकी रेलवे स्टेशन के प्रांगण में एकदिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अली हसन अंसारी ने कहा कि धनबाद रेल मंडल के महत्वपूर्ण स्टेशनों में केचकी रेलवे स्टेशन भी है। पर, केंद्र सरकार और रेल के वरीय अधिकारियों की उदासीनता के कारण कोरोना काल से बंद पड़े एक्सप्रेस ट्रेनों का ठहराव अब तक नहीं दिया गया हैं। यहां तक कि केचकी स्टेशन में यात्री सुविधाओं का भी घोर अभाव हैं।


धरना को संबोधित करते अली हसन अंसारी।

उन्होंने कहा कि केचकी पर्यटन स्थल के रूप में जाना जाता है, क्योंकि यहां बेतला राष्ट्रीय उद्यान, केचकी संगम, पलामू किला और नेतरहाट जैसे विश्व विख्यात पर्यटन स्थल है। ट्रेनों का ठहराव होने से पर्यटक केचकी स्टेशन से सभी पर्यटन स्थलों का भ्रमण कर सकते है। कहा कि स्टेशन में फुट ओवरब्रिज नहीं होने के कारण यात्रियों एक से दूसरे प्लेटफॉर्म पर जाने के काफी परेशानी होती है। अगर ग्रामीणों की मांगों को जल्द पूरा नहीं किया गया तो ग्रामीण उग्र आंदोलन करने को बाध्य होंगे। इसकी सारी जिम्मेवारी रेल प्रशासन को होगी।

मौके पर वरिष्ट नेता विक्टर केरकेट्टा, संजय कुमार वर्मा, मुस्लिम खान, अलाउद्दीन खान, फौजदार सिंह, ननहकु सिंह खरवार, अमेरिका सिंह चेरो, उपेन्द्र पासवान, विनोद सिंह चेरो सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

# पानी टंकी के निर्माण में संवेदक कर रहा घटिया काम : लक्ष्मण कुशवाहा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के भगिया ग्राम में जल-नल योजना के तहत बनाये जा रहे पानी टंकी का निर्माण संवेदक द्वारा घटिया तरीके से जा रहा है। ग्रामीणों द्वारा मामले की सूचना भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा को दी गयी।

इसके बाद मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष ग्रामीणों के साथ स्थल जाकर निर्माण कार्य का निरीक्षण करने पर पाया कि संवेदक द्वारा घटिया निर्माण कार्य किया जा रहा है। पानी टंकी पर ऊंचाई पर कार्य कर रहे मजदूर बिना सेफ्टी बेल्ट, जूता, हेलमेट के काम कर रहे है। वहीं निर्माण कार्य में उपयोग हो रहे बालू, छरी, ईंट, सीमेंट घटिया


पानी टंकी का निरीक्षण करते लक्ष्मण कुशवाहा।

क्वालिटी का है। भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा ने घटिया कार्य का विरोध करते विभाग से जांच एवं संवेदक द्वारा अच्छी गुणवत्ता निर्माण कराने की मांग की है। साथ ही कहा कि यह जनता के पैसे की लूट है। मौके पर भगिया मुखिया रोहनी देवी, ग्राम प्रधान धनराज उरांव, नरेश यादव, चरवा उरांव, विकाश यादव, पिंटू यादव, अखिलेश यादव, मंटू मुंडा समेत कई ग्रामीण उपस्थित थे।

# कार्तिक पूर्णिमा पर श्रद्धालुओं ने नदी सरोवरों में लगायी आस्था की डुबकी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर चंदवा प्रखण्ड अंतर्गत देवनद दामोदर तट समेत विभिन्न नदी, सरोवरों में श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगायी। इस मौके पर अहले सुबह से ही देवनद तट व भुषाढ़ नदी में श्रद्धालुओं की भारी भिंड देखी गयी जहां श्रद्धालुओं ने स्नान कर विशेष पूजन के बाद दीपदान व दान किया।

नगर मंदिर के सेवक अश्विनी मिश्रा ने बताया कि हिंदू धर्म में कार्तिक पूर्णिमा का विशेष महत्व माना जाता है। इस दिन पवित्र नदी में स्नान कर के दीपदान एवं दान करने का खास महत्व है। इस दिन भगवान शिव ने त्रिपुरासुर का अंत किया था। जिसकी खुशी में देवताओं ने हजारों दीप जलाकर दीवाली मनाई थी। जो आज भी देव दिवाली के रूप में मनाई जाती है। इस दिन पवित्र नदियों में स्नान करने से पुण्य फल की प्राप्ति होती है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार, कार्तिक पूर्णिमा पर गंगा स्नान और भगवान हरि एवं शिव की पूजा करने से पूर्वजन्म के साथ इस जन्म के भी सारे पाप नाश हो जाते हैं। साथ ही गंगा या अन्य नदियों में स्नान से सालभर के गंगास्नान और पूर्णिमा स्नान का फल मिलता है। इस दिन लोग व्रत रखकर भगवान विष्णु की पूजा करते हैं। देर शाम चंद्र ग्रहण के बाद लोगो ने स्नान कर दान पुण्य भी किया। इसके पूर्व सूतक काल के बाद से ही चंदवा शहर समेत ग्रामीण क्षेत्र के मंदिरों के कपाट को बंद कर दिया गया था। रात्रि में ग्रहण समाप्ति के बाद विशेष पूजन के साथ मंदिरों का कपाट खुला।

# चंदवा उप प्रमुख ने डीसी से की प्राथि टूढ़ामू में नये भवन के निर्माण की मांग


जर्जर भवन।

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चंदवा।** चंदवा प्रखंड प्रमुख अश्विनी कुमार मिश्रा ने लातेहार उपायुक्त के नाम आवेदन देकर प्राथमिक विद्यालय टूढ़ामू में जर्जर भवन के स्थान पर नया भवन निर्माण की मांग की है।

आवेदन में उप प्रमुख अश्विनी मिश्रा ने कहा है कि विद्यालय में दो भवन हैं, जिसमे एक भवन में स्थित दो कमरों की स्थिति पूरी तरह से जर्जर हो गयी है। दूसरे भवन के एक कमरे में ही किसी प्रकार शैक्षणिक कार्य चल रही है। फलस्वरूप विद्यार्थियों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। समस्या को ध्यान में रखते हुए जर्जर भवन को ध्वस्त कर नया भवन बनाने की मांग की है।

# डिप्लोमा अभियंता संघ के महामंत्री ने की बैठक, विभागों में प्रयोजन पर की चर्चा

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**महुआडांड़।** महामंत्री डिप्लोमा अभियंता संघ एवं केंद्रीय पदाधिकारी ने अपने दौरा के दौरान लघु सिंचाई प्रमंडल लातेहार के प्रांगण में बैठक की। इसकी अध्यक्षता राज किशोर पासवान ने की। मौके पर मुख्य रूप से गुप्तेश्वर राम महामंत्री, जोगेन्द्र प्रसाद, विजय शर्मा, रमलखन सिंह, जनेश्वर राम, दिवाकर भगत, अजीत कुमार एवं उपेन्द्र चौधरी उपस्थित रहे।

बैठक में महामंत्री द्वारा सभी विभागों में प्रयोजन पर विस्तृत चर्चा की गयी। इसमें अभियान सेवा नियमावली 2006 का मुख्यमंत्री द्वारा अनुमोदन प्राप्त हो गया है। उसे वित्त विभाग से अनुमोदन प्राप्त कर जल्द ही शिविर में में भेजा जाएगा। नियमावली संबोधन होने से कार्यपालक अभियंता में 38% (78% वरीयता से एफ 10% एएमआईई कोच) प्रोन्नति के कोच


बैठक में उपस्थित लोग।

मे प्राप्त होगा। तीनों विभागों में (जल, पथ, पीएचईडी) में प्रोन्नती रोस्टर क्लियरेंस करा लिया गया है। निगरानी स्वच्छता का कार्य प्रगति पर है। जैसे ही निगरानी क्लीयरेंस होगा, नियमित प्रोन्नति अविलंब करा लिया जाएगा। गृह विभाग में कनीय अभियंताओं को विधि व्यवस्था से मुक्त करने हेतु याचिका सचिव के पास भेज दिया गया है। सचिव के आदेश होने के बाद अभियंता वर्ग को विधि-व्यवस्था से मुक्त कर दिया जाएगा। 4500 ग्रेड के लिए वित्त मंत्री से बार्ता हुई है। कुछ कागजात की मांग मंत्री द्वारा किया गया है। कागजात उपलब्ध कराकर पूनः मंत्री जी से वार्ता किया जाएगा। पथ निर्माण विभाग, जल संसाधन विभाग में एमएससीपी के तिथि निर्धारण हेतु संचिका अभियंता प्रमुख के यहां पड़ी हुई है। जलद ही तिथि निर्धारण के पश्चात करा लिया जाएगा। अगर संघ के द्वारा 5 प्रयास होने के बाद 28% वरीयता आधारित एवं 10% एएमआईई कोटा के तहत कनीय अभियंता के प्रोन्नति में कोटा निर्धारित कराया गया। संघ के संघर्ष के कारण ही डिग्रीधारी अभियंताओं को 10 प्रतिशत का लाभ प्रोन्नति में मिलना शुरू हुआ।

## एक नजर में

### बेतला पंचायत सचिवालय में जरूरतमंद लोगों के बीच कंबल का हुआ वितरण



**बेतला।** बरवाडीह प्रखंड के बेतला पंचायत सचिवालय में गरीब असहाय बुजुर्ग लोगो के बीच बरवाडीह प्रखंड प्रमुख सुशीला देवी, जिला परिषद सदस्य संतोषी कुमारी, पंचायत के मुखिया मंजू देवी, उपमुखिया बसंती देवी, ने संयुक्त रूप से करीब डेढ़ सौ कंबल का वितरण बेतला पंचायत सचिवालय में किया गया। इस दौरान पंचायत के मुखिया मंजू देवी ने कहीं की पंचायत वार जो कम्बल का आवंटन किया गया था उसे प्रत्येक वार्ड से लिस्ट लेकर कमल का वितरण किया गया है, जो जरूरतमंद लोग इस बार कमल लेने से वंचित रह गए हैं, प्रयास करूंगी और यदि कमल की आवंटन होगी तो उन लोगों को भी मुहैया कराया जाएगा। मौके पर पूर्व मुखिया संजय सिंह, स्वयंसेवक उमेश रजक,मोहम्मद अख्तर,समेत पंचायत के कई वार्ड सदस्य एवं ग्रामीण मौजूद थे।

### बालूमाथ में युवक ने फांसी लगाकर किया आत्महत्या का प्रयास

**बालूमाथ।** मंगलवार को बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय स्थित जोगियाडीह ग्राम निवासी राजेश नायक के 18 वर्षीय पुत्र छोटू नायक ने फांसी लगाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया की छोटू की शादी रांची के खेलगांव में तय हुई थी । छठ पर्व के मौके पर वह अपनी मंगेतर को परिवार की सहमति से घर लाया था और छठ पूजा के बाद उसे वापस घर पहुंचा दिया। लेकिन लड़की के भाई को यह बात नागवार गुजरी उसने दोनो के साथ मारपीट की। जिसके आवेश में आकर लड़की ने सोमवार को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। घटना की सूचना पाकर छोटू नायक ने भी अपना जीवन लीला समाप्त करने की ठान ली और खुद को एक कमरे में बंद कर फांसी लगाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। घटना के बाद परिजनों ने युवक को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया जहां चिकित्सक डॉक्टर सुरेश राम के द्वारा युवक का प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति को देखते हुए रांची रिम्स रेफर किया गया।

### बारियातू में सात दिवसीय रामलीला कार्यक्रम का हुआ उद्घाटन



बारियातू। प्रखंड के बालूभांग मे सात दिवसीय रामलीला कार्यक्रम का उद्घाटन मुखिया केदार गंझु, पंसस राजेश मोची, वार्ड सदस्य मनोज मोची, पिंटू केशरी समाज सेवी बंगाली साव व हरी साव ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। प्रयाग राज उत्तर प्रदेश से आये जय माँ शीतला ग्रुप के रामलीला मंडली अमित कुमार तिवारी, देवनारायण चौरसिया, अनिल दक्ष, शिवकुमार व केशव सहित अन्य कलाकारों ने रामलीला कार्यक्रम के सम्बन्ध मे जानकारी देते हुए बताया की सनातन धर्म की रक्षा, धार्मिक लाभ प्राप्त करने के उदेश्य से प्रयाग राज उत्तर प्रदेश से यह मंडली बालूभांग आकर राम की जीवनी से आधारित रामलीला का प्रोग्राम दिखा रही है। मंगलवार रात्रि में सीता मां की स्वयंवर प्रसंग कार्यक्रम कर दिखाया गया।

### मनिका में हत्या के आरोपियों की गिरफ्तारी को निकाली गयी रैली



**मनिका।** मनिका थाना क्षेत्र अंतर्गत स्थित जगतु गांव में बीते दिनों पूर्व जगतू गांव निवासी तेतर भुइयाँ की निर्ममता से हत्या सहित जुंगुर गांव के रघुनंदन सिंह हत्याकाण्ड व नदबेलवा गांव निवासी रामनरेश यादव हत्याकाण्ड में संलिप्त किसी भी हत्यारे की गिरफ्तारी नहीं करने से लातेहार पुलिस की कार्यकुशलता पर एक बड़ा प्रश्न चिह्न लगता जा रहा है। आईने की तरह साफ है कि जिले में पुलिस अपराधी गठजोड़ चरम पर है जिसकी वजह से अपराधियों का मनोबल सातवें आसमान पर है और जिले की जनता भयपूर्ण वातावरण में जीने को विवश हैं। उक्त बातें मनिका में साझा मंच के बैनर तले आयोजित एक दिवसीय प्रतिवाद मार्च में जिला परिषद् सदस्य मनिका (पश्चिमी) बलवंत सिंह ने कही। प्रतिवाद मार्च का नेतृत्व भाकपा (माले) के जिला सचिव अजय यादव और अखिल भारतीय भुइयाँ समाज कल्याण समिति के प्रखण्ड अध्यक्ष रामेश्वर भुइयाँ संयुक्त रूप से कर रहे थे, जो मनिका पचफेड़ी चौक से मुख्य सड़क होते हुए स्थानीय हाई स्कूल फिर प्रखण्ड कार्यालय परिसर में जनसभा की गई। रैली में मनिका के अनेकों गांवों से बड़ी संख्या में ग्रामीण महिला पुरुष आक्रोश ब्यक्त करते हुए हाथों में अपनी माँगों के समर्थन में तख्तियाँ लेकर तथा गगनभेदी नारा लगाकर हत्यारों की अविलम्ब गिरफ्तारी की माँग कर रहे थे। वहीं अखिल भारतीय किसान महासभा के धनेश्वर सिंह, राष्ट्रीय यादव सेना के सतबरवा प्रखण्ड अध्यक्ष अशोक कुमार यादव, जेरुआ के जननेता भूखन सिंह ने भी लोगों को संबोधित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सिकेश्वर भुइयाँ,पचाठी सिंह,दिलीप रजक,लालबिहारी सिंह,भगवती उराँव,राजेश्वर सिंह,सहित सभी संगठन एवं राजनीतिक संगठन के लोगों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम का संचालन जगदेव भुइयाँ ने किया। मौके पर सैकड़ों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

## लातेहार में टेट सफल सहायक अध्यापकों ने सहायक आचार्य नियुक्ति नियमावली की प्रति जलायी, बोले

# 15 नवंबर को रांची के मोरहाबादी मैदान में होगा प्रदर्शन

**खबर मंत्र संवाददाता**

**लातेहार।** लातेहार जिला मुख्यालय में मंगलवार को दोपहर टेट सफल सहायक अध्यापक संघ लातेहार के तत्वाधान में अंबाकोठी से कतारबद्ध व शांतिपूर्ण तरीके से समहरणालय गेट तक पहुंचकर टेट सफल सहायक अध्यापकों ने सहायक आचार्य नियुक्ति नियमावली की प्रति (फोटो कॉपी) को जलाया।

मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कोर कमेटी सदस्य अरविंद कुमार ने कहा कि सूबे के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन व शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो ने टेट सफल सहायक अध्यापकों को सीधे समायोजन व वेतनमान देने की बात कही थी। लेकिन सत्ता में आते ही सब कुछ भूलकर ठगने


प्रदर्शन करते शिक्षक संघ के सदस्य।

का काम किया हैं, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आगामी 15 नवंबर को झारखंड स्थापना दिवस के दिन प्रदेश कमेटी के नेतृत्व में मोरहाबादी मैदान रांची में प्रदर्शन होगा। झारखंड सरकार को काला बिल्ला दिखाने और पुतला दहन करने का काम किया जाएगा। इस मौके पर प्रदेश कोर कमेटी सदस्य मिथिलेश यादव, जिला अध्यक्ष घनश्याम कुमार चंद्रा, कोषाध्यक्ष संजय कुमार यादव, सचिव नंदकिशोर प्रसाद, उपाध्यक्ष भूपेंद्र कुमार, कमलेश यादव, कालीनाथ शाहदेव, विनोद यादव, रामप्रकाश यादव, संगठन मंत्री राजेश गुप्ता, संरक्षक निर्मल कुमार यादव, संयोजक प्रमोद कुमार यादव, मीडिया प्रभारी हरिओम प्रसाद, चंदवा प्रखंड अध्यक्ष मनीष पांडे, बालूमाथ प्रखंड अध्यक्ष लल्लन यादव, लातेहार प्रखंड अध्यक्ष संजीत प्रसाद, अध्यक्ष हेरहंज प्रखंड अध्यक्ष रामप्रकाश यादव, बरियातू प्रखंड अध्यक्ष उमेश यादव, मनिका प्रखंड अध्यक्ष दिलीप यादव, बरवाडीह प्रखंड अध्यक्ष बलराम सिंह, गारू प्रखंड अध्यक्ष पंकज कुमार कश्यप, जिला उपसचिव व संयुक्त सचिव राजकुमार राजु व अनिल गुप्ता, अमोद यादव, दिनेश प्रसाद, निरंजन प्रसाद, उदय प्रसाद, सुनील प्रजापति, मुकेश कुमार, सुरेश राम, संतोष बेंगरा, संजय कुमार तिवारी, मोबिन आलम, असेश्वर गंजू, कुंदन प्रसाद, आशीष पांडे, शशिकांत यादव, शिशुपाल समेत कई लोग मौजूद रहे।

# चकला प्लांट में स्क्रैप की चोरी जोरों पर, सुरक्षा प्रहरी लाचार

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**लातेहार।** चंदवा के बाना चाकल स्थित बन्द पड़े प्लांट से स्क्रैप कटिंग का काम शुरू होन के बाद से इनदिनों जमकर स्क्रैप की चोरी हो रही है। चोरों का हौसला इतना बुलन्द है कि सुरक्षा प्रहरी को हीं उनसे डर है। सैकड़ो एकड़ में फैले इस प्लांट एरिया के कई हिस्सों से चोरी हो रही है।

एक ग्रामीण ने नाम ना छापने की शर्त में बताया कि यहाँ रात में मेला के जैसा भीड़ लग जाता है। कई जगहों से सैकड़ो की संख्या में लोग जुटे होते है। चोरों की महफिल सजती है जहां एक से बढ़कर एक खरीददार आते है। स्क्रैप के साथ-साथ चोरी के कई टन माल प्रति रात बाहर निकल रहे हैं। वहीं, एक अन्य ग्रामीण ने बताया कि उसने सोमवार की देर रात दो गोली चलने की भी आवाज सुनी थी।

स्थानीय लोगों का कहना है कि जब जब स्क्रैप का काम होता है तब तक जमकर चोरियां होती है। इसमें कई सफेदपोश भी शामिल होते हैं।

### 25 करोड़ का हुआ टेंडर,रांची की कंपनी को मिला था काम

**जानकारी** के अनुसार प्लांट बंद होने के बाद बैंकर्स का कर्ज चुकता करने के लिए कोर्ट ने इसका स्क्रैप बेचने का आर्डर दे दिया। इस बार जो टेंडर हुआ है उसमें पहले फेज में जमीन पर पड़ा समाग्री का ऑक्शन हुआ जिसे 25 करोड़ में रांची की एक कंपनी ने लिया। रांची की कंपनी ने इस काम को पंजाब के पी.ए. सी. एल कंपनी को दे दिया। जब कंपनी के लोग यहाँ से स्क्रैप उठाव शुरू किए उस दिन से ही चोरी की घटना शुरू हो गई। लोगों का कहना है कि टेंडर के अनुरूप निर्धारित स्थल के अलावा अन्य स्थलों से भी गलत तरीके से उठाव हो रहा है इस कारण चोरी की घटना में रोक लगाने के लिए कोई ठोस कदम नही उठाये जा रहे है,ताकि भविष्य में किसी प्रकार की जांच में इसे चोरी बता दिया जाएगा।

स्पीड न्यूज

## कार्तिक स्नान के लिए उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**धनबाद।** हिन्दू समाज मे का कार्तिक स्नान पूर्णिमा के दिन का खास महत्व रखता है। कार्तिक पूर्णिमा को देव दिवाली के नाम से भी जाना जाता है। मंगलवार को कार्तिक पूर्णिमा स्नान करने वाले लोग सूतक काल के प्रारम्भ होने के पहले ही स्नान करने वाले श्रद्धालूओ की काफी भीड लिलोरी स्थान मंदिर कतरी नदी घाट पर देखी गई। एकड़ा जोर नदी मे स्नान करने वाले श्रद्धालूओ का सैलाब उमड पडा ।कहा जाता है कि कार्तिक स्नान साल का आखिरी पर्व स्नान है, इस दिन जो भी गंगा या किसी नदी मे स्नान करके दान देने की परम्परा है । एकड़ा जोर नदी मे भी लोग स्नान करके दान पूण्य करते देखा गया ।धार्मिक द्रिष्ट से आज का दिन का काफी विशेष महत्व है। क्योकि आज के दिन देवता पृथ्वी पर स्नान करने के लिए आते है। ऐसी हिन्दू धर्म की मान्यता है । लोयाबाद मे कार्तिक स्नान को लेकर निवर्तमान पार्षद महाबीर पासी ने निगम के सहयोग से एकड़ा जोर नदी के विभिन्न घाटो की सफाई एक दिन पूर्व ही करा दिया गया था।

## वार्ड संख्या 8 में फिर से अनुसूचित जाति प्रत्याशी रखना साजिशः विजय

**लोयाबाद।** निगम चुनाव के पार्षदों के चुनाव में वार्डो के रिजर्वेशन प्रतियाशी रोटेड नही किये जाने पर विजय झा ने सवाल उठाये है ।मंगलवार को लोयाबाद में उन्होंने कहा भेजे गए सूची में ,वार्ड 08 में पिछले दो चुनाव के बाद भी प्रतियाशी रोटेड नही होना साजिश चल रही है ।उन्होंने बताया कि इस बार भी अनुसूचित जाति अन्य,शीट रिजर्व की सूची भेजी गई है ।जबकि पिछले दो टर्म भी यही जातियों पर शीट रिजर्व था,इसमे किसी की साजिश चल रही है ।जाँच होनी चाहिए ।और और वार्डो की तरह वार्ड आठ को भी रोटेड होना आवश्यक है ।विजय झा ने कहा कि झारखंड बनने के बाद तीन सदस्यीय कमेटी बनी थी जो छत्तीसगढ़,एमपी,एवं उड़ीसा जाकर वहां के नगर निकाय के चुनावो का अध्यन कर तत्कालिन सरकार को रिपोर्ट दी थी कि हर चुनावो मे वार्डो का रोटेड होगा। तीन सदस्यो मे शत्रुघन वर्णवाल तत्कालिन एडिसनल एडवोकेट जनरल रांची,,सुदर्शन भगत तत्कालिन केन्द्रिय मंत्री भारत सरकार व विजय झा शामिल थे।

## सीआइएसएफ ने किया कंबल और चप्पल का वितरण

**पुटकी।** पुटकी पीबी एरिया सात के गोपलीचक स्थित करकेन्द गांधी ग्राम लीप्रोसी कॉलनी में आज मंगलवार को सीआईएसएफ के असिस्टेंट कमांडेंट स्नेहा पाण्डेय एव सीआईएसएफ इंस्पेक्टर राजलक्ष्मी वर्मा के नेतृत्व में सैकड़ो गरीब असहाय लीप्रोसी के बीच कंबल ओर चप्पल का वितरण किया। वही असिस्टेंट कमांडेंट स्नेहा ने कहा कि गुरुपूर्णिमा पर सीआईएसएफ की टीम ने ठंड को देखते हुए कंबल ओर चप्पल वितरण कर रहे ताकि ठंड से बचा जा सके। उन्होंने कहा कि अभी एरिया 7 के कई स्थानों पर भी गरीब असहाय के बीच कंबल वितरण करना है।

## मेधावी विस्थापित छात्रों को बीएसएल देगा छात्रवृत्ति

**बोकारो।** बोकारो इस्पात संयंत्र विस्थापित परिवारों के वैधध्सौतेले ;पुत्र एवं पुत्रियोंद्ध को वर्ष सत्र 2022.2024 के लिए बिरसा मुंडा छात्रवृत्ति प्रदान करेगी। इस स्कीम के तहत जो बच्चे मैट्रिक की परीक्षा वर्ष 2022 में पास किये हैं तथा किसी मान्यता प्राप्त महाविद्यालय में वर्ष 2022.2024 में 2 पाठ्यक्रम में दाखिला लिए हैं वे इसके लिए आवेदन कर सकते हैं। छात्रवृति की राशि 2 पाठ्यक्रम के लिए 500 रुपए प्रतिमाह ;दो वर्ष के लिएद्ध निर्धारित की गई है ।कुल छात्रवृत्तियों की संख्या 25 है और ये छात्रवृत्तियां मेधाविता के आधार पर दी जाएगी। छात्रवृत्ति की सुविधा सिर्फ विस्थापित परिवारों के वैधध्सौतेले;पुत्र एवं पुत्रियोंद्ध के लिए ही उपलब्ध है ।इच्छुक उम्मीदवार अपना आवेदन दस्तावेज के साथ नगर सेवा भवन में कार्यालय में 31 दिसंबर 2022 तक जमा कर सकते हैं।

# उपायुक्त ने किया हर्ल सिंदरी का निरीक्षण

## डीसी ने उत्पादन की ली जानकारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**सिन्दरी ।** हर्ल में उत्पादन प्रक्रिया व प्रशासनिक समन्वय के साथ कारखाना चलाने को लेकर धनबाद उपायुक्त संदीप कुमार ने मंगलवार को हर्ल सिन्दरी खाद कारखाने का निरीक्षण किया। उन्होंने अपने दूसरी बार प्रोजेक्ट दौरा के दौरान पौधरोपण भी किया। इस मौके पर हर्ल सिनियरवाइस प्रेसिडेंट दिप्तेन राय ने उत्पादन प्रक्रिया की जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि समय से काम चलने को सुनिश्चित करने व जिला प्रशासन की मदद सहित अन्य पहलुओं पर समीक्षा करने के लिए यह दौरा किया गया है। हर्ल व स्थानीय प्रशासन के द्वारा विभिन्न दलों के कारणों को समझकर उसपर फैसला लिया जा रहा है।

उनके साथ निरीक्षण टीम में हर्ल सिनियर वाइस प्रेसिडेंट दिप्तेन राय, हर्ल एच आर विक्रांत कुमार, बलियापुर सीओ रामप्रवेश कुमार, एसडीपीओ सिन्दरी अभिषेक कुमार, सिन्दरी थाना प्रभारी सुरेश प्रसाद शामिल रहे।



### पहले दिन 981 मीट्रिक टन यूरिया का उत्पादन

हर्ल सिन्दरी खाद कारखाना ने अपने निर्धारित लक्ष्य के पहले दिन नीमकोटेड यूरिया का लगभग 25 प्रतिशत 981 मीट्रिक टन सफलतापूर्वक उत्पादन संपन्न किया। इसकी जानकारी देते हुए हर्ल प्रबंध सिनियर वाइस प्रेसिडेंट दिप्तेन राय ने मंगलवार को बताया कि आगामी दिसंबर माह के प्रथम सप्ताह से गैस की उपलब्धता के आधार पर निर्धारित लक्ष्य 3850 मैट्रिक टन को हर्ल सिन्दरी प्राप्त कर लेगा। इसके लिए गेल द्वारा 2.4 मिलियन एमएमएससीएमडी की उपलब्धता जरूरी है।

### क्या कहते हैं मेयर प्रत्याशी और व्यवसायी

हर्ल सिन्दरी में सोमवार को उत्पादन के बाद धनबाद नगर निगम के मेयर प्रत्याशी विजय पाण्डेय ने कहा कि हर्ल में नीमकोटेड यूरिया उत्पादन से किसानों को फायदा मिलेगा। इसके साथ ही मेयर बनने के बाद हर्ल के साथ समन्वय स्थापित कर सिन्दरी को पुनः सुन्दरी बनाने की ओर कोई कसर बाकी नहीं रहेगी। हर्ल वार्ड नं 54 के अंतर्गत स्थापित है लेकिन इसके सीएसआर का फायदा सिन्दरी के तीनों वार्डों को मिलेगा। सिन्दरी चेम्बर ऑफ कॉमर्स सचिव सह भाजपा नेता दीपक कुमार दीपू ने गौरव का पल बताते हुए कहा कि हर्ल में उत्पादन के साथ ही सिन्दरीवासियों के साथ मिलकर हर्ल एफसीआई के साथ समन्वय स्थापित कर सिन्दरी को पुनः गौरवान्वित करे। उन्होंने माननीय प्रधानमंत्री से सिन्दरी अस्पताल का भी पुनरुद्धार करने की अपील की है। लोजपा युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष शैलेंद्र द्विवेदी ने कहा कि पूर्वोत्तर भारत के लिए हर्ल सिन्दरी अन्नदाताओं के लिए वरदान साबित होगा। उन्होंने माननीय प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वर्ष 2002 में एफसीआई बंद होने के बाद स्व रामविलास पासवान के द्वारा पुनः स्थापित करने का निर्णय लिया गया था। इसे हर्ल ने देश को समर्पित कर पूरा किया है।

## कतरास में इंटरसिटी का ठहराव जनता की जीत

खबर मन्त्र संवाददाता

**कतरास।** धनबाद-रांची इंटरसिटी एक्सप्रेस का कल 9 नवंबर से कतरासगढ स्टेशन पर ठहराव शुरू होने जा रहा है। इसकी सूचना के बाद से रेल आंदोलनकारियों, रेल यात्रियों एवं कतरास कोयलांचलवासियों में खुशी का माहौल है। ट्रेन ठहराव को लेकर रेल अधिकारियों से वार्ता व लगातार पत्राचार करने वाले टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो का कतरासगढ स्टेशन पर रेल आंदोलनकारियों ने भव्य स्वागत किया गया। इससे पूर्व कतरास थाना चौक पर स्वागत कर स्टेशन लाया गया, जहां पर भी पुष्प गुच्छ व माला पहनाकर अभिनंदन किया गया। कतरास स्टेशन पर पहुंचे टुंडी विधायक मथुरा महतो ने कहा कि कतरास कोयलांचल की जनता की परेशानियों को देखते हुए हम कोरोना के बाद से बंद ट्रेन को चालू कराने, व ट्रेनों के ठहराव को लेकर लगातार रेल अधिकारियों से वार्ता करते रहे। साथ ही पत्राचार करते रहे। अंततः रेल विभाग ने जनता की मांग पर धनबाद रांची इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव कतरासगढ स्टेशन कल से शुरू कर रही है। इसके लिए रेल व यहाँ की जनता बधाई के पात्र हैं। रेल आंदोलनकारी पूर्व बियाडाध्यक्ष विजय झा सहित ने कतरासगढ स्टेशन पर रेल आंदोलनकारियों के साथ अभिनंदन करते हुए कहा कि टुंडी विधायक मथुरा महतो इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन सहित अन्य मांगों के लिए आंदोलित रहे। इसके लिए कतरास कोयलांचल की जनता श्री महतो को आभार व्यक्त करती है। यह अहिंसात्मक आंदोलन का जीत है।



### मौके पर थे मौजूद

मौके पर रेल आंदोलनकारी सह पूर्व बियाडाध्यक्ष विजय झा, राजेंद्र प्रसाद राजा, निमाई मुखर्जी, चुन्ना यादव, अशोक लाल, विनय पासवान, ओमियो चक्रवर्ती, सचिदा यादव, परवेज इकबाल, प्रिंस, शौकत खान, कंचन महतो, उमेश ऋषि, छेदी कुमार, विक्की मालाकार, राजीव रंजन मिश्र, मो. राजा आदि मौजूद थे।

## सेल चासनाला कोलियरी के डीप माइन वर्कशॉप में लाखों की चोरी

खबर मन्त्र संवाददाता

**चासनाला।** सेल चासनाला कोलियरी के डीप माइन खदान के वर्कशॉप में चोरों ने धावा बोलकर लाखों की पित्तल सहित अन्य संपत्ति उड़ा ले गए सुबह जब फोरमैन इंचार्ज साधन ओझा ड्यूटी पर आए तो पता चला कि सभी अलमीरा के ताले टूटे हुए हैं उन्होंने इसकी सूचना अपने वरीय अधिकारी कोलियरी प्रबंधक दीपक कुमार ,सुमन मिश्रा ,एजेंट संजय सिन्हा को दिया घटना की खबर पाकर कोलियरी प्रबंधक दीपक कुमार ,सुमन मिश्रा पहुंचे और मामले की जानकारी ली और सुरक्षा विभाग को सूचना दिया बताते चलें कि इन दिनों सेल के चासनाला कोलियरी और तसरा ओपन प्रोजेक्ट में चोरों का मनोबल बढ़ा हुआ है बताते चले की सुरक्षा विभाग में मात्र अभी 95 से 100 की संख्या में होमगार्ड तैनात हैं डीप माइन खदान कैंपस और वर्कशॉप में कोई भी सुरक्षाकर्मी मौजूद नहीं था इन होमगार्ड के जवानों में मात्र 17आर्म्ड गार्ड है बाद बाकी लाठी पार्टी है होमगार्ड की कमी से कोलियरी में हो रही है लूट ,चोरी चरम इसे रोकने में सेल के सुरक्षा विभाग के अधिकारी एम मांझी आदित्य सिंह ,अजय सिंह ,रामाशीष गोप, बबलू सिंह सहित अन्य सुरक्षाकर्मी बेबस दिख रहे हैं इस मामले में पाथरडीह थाना प्रभारी अभय कुमार से पूछने पर उन्होंने बताया कि सेल प्रबंधन द्वारा अभी तक कोई शिकायत नहीं दी गई है वहीं इस मामले में जब सेल के सुरक्षा विभाग के अधिकारियों से पूछा गया तो वह टालमटोल कर रहे थे एक दूसरे अधिकारी पर आरोप-प्रत्यारोप लगा रहे थे।

## सतर्कता जागरूकता सप्ताह संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** भ्रष्टाचार मुक्त भारत.विकसित भारत की थीम पर बीएसएल में मनाये गए सतर्कता जागरूकता सप्ताह का समापन समारोह एचआरडी सेंटर के मुख्य प्रेक्षागृह में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बीएसएल के कार्यकारी निदेशक प्रभारी सह ईडी ;वर्क्सद्ध बी के तिवारीए ईडी;एफ एंड एद्धएस रंगानीए ईडी ;प्रोजेक्टद्ध चितरंजन महापात्राए सीजीएम इंचार्ज; टीएएसण्ढ्बी एस पोपली सीजीएम एमएम अनिल कुमारए सीएमओ इंचार्ज;चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएंद्ध डॉ बी बी करुणामयए सीजीएम ;सतर्कताद्ध तथा एसीवीओ अरुण कुमारए विभिन्न विभागों के सीजीएमएएचओडीए अन्य वरीय अधिकारी एवं पुरस्कार विजेता उपस्थित थे। कार्यक्रम में अतिथियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं व विद्यालयों के प्राचार्यों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन सुष्मिता कुमारी एवं प्रेरणा कुमारी ने एवं धन्यवाद ज्ञापन किया।

## इंडियन ऑयल 2046 तक शुद्ध शून्य परिचालन उत्सर्जन प्राप्त करेगा: विभाष

खबर मन्त्र संवाददाता



**धनबाद।** इंडियन आयल के कार्यकारी निदेशक और राज्य प्रमुख बिहार और झारखंड विभाष कुमार ने प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए बताया कि डीकार्बोनाइजेन योजनाओं के माध्यम से वर्ष 2046 तक शुद्ध परिचालन उत्सर्जन प्राप्त करने के इंडियन आयल के संकल्प को साझा किया। जिसमें स्कोप 1 और 2 दोनों उत्सर्जन शामिल है। इंडियन ऑयल की राष्ट्रीय ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने और एक जिम्मेदार वैश्विक नागरिक के रूप में दोहरी भूमिका है अपनी भूमिका को पूरा करने की और एक हरित भविष्य की ओर बढ़ाना शुरू करना है। यह संगठन पहले से ही कई उत्सर्जन समन मार्गों पर काम कर रहा है जैसे कि ग्रीन हाइड्रोजन जैव इंधन नवीकरणीय पारिस्थितिक तंत्र बहाली के माध्यम से कार्बन आप सेटिंग और कार्बन कैप्चर यूटिलाइजेशन एंड स्टोरेज शामिल है। राज्य में व्यवसायिक गतिविधियों के अलावा इंडियन आयल अपनी कारपोरेट सामाजिक दायित्व के तहत झारखंड के एमडीएम स्कूलों में एलपीजी गैस के प्रावधान सहित झारखंड के जिलों में विभिन्न गतिविधियों को अंजाम दे रहा है। हाल ही में धनबाद जमशेदपुर और रांची जेल के कैदियों को चुनिंदा खेलों में कोचिंग प्रदान की गई। जिसमें जेल के कैदियों को बेहतर जीवन बनाने उनकी प्रतिभागिता आत्मसम्मान और आत्मविश्वास को बढ़ाने में मदद करने की पहल की गई।

## बोकारो: शिक्षा के प्रदूषित माहौल पर चर्चा

### अभिभावक महासंघ की बैठक में विमर्श

खबर मन्त्र संवाददाता



**बोकारो।** झारखंड अभिभावक महासंघ के जिला अध्यक्ष नीरज पटेल व संरक्षक राकेश मधु ने उपाध्यक्ष शंभू प्रसादए महासचिव अजीत ठाकुरए सचिव सुनील कुमार एवं नवीन कुमारएनीरज सिंह आदि के मौजूदगी में सेक्टर 4 ई स्थित कार्यालय में आयोजित बैठक में कहा कि बीते दिनों जीजीपीएस सेक्टर. 5 में कक्षा एक की छात्रा के साथ उसी स्कूल के संगीत शिक्षक द्वारा छेड़खानी को लेकर बोकारो के अभिभावकों में सख्त नाराजगी है। स्कूल प्रति वर्ष इंफ्रास्ट्रक्चर एवं सुरक्षा के नाम पर अभिभावकों से मोटी रकम ऐंठता है उसके बाद भी बच्चे बच्चियां सुरक्षित नहीं है।झारखंड अभिभावक महासंघ इसकी घोर निंदा करते हुए उस कृतघ्न शिक्षक को स्कूल मैनेजमेंट द्वारा सख्त सजा देने एवं समाज से बाहर करने की मांग करता है ।एस एस कॉलेज में प्राचार्य और व्याख्याता के बीच हुए गाली गलौज व हाथापाई की घोर निंदा करते हुए सम्बद्ध प्रबंधन से विधिसम्मत कार्यवाई करने की मांग करता है ताकि शिक्षा के माहौल में अस्वस्थ प्रदूषण को रोका जा सके।

## कथारा में पूर्व मंत्री ने किया श्री लक्ष्मी नारायण वस्त्रालय का उद्घाटन

**बेरमो/कथारा।** कथारा बेरमो अनुमंडल के कथारा आईबीएम कॉलनी स्थित यादव मार्केट मे सोमवार को झारखंड के पूर्व मंत्री माधव लाल सिंह ने फिता काट कर श्री लक्ष्मीनारायण वस्त्रालय का उद्घाटन किया। इस मौके पर दुकान के मालिक के अलावे क्षेत्र के कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। मौके पर मौजूद पूर्व मंत्री सिंह ने कहा कि किसी भी व्यापार का मुल मंत्र है इमानदारी और ग्राहकों का विश्वास जीतनाए जिसने इन दोनो मंत्र का जाप कर लिए उसका बिजनेस कभी फेल हो ही नहीं सकता। मौके पर जनप्रतिनिधि ने दुकान दिन दुगनी तरक्की करे और व्यापार फले फुले इसकी कामना की। जबकि दुकान के उद्घाटन के बाद ही यहां ग्रहकों की खासी भीड़ भी देखने को को मिली जबकि प्रतिष्ठान के मालिक मौके पर मौजूद मेहमानों का स्वागत करते नजर आये। शायद यह वस्त्रालय क्षेत्र का सबसे बड़ा और वस्त्रालय संग्रह साबित होगा। मौके पर ईश्वरी गोपए नरेश यादव, मुखिया प्रतिनिधि बबलू यादव, पंचायत समिति सदस्य चंद्रदेव यादव, उप मुखिया धनंजय गोप, कारू यादव, लाल यादव, चंद्रशेखर यादव, वासुदेव यादव, अजय यादव, अर्जुन यादव, आकाश, जमील अंसारी, गोपाल यादव, चंदन सिंह मौजूद थे।

## गाय देश की अर्थव्यवस्था का मेरूदंड है: स्वामी शरण

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेरमो/फुसरो।** कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर अंगवाली स्थित श्री राधे श्याम गौशाला में मंगलवार को हनुमान चालीसा का पाठ किया गयाए यहां चित्रकूट धाम से आए राष्ट्र बचाओ आंदोलन के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी सीताराम शरण जी महाराज के द्वारा 7 बार हनुमान चालीसा का पाठ किया गयाए साथ ही यहां उपस्थित महिलाएं. पुरूष और बच्चों को हनुमान पाठ का महत्व बताया गयाए इस दौरान स्वामी सीताराम शरण जी महाराज ने कहा कि गोवंश की सेवा करना हर सनातन धर्म के लोगों का परम कर्तव्य हैए कहा की गौशाला को यहां सीसीएल प्रबंधन खाली करने का नोटिस दिया है जो कहीं भी अनुचित नहीं हैए कहा कि सीसीएल प्रबंधन बार.बार यहां के समाजसेवी डॉ उषा सिंह को नोटिस पर नोटिस भेज कर परेशान कर रहा हैए सीसीएल प्रबंधन के पास बहुत जमीन हैए गोशाला जहाँ बना है उस जमीन को छोडकर कही भी कुछ बनायेए किसी को कोई आपति नही होगीए अगर इसी स्थान में कुछ बनाना है तो गौसाला को इससे बेहतर निर्माण कराकर देए जब हमारे देश में गौमाता ही नहीं बचेगीए तो हम भी नही बचेंगेए कहा कि गाय पूरे भारत वर्ष की अर्थव्यवस्था का मेरूदंड है।

### मौके पर थे मौजूद

मौके पर हिंदु कल्याण मंच के विश्वजीत पालए गोलु भारतीए दिपक सिंहए अक्षित दुबेए प्रिंस कुमारए राहुल कुमारए रोहित कुमारए रुप लालए रोहित कुमार मुंडाए निखिल कुमारए नीरज कुमारए गौसाला समिति के सचिव गोरीनाथ कपरदारए लक्ष्मण मिश्राए सुशील अग्रवालए जवाहर साव आदि सहित सैकडो ग्रामीण मौजूद थे।

## एक नजर में

### साइकिल से भ्रमण कर जागरूकता का दे रहे संदेश

**बोकारो/कसमार।** झारखंडी संस्कृति के प्रति झारखंडियों को जागरूक करने के लिए साइकिल से ही राज्य भ्रमण पर निकले धनबाद के साधुबाइद गांव निवासी विकास कुमार महतो कसमार के मंजूरा स्थित बिनोद बिहारी चौक सपाहीटांड़ पहुंचें जहां ग्रामीणों ने भव्य स्वागत किया। इससे पहले कसमार प्रखण्ड के कसमार बाजार टांड़ चौक में भी ग्रामीणों ने भव्य स्वागत किया। इससे पहले विकास महतो पूरे भारत का भ्रमण 28 अप्रैल से 21 सितंबर तक लगभग तेरह हजार किलो मीटर तक साइकिल से ही सफर तय कर चुके हैं। वहीं दूसरे चरण में एक नवंबर से झारखंड के सभी क्षेत्रों का दौरा शुरू कर चुके हैं। इस दौरान मुख्य रूप से भाषा एवम् खतियान आंदोलनकारी मिथिलेश कुमार महतोए सिंहपुर पंचायत समिति सदस्य बिनोद रसलीनए सहदेव झारखंडीए अजय महतोए संजय महतोए राजू महतोए गणेश महतोए संतोष महतो नीलकमल महतोए दिलीप महतोए सरयू महतो समेत कई लोग मौजूद रहें।

### हनुमान मंदिर प्रांगण में विहिप, बजरंग दल की बैठक

**कतरास।** रानिबजार स्तिथ हनुमान मंदिर प्रांगण में दिन मंगलवार को विश्व हिंदू परिषद ,बजरंग दल की बैठक कतरास प्रखंड मंत्री अनूप रॉय की अध्यक्षा में किया गया। मुख रूप से उपस्तिथ बजरंग दल पूर्व विभाग संयोजक विकास बजरंगी ने कहाँ कतरास प्रखंड के अन्तर्गत एक एक गांव ओर हर मोहल्ला से अधिक से अधिक हितचिन्तक बनाया जाएगा। बैठक में सभी ने संकल्प लिया की हर घर जाकर हिंदू समाज को विश्व हिंदू परिषद का हितचिंतक बनाया जायेगा व संगठन से जोड़ा जायेगा। बैठक में मुख्तरूप से उपस्तिथ धनबाद महानगर बिहिप सह मंत्री रंजित रवानी, बजरंग दल ज़िला सह संयोजक तापस दे ,प्रखंड सुरक्षा प्रमुख मनीष सिंह,मोनोज केशरी,असित गुप्ता,राजकुमार जी सहित आदि मौजूद थे।

## पेज एक का शेष

### आदिवासी सीएम से ...

लुगुबुरु घंटाबाड़ी धोरोमगाढ़, ललपनिया, बोकारो में लुगु बाबा की सपरिवार पूजा अर्चना के बाद सीएम ने कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर यहां आयोजित अंतरराष्ट्रीय संताल सरना धर्म महासम्मेलन में बोल रहे थे। सीएम ने कहा कि यहां सौंदर्यीकरण के साथ पहाड़ तक जाने के लिए सड़क, लाइब्रेरी, शौचालय समेत अन्य सुविधाएं मुहैया कराई जायेगी ।यहां स्थापित भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। सीएम ने कहा कि आदिवासी बाहुल्य गांव में जनजातीय परंपराओं को बनाये रखने के लिए भवन बनाने की योजना सरकार बना रही है। यहां मानकी, मुंडा, परगनैत, मांझी शासन व्यवस्था का संचालन बेहतर तरीके से हो सकेगा। उन्होंने कहा कि आदिवासी समुदाय के सभी पूजा स्थलों- सरना स्थलों की घेराबंदी की जायेगी। कोरोना के कारण कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर लुगु बाबा के दरबार में पूजा अर्चना करने के लिये श्रद्धालु नहीं आ सके थे। इस बार लुगू बाबा के दर्शन और आराधना के साथ अंतरराष्ट्रीय संताल सरना महासम्मेलन में देश-विदेश से लाखों की संख्या में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़ यह बताने के लिए काफी है कि उनमे लुगू बाबा के प्रति कितनी आस्था है। इस अवसर पर मंत्री चम्पाई सोरेन, पूर्व विधायक जोगेंद्र प्रसाद महतो, ज़िला परिषद अध्यक्षा सुनीता देवी और लुगूबुरु घंटाबाड़ी धोरोगाढ़ आयोजन समिति के अध्यक्ष बबुली सोरेन समेत हजारों की संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

**1932 का खतियान व सरना कोड का प्रस्ताव :** सीएम ने कहा, हमारी सरकार ने सरना कोड का प्रस्ताव पारित कर केंद्र के पास भेज दिया है। भारत का पहला राज्य झारखंड है, जिसने सरना कोड का प्रस्ताव पारित कर केंद्र को भेजा है। सीएम ने कहा कि उन्होंने 1932 का खतियान लाया है, इसको बचाना होगा। 20 साल डबल इंजन की सरकार रही है, लेकिन आदिवासियों के लिए सरना कोड नहीं लाया। हमारी सरकार में आज सरकार व अधिकारी गांव तक जा रहे है। विकास के काम लगातार हो रहे है।

### फर्स्ट या थर्ड ...

उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास रहेगा कि विश्व में कोई भी फर्स्ट वर्ल्ड या थर्ड वर्ल्ड न हो, बल्कि केवल वन वर्ल्ड हो। जी-20 को मजबूत करने का अभियान शुरू किया है और अब यह हमारा मंत्र है।

**भारत के लिए यह बड़ा अवसर :** पीएम ने अपने संबोधन में कहा कि एक दिसंबर से भारत जी-20 की अध्यक्षता करेगा। भारत के लिए यह एक ऐतिहासिक अवसर है इसलिए आज इस समिट की वेबसाइट, थीम और लोगो को लांच किया गया है। उन्होंने कहा कि इस अवसर पर मैं सभी देशवासियों को बहुत-बहुत बधाई देता हूं। जी-20 ऐसे देशों का समूह है, जिनका आर्थिक सामर्थ्य, विश्व की 85% जीडीपी का प्रतिनिधित्व करता है। जी-20 उन 20 देशों का समूह है, जो विश्व के 75% व्यापार का प्रतिनिधित्व करता है और भारत अब इस जी-20 समूह का नेतृत्व करने जा रहा है। आजादी के इस अमृतकाल में देश के सामने ये कितना बड़ा अवसर आया है। ये हर भारतवासी के लिए गर्व की बात है, गौरव बढ़ाने वाली बात है।

**लोगो और थीम से दुनिया को दिया संदेश :** पीएम ने कहा कि इस लोगो और थीम के जरिए हमने दुनिया को एक संदेश दिया है। युद्ध के लिए बुद्ध ने जो संदेश दिया था और हिंसा के प्रतिरोध में महात्मा गांधी के जो समाधान हैं, जी-20 के जरिए भारत उनकी वैश्विक प्रतिष्ठा को नई ऊर्जा दे रहा है। पीएम मोदी ने कहा कि आज जो लोगो का लांच हुआ है, उसके निर्माण में भी देशवासियों की बहुत बड़ी भूमिका रही है। उन्होंने बताया कि हमने लोगो के लिए देशवासियों से उनके बहुमूल्य सुझाव मांगे थे। आज वो सुझाव इतने बड़े वैश्विक आयोजन का चेहरा बन रहे हैं। पीएम मोदी ने कहा कि आज विश्व इलाज की जगह आरोग्य की तलाश कर रहा है। भारत के आयुर्वेद, योग को लेकर दुनियाभर में एक नया उत्साह और भरोसा है। उसके विस्तार के लिए हम एक वैश्विक व्यवस्था बना सकते हैं। भारत विश्व का इतना समृद्ध और सजीव लोकतंत्र है। इसके साथ ही हमारे पास लोकतंत्र के संस्कार भी हैं, और मदर ऑफ डेमोक्रेसी के रूप में गौरवशाली परंपरा भी है।

### झारखंड में 100...

इसके अलावा 2 करोड़ से ज्यादा अघोषित कैश जब्त किया गया है। साथ ही 16 बैंक लॉकर को भी कब्जे में लिया गया है। छापेमारी कोल ट्रेडिंग/ट्रांसपोर्टेशन, सिविल कांट्रैक्ट, लौह अयस्क खनन, स्पंज आयरन के उत्पादन में हिसाब-किताब की हेराफेरी से जुड़ी थी। शुरूआती जांच में टैक्स चोरी के कई साक्ष्य हाथ लगे हैं। इनकम टैक्स विभाग के मुताबिक अचल संपत्ति में निवेश के दस्तावेज मिले हैं। ठेकेदारी से जुड़े कार्य के अकाउंट में भी झोलझाल मिला है। ठेकेदारी लेने के लिए अवैध तरीके से पैसे देने से जुड़े कागजात भी मिले हैं। इसके अलावा भारी मात्रा लौह अयस्क का स्टॉक मिला है जिसका कोई हिसाब-किताब नहीं है। इस कारोबार में शेल कंपनियों का भी इस्तेमाल किया गया है।

इनकम टैक्स विभाग के मुताबिक संबंधित ग्रुप के अधिकारियों ने स्वीकार किया है कि जरूरी कागजात देखे बगैर ऑडिट रिपोर्ट पर हस्ताक्षर किया है। फिलहाल जब्त दस्तावेजों की जांच चल रही है। आपको बता दें कि झारखंड में पिछले कई माह से ईडी की कार्रवाई चल रही है। इसी बीच 4 नवंबर को इनकम टैक्स की छापेमारी से खलबली मच गई थी। रेड के दौरान विधायक अनुप सिंह और प्रदीप यादव ने बयान दिया था कि भाजपा की बात नहीं सुनने पर इस तरह की कार्रवाई की जा रही है। जिन अघोषित संपत्तियों व निवेश का पता चला है, ये संपत्ति कोयला, परिवहन, लौह अयस्क, स्पंज आयरन आदि उद्योगों से जुड़े व्यवसायिक समूहों व दो कांग्रेसी विधायकों से जुड़े हुए बताते यगये हैं।

# साल का अंतिम चंद्रग्रहण : देश समेत दुनिया में दिखा अद्भुत नजारा


लंदन


बिहार


न्यूयॉर्क


मलेशिया

## स्पीड न्यूज

### आतंकी या भ्रष्ट हूं तो गिरफ्तार करो : केजरीवाल



**नयी दिल्ली।** अरविंद केजरीवाल ने भाजपा पर आरोप लगाया है कि उन्हें फंसाने की साजिश की जा रही है। मंगलवार को केजरीवाल ने ट्वीट कर लिखा-पंजाब के पहले पीएम बोले- केजरीवाल आतंकवादी है। गृह मंत्रालय ने जांच बैठा दी। क्या हुआ उसका? अब गुजरात और दिल्ली में एमसीडी चुनाव के पहले कह रहे हैं केजरीवाल भ्रष्ट है। अरे, केजरीवाल आतंकवादी या भ्रष्ट है तो गिरफ्तार करो ना? केजरीवाल ना आतंकवादी है ना भ्रष्ट। केजरीवाल जनता का लाडला है। इससे भाजपा को तकलीफ है।

### कुलदीप बने कांग्रेस के नये राष्ट्रीय प्रवक्ता

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं हिमाचल प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष कुलदीप कुमार को राष्ट्रीय प्रवक्ता नियुक्त किया है।

### गुजरात : वंदे भारत ट्रेन से कटकर महिला की मौत

**सूरत।** गुजरात में आणंद रेलवे स्टेशन के पास मंगलवार को मुंबई जा रही सेमी हाई-स्पीड वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन की चपेट में आने से 54 साल की एक महिला की मौत हो गई। मृतका की पहचान बीट्राइस पीटर के रूप में हुई है।

### बाराबंकी : नदी में पलटी नाव, तीन की मौत

**बाराबंकी।** बाराबंकी जिले में मोहम्मदपुर खाला थाना क्षेत्र में मंगलवार को सुमली नदी में नाव पलटने से दो बच्चों समेत तीन की डूबने से मौत हो गई।

## रूसी विदेश मंत्री से मिलकर बोले जयशंकर

# बातचीत के रास्ते पर लौटें दोनों देश

एजेंसी

**मॉस्को।** यूक्रेन युद्ध के बाद पहली बार रूस की यात्रा पर गए भारतीय विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि यूक्रेन संघर्ष भारत के लिए एक बड़ा मुद्दा बना हुआ है। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि इस संघर्ष के बीच भारत और रूस की सरकारों के बीच एक मजबूत संपर्क बना हुआ है। जयशंकर ने रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव के साथ बैठक से पहले कहा, 'विभिन्न स्तरों पर हमारी सरकारों के मध्य मजबूत और सतत संपर्क हैं।' जयशंकर ने यूक्रेन-रूस युद्ध पर कहा 'भारत दृढ़ता से इस बात को दोहराता है कि दोनों देशों को बातचीत के रास्ते पर लौटना चाहिए।' मॉस्को में लावरोव से मिलने के बाद जयशंकर ने इशारों-इशारों में कहा कि इस बैठक के अलग मायने नहीं निकाले जाने चाहिए। जयशंकर ने लावरोव के साथ बैठक में कहा, 'हमारी बैठक हमारे संबंधों का आकलन करने और वैश्विक परिस्थितियों पर एक दूसरे के नजरिए को समझने के लिए है। जयशंकर ने कहा, 'जहां तक द्विपक्षीय संबंधों की बात है, हमारा उद्देश्य एक समकालीन, संतुलित, परस्पर लाभकारी और दीर्घकालिक साझेदारी के निर्माण का है।' जयशंकर ने कहा, 'आतंकवाद और जलवायु परिवर्तन के हमेशा बने रहने वाले मुद्दे भी हैं जिनका प्रगति तथा समृद्धि पर नकारात्मक असर होता है।' जयशंकर ने कहा, 'भारत, रूस तेजी से बहुध्रुवीय और पुनः संतुलित होती दुनिया में एक दूसरे के साथ साझेदारी कर रहे हैं। हम दो ऐसी सरकारें हैं जिनके बीच अत्यंत स्थायी और समय की कसौटी पर खरे संबंध रहे हैं।'



### दूसरे चरण के सेमी क्रायो इंजन का हुआ सफल परीक्षण

**चेन्नई।** भारतीय अंतरिक्ष स्टार्टअप अग्निकुल कॉसमॉस ने मंगलवार को दूसरे चरण के सेमी क्रायो इंजन--अग्निलेट के एक संस्करण का सफलतापूर्वक परीक्षण किया। अंतरिक्ष एजेंसी ने कहा कि यह परीक्षण तिरुवनंतपुरम स्थित प्रक्षेपण वाहनों के विकास के लिए इसरो के प्रमुख केंद्र विक्रम साराभाई अंतरिक्ष केंद्र (वीएसएससी) में आयोजित किया गया था। इसरो ने कहा कि इसने एक भारतीय अंतरिक्ष स्टार्ट-अप द्वारा विकसित रॉकेट इंजन के गर्म परीक्षण की सुविधा प्रदान की।

### कांग्रेस के ट्विटर अकाउंट ब्लॉक करने के आदेश पर रोक

**बेंगलुरु।** कर्नाटक हाईकोर्ट ने कांग्रेस को राहत देते हुए उनके ट्विटर अकाउंट को ब्लॉक करने के आदेश पर रोक लगा दी है। लेकिन इसके लिए शर्त ये है कि कांग्रेस को प्रतिवादी के कॉपीराइट का उल्लंघन करने वाले पोस्ट के स्क्रीनशॉट उपलब्ध कराने होंगे। साथ ही ऐसे तमाम पोस्ट हटाने होंगे। इससे पहले लोअर कोर्ट ने कांग्रेस के ट्विटर हैंडल को ब्लॉक करने का आदेश दिया था।

## मेडिकल कॉलेज फीस मामले पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा, शिक्षा लाभ कमाने का व्यवसाय नहीं

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** शिक्षा लाभ कमाने का व्यवसाय नहीं है और ट्यूशन फीस हमेशा कम होनी चाहिए, सुप्रीम कोर्ट ने आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय के आदेश को बरकरार रखते हुए ये बात कही। राज्य सरकार ने मेडिकल कॉलेजों में ट्यूशन फीस को 24 लाख रुपये प्रति वर्ष बढ़ा दिया था, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने फैसले पर रोक लगा दी। न्यायमूर्ति एम आर शाह और सुधांशु की पीठ ने याचिकाकर्ता नारायण मेडिकल कॉलेज और आंध्र प्रदेश पर 5 लाख रुपये का जुर्माना लगाते हुए

### याचिकाकर्ताओं पर ठोका पांच लाख रुपये जुर्माना



इसे छह सप्ताह की अवधि के भीतर अदालत की रजिस्ट्री में जमा करने का आदेश सुनाया। पीठ ने कहा कि फीस को बढ़ाकर 24 लाख रुपये प्रति वर्ष करना, यानी पहले तय की गई फीस से सात गुना अधिक करना बिल्कुल भी उचित नहीं है।

### कॉलेज और राज्य सरकार की याचिका खारिज

कोर्ट ने आंध्र प्रदेश हाइकोर्ट के आदेश के खिलाफ कॉलेज द्वारा दायर एक याचिका को खारिज करते हुए यह टिप्पणी की, जिसमें एमबीबीएस छात्रों की ट्यूशन फीस बढ़ाने के सरकार के फैसले को खारिज कर दिया गया था। कोर्ट ने माना था कि आंध्र प्रदेश प्रवेश और शुल्क नियामक समिति नियम, 2006 के प्रावधानों पर विचार करते हुए समिति की सिफारिशों/रिपोर्ट के बिना शुल्क को बढ़ाया/निर्धारित नहीं किया जा सकता है।

शिक्षा लाभ कमाने का व्यवसाय नहीं है। ट्यूशन फीस हमेशा सस्ती होनी चाहिए।

## मेडिकल की पढ़ाई में आतंक पीड़ितों को मिलेगा आरक्षण

एजेंसी

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद से पीड़ित परिवारों को राहत देते हुए गृह मंत्रालय ने बड़ा फैसला लिया है। अब केंद्र शासित प्रदेश के सरकारी कॉलेजों में एमबीबीएस और बीडीएस जैसे मेडिकल कोर्सेज में एडमिशन के लिए आतंकवाद से पीड़ित परिवारों के बच्चों को आरक्षण दिया जाएगा। यह फैसला फिलहाल अकादमिक

### केंद्र ने रिजर्व कीं सीटें

वर्ष 2022-23 के लिए लागू रहेगा। यह आगे भी लागू रहेगा या नहीं, इस पर भविष्य में फैसला लिया जाएगा। फैसले के मुताबिक आतंक से पीड़ित लोगों के पति अथवा पत्नियों या फिर बच्चों को आरक्षण दिया जाएगा। मंत्रालय की ओर से जारी किए गए नोटिफिकेशन को एलजी मनोज सिन्हा की अध्यक्षता वाली सरकार ने भी मंजूरी दे दी है।

### कार्तिक पूर्णिमा के पर्व पर लाखों श्रद्धालुओं ने किया गंगा स्नान

**हरिद्वार।** कार्तिक पूर्णिमा स्नान के उपलक्ष्य में मंगलवार को लाखों श्रद्धालुओं ने हर की पौड़ी सहित विभिन्न घाटों पर स्नान किया और दान आदि भी किया। देशभर के विभिन्न प्रांतों से आए श्रद्धालुओं ने आज सुबह हर की पौड़ी सहित विभिन्न घाटों पर स्नान करना प्रारंभ कर दिया था। प्रशासन एवं पुलिस ने भी स्नान को देखते हुए चाक-चौबंद व्यवस्थाएं की थी।

## लाल कृष्ण आडवाणी के जन्मदिन पर बधाई देने उनके घर पहुंचे मोदी



**नयी दिल्ली।** भाजपा के वरिष्ठ नेता लाल कृष्ण आडवाणी मंगलवार को 95 साल के हो गए हैं। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उन्हें जन्मदिन की बधाई देने उनके आवास पर पहुंचे। इसके अलावा रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी उनके आवास पर पहुंचकर उन्हें बधाई दी है। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि प्रधानमंत्री मोदी काफी उत्साह से भाजपा के वरिष्ठ नेता आडवाणी को बधाई देते नजर आ रहे हैं। मोदी ने इस दौरान उन्हें गुलदस्ता भी भेंट किया।

## नीतीश ने इडब्ल्यूएस पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत किया

खबर मन्त्र संवाददाता

**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इडब्ल्यूएस कोटा पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत किया है। साथ ही कहा कि आरक्षण की सीमा 50 फीसदी से अधिक बढ़ाई जाए। नीतीश ने कहा कि हम जाति आधारित जनगणना की मांग करते हैं। हमने पहले ही राज्य में जाति आधारित जनगणना शुरू कर दी है। इससे लोगों के आर्थिक स्थिति के बारे में पता चलेगा और इससे हम लोगों के लिए बेहतर योजनाएं बना सकेंगे।

**आरक्षण सीमा 50 फीसदी से बढ़ाई जाए :** मीडिया कर्मियों ने सीएम से इडब्ल्यूएस कोटा पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले को लेकर सवाल किया था। इस पर नीतीश ने कहा कि बिहार सरकार गरीबों की स्थिति में सुधार के लिए काम कर रही है। उन्होंने कहा कि हम लोग शुरू से ही ये बात कह रहे हैं। इसीलिए राज्य में जाति आधारित जनगणना कराई जा रही है। केंद्र सरकार से इसकी मांग की तो राज्य से अपने खर्च पर कराने को कहा गया, इसलिए हम करवा रहे हैं। नीतीश ने आरक्षण सीमा को बढ़ाने की वकालत की।

सीएम ने कहा कि आरक्षण का दायरा 50 फीसदी से आगे बढ़ाया जाए तो बहुत अच्छा होगा। इससे ज्यादा से ज्यादा जनता को कवर किया जाएगा।

## धर्म सम्मेलन में बोले भागवत किसी से डर के कर्म न करें धर्म का पालन मन से करें

**बक्सर।** अंतरराष्ट्रीय धर्म सम्मेलन में पहुंचे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक मोहन भागवत ने मंगलवार को कहा कि भगवान हर बार अवतार लेकर हमसबों की इच्छा पूरी करने आते हैं। इच्छाएं तो बहुत मन में आती हैं, लेकिन संतों ने बताया है होइए वही जो राम रचि राखा। इच्छाओं को पूर्ण करने के लिए हमें भी अपना कर्म करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सत्य को पाना है, तो कर्म करना होगा। जत्थेदार जी ने कहा कर्म के साथ जप भी करो, मन में राम को रखो। भागवत ने कहा कि धर्म समाज को जोड़ कर रखने वाला। सबको सुख की अनुभूति देने वाला है। उन्होंने कहा कि किसी से डर के कर्म नहीं करो। धर्म का पालन मन से होना चाहिए। उन्होंने कहा कि जप करने में मैं का आभास नहीं रहता। सर्वत्र का आभास होता है। जप के लिए हिमालय पर नहीं जाना है। मन को अयोध्या बनाओ।

## झारखंड की जानी-मानी गायिका है सुशीला देवी



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** गायिका और कलाकार सुशीला देवी का पहला एल्बम 'दुर्गा माई के मंदिर में होता पुजनवा' बना। इसके बाद दूसरा एल्बम नागपुरी जो सुशीला देवी का खुद का लिखा और गाया हुआ 'जाय रहो पानी भरे' और हाल में तीसरा एल्बम छठ मैया का गीत के रूप में 'कांचा ही बांस के बहंगिया', चौथा एल्बम 'गौ माता हो आई गई रावे दुअरिया' और पांचवा एल्बम 'बता दूं क्या लाना' बने। सुशीला के यूट्यूब चैनल का नाम है 'सिंगर सुशीला देवी'। सुशीला के अभिनय का शौक भी पूरा हुआ जब फिल्म 'देवा रिक्शावाला' में मां का किरदार निभाया। फिर एक और फिल्म 'गंगा' में काम किया जो जल्द ही रिलीज होने वाली है। इसमें शक्ति कपूर, हेमंत बिरजे, रणजीत जैसे बॉलीवुड के बहुत से कलाकार हैं और झारखंड के भी कलाकार है, जिसमें मुख्य रूप से रमन गुप्ता, बंटी सिंह, वर्षा लकड़ा, एंजेल लकड़ा आदि है। सुशीला देवी की बेटी ज्योति साहू आज झारखंड की जानी-मानी गायिका है।




## पाक और न्यूजीलैंड के बीच सेमीफाइनल की जंग आज

**सिडनी।** मेहनत से ज्यादा किस्मत की बदौलत टी-20 विश्वकप के सेमीफाइनल में पहुंची बाबर आजम के नेतृत्व वाली पाकिस्तान की टीम बुधवार को सिडनी क्रिकेट ग्राउंड में न्यूजीलैंड के खिलाफ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के इरादे से उतरेगी। दोनो टीमो के बीच पहला सेमीफाइनल मुकाबला नौ नवंबर को दोपहर 1.30 बजे से खेला जायेगा। आंकड़ो के लिहाज से पाकिस्तान का पलड़ा भारी दिखता है मगर विश्वकप में अब तक शानदार प्रदर्शन कर रही न्यूजीलैंड के खिलाफ उसकी राह कतई आसान नहीं होगी। दोनो टीमो के बीच अब तक खेले गये सभी टी-20 विश्वकप में यह सातवीं भिड़ंत होगी। टी-20 विश्वकप मुकाबलों में अब तक कीवी टीम के खिलाफ पाकिस्तान के सिर चार बार जीत का सेहरा बांधा है जबकि दो बार उसे हार का सामना करना पड़ा है।

**पहला सेमीफाइनल आज**
**समय : दोपहर 1.30 बजे**



**पाकिस्तान के खिलाफ गेंदबाजी ही रहेगी हमारा मुख्य हथियार : विलियम्सन**

न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियम्सन ने मंगलवार को कहा कि आस्ट्रेलिया में मौजूदा टी-20 विश्व कप में अब तक उनकी पूरी टीम खासकर गेंदबाजों की भूमिका अहम रही है और उम्मीद है कि पाकिस्तान के खिलाफ सेमीफाइनल में भी गेंदबाजों का उत्कृष्ट प्रदर्शन टीम की जीत का मार्ग प्रशस्त करेगा।

## अभ्यास के दौरान रोहित चोटिल



एडिलेड। इंग्लैंड के खिलाफ एडिलेड में टी-20 विश्वकप के सेमीफाइनल मैच खेलने की तैयारी कर रहे भारत के कप्तान रोहित शर्मा नेट प्रैक्टिस के दौरान चोट खा बैठे। क्रिकइंफो के अनुसार रोहित थ्रोडाउन विशेषज्ञ की गेंदो को खेल रहे थे कि इस बीच एक गेंद उनके हाथ पर लगी जिसके बाद वे दर्द से कराह उठे। टीम के फीजियो ने उनका हल्का उपचार किया जिसके बाद भारतीय कप्तान दोबारा अभ्यास के लिये नेट पर लौटे मगर एक गेंद खेलने के बाद उन्होने बल्ला किनारे कर लिया। वेबसाइट द्वारा जारी वीडियो में रोहित एक आइस बाक्स पर बैठ गये जहां चोटिल रोहित से मेंटल कंडीशनिंग कोच पैडी अप्टन ने बात की।

### गर्सिया ने जीता डब्ल्यूटीए फाइनल्स का एकल खिताब

**फोर्ट वर्थ। फ्रांस की कैरोलिन गर्सिया ने आर्या सबलेंका को 7-6 (4), 6-4 से हराकर डब्ल्यूटीए फाइनल चैंपियनशिप का एकल खिताब जीत लिया है। 29 वर्षीय गर्सिया ने इस साल खेले गए सभी फाइनल जीते हैं। सबलेंका के खिलाफ हालांकि पहले सेट में उन्हे कड़ा संघर्ष करना पड़ा मगर दूसरा सेट उन्होने आसानी से अपने नाम कर लिया। मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में गर्सिया ने कहा कि यह निश्चित रूप से बहुत बड़ी खुशी है। पूरे साल हमने जो काम किया, उस पर वास्तव में गर्व है। यह एक शानदार मैच था। मैं अपना सबसे बड़ा खिताब जीतकर वास्तव में खुश हूं।**

### बीडब्लूएफ रैंकिंग: लक्ष्य करियर की सर्वश्रेष्ठ छठी पायदान पर

**कुआलालंपुर।** भारतीय स्टार शटलर लक्ष्य सेन बीडब्ल्यूएफ द्वारा जारी ताजा विश्व रैंकिंग में दो स्थान की छलांग के साथ पुरुष एकल वर्ग में छठी पायदान पर पहुंच गये हैं जो उनके करियर में अब तक का सर्वश्रेष्ठ है। जनवरी में इंडिया ओपन बीडब्ल्यूएफ सुपर 500 टूर्नामेंट और मार्च में ऑल इंग्लैंड ओपन सुपर 1000 टूर्नामेंट में रजत पदक जीतने के बाद सेन ने इस साल की शुरुआत में शीर्ष 10 में अपनी जगह बनायी थी।

VERMA PRESS
वर्मा प्रेस प्रा0 लि0 राँची
Verma's® Today®
श्रृंखला की निम्न पुस्तकें सर्वत्र उपलब्ध हैं–
Based on JCERT

| Class - VIII | | Classes VI & VII | |
|---|---|---|---|
| Class VIII Today (Combined) | ₹ 250 | Class VII Today (Combined) | ₹ 240 |
| Class VIII Today (English Medium) | ₹ 280 | Class VI Today (Combined) | ₹ 240 |
| Mathematics Practical | ₹ 60 | Hindi Vyakaran-I | ₹ 60 |
| Science Practical | ₹ 60 | English Grammar-I | ₹ 60 |
| S. Science Practical | ₹ 60 | Sanskrit Vyakaran-I | ₹ 50 |
| Hindi Vyakaran-I | ₹ 60 | | |
| English Grammar-I | ₹ 60 | | |
| Sanskrit Vyakaran-I | ₹ 50 | | |

मिलते-जुलते नाम वाली नकली पुस्तकों से सावधान!